रांची
मंगलवार
13.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-221 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
अपने लफ्जों का इस्तेमाल हिफाजत से करिए यह आपके व्यवहार और परवरिश का बेहतरीन सबूत है..!



## न्यूज गैलरी

### टाटीसिलवे में अवैध बालू के साथ दो गिरफ्तार



नामकुम। टाटीसिलवे पुलिस ने सोमवार को अवैध से बालू से लदे 407 के साथ ट्रक के मालिक के साथ एक चालक को गिरफ्तार जेल भेजा गया है। पकड़े गये ट्रक के मालिक टाटीसिलवे के सिलवे रमेश साहू व चालक मूल रूप से झालदा तुलिन का रहने वाले नरोत्तम बड़ाईक शामिल है। थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र करमाली पुलिस को सूचना मिली थी अवैध तरीके से बुण्डू से अलग-अलग रास्ते के माध्यम से शहर में बालू का बिक्री किया करता था। जिसके बाद पुलिस छापेमारी कर इन्हें पकड़ा गया।

### सिंगपुर नर्सिंग होम को बेहतर सेवा के लिए मिला अवार्ड



मुरी। मुरी स्थित सिंगपुर नर्सिंग होम के निदेशक डॉ रमेनश प्रसाद को रांची रेडिसन ब्लू में झारखंड सोशल एक्सीलेंट अवार्ड दिया गया। यह अवार्ड समाचार प्लस 24*7 द्वारा दिया गया। यह अवार्ड झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं दीनबंधु महतो द्वारा दिया गया।यह अवार्ड डॉ रमेनश प्रसाद को सिल्ली मुरी के आसपास के क्षेत्र में स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए दिया गया। श्री प्रसाद द्वारा इस क्षेत्र में इस नर्सिंग होम से सैंकड़ों गरीब लोगों का कम पैसे में इलाज कर बेहतर सेवा प्रदान किया है। यह अवार्ड मिलने से सिल्ली मुरी के आसपास के लोगों में खुशी की लहर देखा गया।

### रातू संडे मार्किट से मोबाईल की छिनतई, पल्सर बाईक से अपरधि हुए फरार

रातू। रातू थाना क्षेत्र के संडे मार्किट से अपराधियों ने एक युवक की मोबाइल छीनकर फरार हो गये। घटना विगत रविवार की शाम की है। जानकारी के मुताबिक संडे मार्किट के रहने वाला महेश साव का मार्किट में चौमिन का दुकान चलाता है। शाम को करीब 7 बजे वह अपने मोबाइल से किसी से बात कर रहा था । तभी पल्सर बाइक में सवार दो अपराधियों ने उससे मोबाईल छिन्न झखराटांड़ की ओर फरार हो गये। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रातू काठी टांड में महिला के गले से सोने की चेन की छिनतई

रातू। थाना क्षेत्र के काठीटांड में भी पल्सर सवार दो अपराधियो ने चेन छिनतई की घटना को अंजाम देकर फरार हो गये। जानकारी के मुताबिक काठी टांड की रहने वाली महिला सोमवार की सुबह एन एच 75 में मोर्निंग मॉर्निंग वॉक में निकले एक महिला को अपराधियो ने अपना निशाना बनाते हुए गले मे पहने सोने का चेन छीन कर फरार हो गए। महिला काठीटांड के रहने वाले सुरेश चौधरी की पत्नी रेखा देवी है। भुक्तभोगी महिला द्वारा हो -हल्ला करने पर मॉर्निंग वॉक कर रहे अन्य लोग जमा हुए तथा शोरगुल मचाया। खुद को घीरता देखकर उचक्के अपनी पल्सर बाइक जेएच01डीयू-2609 को छोड़कर फरार हो गये। लोगों ने घटना की जानकारी रातू पुलिस को दी। थाना प्रभारी आभास कुमार घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन की । पुलिस मोटरसाइकिल को जब्त कर थाना ले आयी है।

### ट्रेन से कटकर एक अज्ञात व्यक्ति की हुई मौत,शव की शिनाख्त में जुटी पुलिस

बेड़ो। बेड़ो प्रखंड के नरकोपी थाना क्षेत्र स्थित चपाड़ी गांव स्थित पोल संख्या 458 के पास एक अज्ञात युवक का ट्रेन की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक व्यक्ति का शरीर कई टुकड़ों में विभक्त हो गया। इधर घटना की सूचना मिलने पर नरकोपी पुलिस व रेलवे कर्मी घटना स्थल पर पहुंचे। नरकोपी पुलिस ने मृतक के शव का कुछ हिस्सा बरामद किया है।

# मेट हर दिन मजदूरों की उपस्थिति करेगा दर्ज, संतुष्टी प्रमाण पत्र के बाद ही योजना की मानी जायेगी पूर्णता

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मनरेगा से व्यक्तिगत लाभ की उचित योजना का चयन तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ-साथ मनरेगा प्रावधानों के अनुसार एनएलआरएम के कलस्टर लेबल फेडरेशन, सीएलएफ को प्रोगाम इंप्लीमेंटिंग एजेंसी, पीआईए बनाया जायेगा. इसकी औपचारिक शुरूआत सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम प्रोजेक्ट भवन सभागार से करेंगे. इसके तहत चयनित होने वाले कलस्टर लेबल फेडरेशउन नर्सरी योजना में प्रोग्राम इम्पलीमेंटेशन पीआईए के रूप में कार्य करेंगे.



नर्सरी से संबंधित योजना को मनरेगा के वार्षिक कार्य योजना में शामिल किया जायेगा और इसकी जिम्मेवारी अब प्रखंड व जिला में जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक की होगी. साथ ही इस काम का संपादन मनरेगा के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर किया जायेगा. स्वयं सहायता समूह व ग्राम संगठन के माध्यम से नर्सरी योजना की सूची संकलित कर ग्राम सभा से पारित कराके जेएसलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया जायेगा. रोजगार दिवस में भाग लेने के लिए सीएलएफ अपने प्रतिनिधियों को पंचायतों में भेजेंगे. योजना क्रियान्वयन में पीआईए के रूप में काम करने वाले सीएलएफ को कई जिम्मेवारी मिलेगी. कार्य संचालन के कम से कम दो दिन पूर्व मस्टर रॉल की प्रति मेट तक पहुंचेगे एवं मेट प्रतिदिन मजदूरों की उपस्थिति दर्ज करेगा. मेट द्वारा नियमित दैनिक मेट मापी प्रपत्र भरा जायेगा. मेट का भी मस्टर रोल मजदूरों के मस्टर रोल के साथ निकाला जायेगा. मेट के पास तकनीकी प्राक्कलन की सरलीकृत प्रति होगी. योजना स्थल पर मजदूरों के लिए कार्य स्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराया जायेगा. सभी कार्य स्थल पर सिटिजन इनफॉरमेशन बोर्ड होना अनिवार्य होगा,जिसमें विभाग द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुरूप सूचनाएं होंगी. योजनाओं के भौतिक रूप से पूर्ण होने पर संबंधित गांव के ग्राम निगरानी समिति द्वारा भौतिक सत्यापन कराया जायेगा. संतुष्टी प्रमाण पत्र प्राप्त होने के बाद ही योजना के पूर्णता का प्रमाण पत्र जारी होगा. सारे कार्य के बाद योजना का पूर्ण चिंहित किया जायेगा. एमआईएस में अपलोड किया जायेगा. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की सारी जिम्मेवारी होगी.

## दो महीने से टुटकी जलापूर्ति योजना ठप, लोग परेशान



नवीन मेल संवाददाता

सिल्ली। पिछले 2 महीने से टुटकी जलापूर्ति योजना बंद है लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इससे पूर्व 3 महीना पहले 1 साल के बाद पानी लोगों को मिल रहा था। नदी में पानी का धार दूसरे छोर चले जाने से इंटेक वेल पर पानी नहीं पहुंच रहा था जिसके कारण पानी सप्लाई बंद था। विधायक सुदेश महतो के प्रयास के बाद उसे काफी दिनों के बाद ठीक किया गया। परंतु पिछले 2 माह से जलापूर्ति ठप है। इस योजना से लगभग पंद्रह सौ लोगों के घरों में पानी पहुंचता था। बरसात के दिनों में कुआं एवं चापाकल से गंदे पानी निकल रहा है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों को पीने के पानी में काफी दूर से लाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि विभाग से कई बार इसकी शिकायत की गई परंतु अब तक सुधार नहीं हो पाया है। विभाग के जेई जीत मोहन मुंडा से पूछे जाने पर ट्रांसफार्मर की खराबी के कारण जलापूर्ति ठप था परंतु विभाग को इसकी सूचना दे दी गई थी। इधर टुटकी मुखिया से पूछे जाने उन्होंने बताया कि ट्रांसफार्मर पहुंच गया है जल्द ही उसे लगाया जाएगा एवं ग्रामीणों के लिए पानी बहाल कर दी जाएगी।

## पुलिस ने तार की चोरी कर रहे तीन चोरों को किया गिरफ्तार

## चोरी की बिजली तार समेत ऑटो व बाइक बरामद

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के ईटा पंचायत स्थित पुरना पानी बस्ती से सोमवार को बेड़ो पुलिस ने तीन चोरों को चोरी के तार समेत ऑटो व बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। इधर तीन चोरों की गिरफ्तारी किए जाने के बाद बेड़ो पुलिस अन्य चोरों को गिरफ्तार करने को लेकर लगातार चोरों के निशानदेही पर छापामारी कर रही है वही इसे लेकर बेड़ो थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने बताया कि सोमवार की दोपहर को पुरना पानी के ग्रामीणों ने तार चोरी करते हुए तीन आरोपी को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। वही तीन चोरों कि पुलिस गिरफ्त में आने के बाद प्रखंड के अन्य गांव में हो रहे समरसेबल पानी मशीन की चोरी को लेकर भी चोरों ने अपना जुर्म कबूल किया है।



## 20 सूत्री के नवनियुक्त उपाध्यक्ष और सदस्यों ने प्रदेश अध्यक्ष के प्रति जताया आभार

रांची। देवघर जिला 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नवनियुक्त उपाध्यक्ष एवं सदस्यों ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर को आभार व्यक्त किया। इस दौरान 20 सूत्री उपाध्यक्ष मुन्नम संजय एवं सदस्य राजेन्द्र दास, प्रो उदय प्रकाश, दिनेश कुमार मंडल ने बारी-बारी से प्रदेश अध्यक्ष को पुष्पगुच्छ, शॉल एवं माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए आभार प्रकट किया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर जी ने सभी नवनियुक्त देवघर जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष एवं सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप लोगों को जिम्मेवारी बहुत ही खास है।

## स्कूल छोड़ने के क्रम छह वर्षीय बच्ची को अगवा कर किया दुष्कर्म

# पुलिस ने आरोपी को दो घंटे के अंदर आरोपी पौलुस तिर्की को किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह करीब आठ बजे पलाण्डु गांव के एक छह साल की बच्ची के साथ गांव के युवक द्वारा दुष्कर्म करने का माला पहुंचा। मामले में आरोपी पौलुस तिर्की के खिलाफ पीड़िता की मां द्वारा मामला दर्ज कराया गया है। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर तत्परता दिखाते हुए केस आईओ सब इंस्पेक्टर अनिमेश शांतिकारी व रणजीत कुमार ने दो घंटे के अंदर पुलिस ने घटना स्थल से पौलूस तिर्की को गिरफतार कर लिया है। थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़िता सुबह लगभग आठ बजे बारिश के दौरान पौलुस पीडीता के घर पहुंचा और बारिश के कारण उसे स्कूल पहुंचाने की बात कहकर उसे स्कूल ले जाने लगा। स्कूल जाने के क्रम में गांव के आरोपी कुछ दूरी पर सुनसान जगह पर स्थित टुटे फूटे मकान में पौलूस ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और उसे किसी ने नहीं बताने अन्यथा जान से मार देने की धमकी देकर आरोपी वहां से भाग निकला। बच्ची लगभग दस बजे रोते हुए अपने घर पहुंची और अपनी मां को सारी बात बतायी। मामले की जानकारी होने पर आसपास के ग्रामीण मौके पर जुट गए और पौलुस को पकड़ कर उसकी पिटायी करना शुरू कर दिया, मौके पर मौजूद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर थाने ले आई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी पौलुस को गिरफतार कर लिया।



# अहरार अहमद को किया सम्मानित

रांची। वर्ष 2022 में आयोजित नीट परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2151 लाने वाले डीएवी रजरप्पा के छात्र अहरार अहमद को विद्यालय के प्राचार्य श्री हिमांशु कुमार झा द्वारा पुष्पगुच्छ के साथ स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

ज्ञातव्य हो कि एहरार अहमद ने स्कूली शिक्षा सत्र 2018द19 में दसवीं कक्षा 96ः अंक तथा 12वीं कक्षा सत्र 2020द21 में 94ः के साथ विद्यालय का नाम रोशन किया था । अहरार शुरू से ही मेधावी छात्र रहा है जिसके बदौलत उसने नीट की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की । वह इस सफलता का श्रेय अपनी माता फरहीन फातमा, पिता एखलाक अहमद तथा विद्यालय के सभी शिक्षकों के योगदान को दिया । बताते चलें कि अहरार अहमद के पिता रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर में पेशे से होम्योपैथिक डॉक्टर हैं । पिता की प्रबल हार्दिक इच्छा थी कि बेटा डॉक्टर बने और एहरार ने पिता के सपने को साकार कर दिखाया । अहरार ने अपने से जूनियर छात्रों को सुझाव में कहा कि एन० सी० ई० आर० टी० किताबों के अतिरिक्त अन्य सहायक पुस्तकें भी पढ़ें । इसके अलावा उसने ऑनलाइन विधि से विषय वस्तु संग्रह करने की बात कही। उसने कहा कि मित्रों से कटकर पुस्तक को प्रिय मित्र बनाकर अनवरत पढ़ें। अपने विद्यालय के छात्र की नीट में शानदार सफलता पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए विद्यालय प्राचार्य ने कहा कि यदि मन में लगन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प हो तो असंभव कार्य को भी संभव किया जा सकता है । परिश्रम ही सफलता की कुँजी है । हरेक छात्र को जीवन का लक्ष्य बनाकर मेहनत करनी चाहिए । अहरार ने अपनी सफलता से विद्यालय एवं रजरप्पा क्षेत्र का नाम रोशन किया है । हम विद्यालय परिवार की ओर से उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं ।

**परिश्रम ही सफलता की कुँजी है । हरेक छात्र को जीवन का लक्ष्य बनाकर मेहनत करनी चाहिए । अहरार ने अपनी सफलता से विद्यालय एवं रजरप्पा क्षेत्र का नाम रोशन किया है ।**

## राज्य को कहां ले जाना चाहते हैं मुख्यमंत्री : दीपक प्रकाश

**रांची।** लोहरदगा जिले में आदिवासी विधवा महिला से युवक ने मारपीट और जबरजस्ती खेत में बलात्कार करने मामला सामने आया है।यह मामला कुडू थाना क्षेत्र का। महिला विधवा है महिला की पति का मृत्यु 5 साल पहले बीमारी से हो चुकी हैं महिला का एक 10 साल का बेटा है। डर के कारण महिला ने देर से प्राथमिकी दर्ज कराई। घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि मुख्यमंत्री आखिर राज्य को आप कहां ले जाना चाहते हैं। कब तक सरेआम बहन बेटियों की इज्जत आप लुटवाते रहेंगे। अब तो लज्जा भी लज्जा जायेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी निकम्मी सरकार झारखंड की जनता ने कभी नहीं देखी।

## केसीबी कॉलेज बेड़ो में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

# जो बच्चे माता पिता व गुरु का सम्मान करते हैं सफलता उनकी कदम चूमती है : प्रोफेसर मथुरा राम

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** माता पिता व गुरू का सम्मान करना हमारा पुनीत कर्तब्य है, इनका स्थान सर्वोपरी होता है। जो बच्चे माता पिता व गुरु का सम्मान करते है सफलता उनकी कदम चूमती है। उक्त बातें करमचंद भगत महाविद्यालय बेड़ो में सोमवार को आयोजित शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम के दौरान इतिहास विभाग के विद्वान शिक्षक प्रोफेसर मथुरा राम उस्ताद ने कही। शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग के छात्रों के द्वारा आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम के पूर्व इतिहास विभाग के शिक्षकों का छात्रों ने चंदन तिलक कर स्वागत किया। जिसके बाद कार्यक्रम का विधिवत रूप से उद्घाटन इतिहास विभाग के शिक्षकों में प्रोफेसर मथुरा राम उस्ताद, प्रोफेसर इंद्रमोहन राय व डॉ अल्पना मेहता के द्वारा मां सरस्वती व सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्ण के चित्र दीप प्रज्वलित व पुष्पांजलि अर्पित कर उद्घाटन किया गया। इधर शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने शिक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर व शॉल उड़ाकर सम्मानित कर उपहार भेंट किया मौके पर कार्यक्रम को सफल बनाने में जूही कुमारी, मनीषा कुमारी, सुषमा कुमारी, हरि कुमार, विष्णु कुमार, नितेश कुमार, सतीश कुमार, राजू सिंह व अकाश रक्षित समेत कई छात्रों ने सराहनीय योगदान दिया।



शिक्षक दिवस सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग के छात्रों के द्वारा आयोजित किया गया। जहां कार्यक्रम के पूर्व इतिहास विभाग के शिक्षकों का छात्रों ने चंदन तिलक कर स्वागत किया।

# प्रत्याशियों ने चुनाव से जताया असंतोष, तो चैंबर ने रद्द किया संथालपरगना का चुनाव

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** फेडरेशन ऑफ झारखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने संथाल परगना में उपाध्यक्ष पद के लिए आयोजित चुनाव को रद्द कर दिया है. इसकी सूचना चैंबर चुनाव कमेटी ने जारी की. जिसमें बताया गया है कि सत्र 2022-23 के लिए 10 और 11 सितंबर को संथाल परगना प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष का चुनाव अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है. संथाल परगना प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के प्रत्याशी के चुनाव का निर्णय नवनिर्वाचित कार्यकारिणी समिति के सदस्यों और चुनाव समिति की शीघ्र आयोजित होनेवाली बैठक में लिया जायेगा. इसकी जानकारी देते हुए चुनाव कमेटी के चेयरमैन ललित केडिया ने बताया कि इस मामले की सहमति सोमवार को चैम्बर भवन में चुनाव समिति के सदस्यों और पूर्व अध्यक्षों की संपन्न हुई संयुक्त बैठक में लिया गया. चुनाव समिति द्वारा दोनों ही प्रत्याशियों को इस निर्णय से अवगत भी कराया गया. जानकारी हो कि संथाल परगना प्रमंडल के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष पद के मतदान की प्रक्रिया पर दोनों ही उम्मीदवार प्रीतम कुमार गाड़िया और संजीत कुमार सिंह द्वारा असंतोष जताये जाने से संबंधित लिखित आवेदन प्राप्त होने पर ही चुनाव समिति द्वारा यह निर्णय लिया गया है. चुनाव समिति द्वारा आहूत बैठक में चुनाव पदाधिकारी ललित केडिया, पवन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष केके साबू, रंजीत टिबड़ेवाल, रतन मोदी, बिकास सिंह, विनय अग्रवाल, दीपक मारू उपस्थित रहे.

## ऑल इंडिया रैंक में ब्रदर्स एकेडमी के स्टूडेंट्स का जलवा

**रांची।** ब्रदर्स ऐकेडमी के 6 छात्रों ने अक्क्र 1,000 में और 21 छात्रों ने AIR 10,000 में IIT-JEE 2022 के टॉप सूची में अपनी जगह बनाते हुए सफलता प्राप्त कर ऐकेडमी को गौरवान्वित किया है. जिसमें तनिश अग्रवाल, कुंदन कुमार, युवराज दत्ता, सौरव विशाल, अहमद रजा खान, वेलेंटाइन कच्छप, अमन राज, सौजन्या चंद्रा, साहिल सिन्हा, विनीत गोयल शामिल है. सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया. उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही हमें सफलता मिली. सिलेबस पूरा करने के बाद ऐकेडमी के टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त दिया. निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेन्दु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है.

समाहरणालय, खूँटी
(समेकित जनजाति विकास अभिकरण, खूँटी)
Email: - mesokhunti@gmail.com

**अति अल्पकालीन पुनर्निविदा**

पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 02 वर्ष 2022–23

वित्तीय वर्ष 2022–23 में कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, कुदा में नवनिर्मित विद्यालय एवं छात्रावास भवनों में प्रभारी अपर राज्य अग्निशमन पदाधिकारी, झारखण्ड, रांची द्वारा निर्गत एडवाईजरी के अनुसार अग्नि सुरक्षा यंत्र (Fire Safety) अधिष्ठापन हेतु दिनांक 20.09.2022 को 1.30 बजे अपराह्न तक निबंधित एवं प्रतिष्ठित संस्थानों से मुहरबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी में उक्त तिथि को निर्धारित समय तक प्राप्त की जाएगी एवं प्राप्त निविदा को उसी दिन अपराह्न 2:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय प्रकोष्ट में जिला क्रय समिति के सदस्यों के समक्ष खोली जायेगी। निविदा खोलते समय निविदादाता या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। न्यूनतम दर एवं गुणवत्ता पर स्वीकृत निविदादाता को अग्नि सुरक्षा यंत्र (Fire Safety) अधिष्ठापन कार्य निर्धारित समय–सीमा के अन्दर करनी होगी। निविदा की वित्तीय वीड का दर एडवाईजरी के अनुरुप होगा। एडवाईजरी के द्वारा प्राप्त सुक्षाव की छायाप्रति एवं निविदा की शर्त्तें खूँटी जिले के वेवसाईट www.khunti.nic.in एवं आई0टी0डी0ए0 कार्यालय, खूँटी के सूचना पटट् पर देखा जा सकता है।

परियोजना निदेशक,
आई0टी0डी0ए0, खूँटी।

PR 277584 (District) 22-23 (D)

रांची
मंगलवार
13.09.2022
आश्विन कृष्ण पक्ष 03
विक्रम संवत 2079

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

www.rastriyanaveenmail.com
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
वर्ष-23 अंक-221 पृष्ठ-12, मूल्य ₹ 1.50

**रश्मि प्रवाह**
अपने लफ्जों का इस्तेमाल हिफाजत से करिए यह आपके व्यवहार और परवरिश का बेहतरीन सबूत है..!

## न्यूज गैलरी

### ईडी ने पल्स अस्पताल निर्माण करने वाले ठेकेदारों को भेजा नोटिस

**रांची।** निदेशालय (ईडी) ने मनरेगा घोटाले से जुड़े मनी लाउंड्रिंग में कई ठेकेदारों को नोटिस भेजा है। राज्य सरकार की निलंबित सचिव पूजा सिंघल व उनके पति अभिषेक झा के खिलाफ चार्जशीट किए जाने के बाद ईडी अब पल्स अस्पताल में मनी लाउंड्रिंग की राशि के निवेश के पहलूओं पर जांच में रेस है। ईडी को संदेह है कि मनरेगा घोटाले से अर्जित संपत्ति का निवेश अस्पताल के निर्माण में किया गया। इसके लिए अस्पताल निर्माण करने वाले ठेकेदारों को बड़े पैमानें पर नकदी दी गई, बदले में उसने काम कराए गए व छोटा इंवेस्टमेंट दिखाया गया। प्रारंभिक जांच में ईडी ने पल्स अस्पताल के निर्माण में ही 80 करोड़ से अधिक के खर्च का अनुमान जताया था। जबकि इसके निर्माण के लिए महज 20 करोड़ का लोन लिया गया था। ईडी ने यहां उपयोग में लायी जा रही मशीनों की कीमत व निर्माण के खर्चों का भी असेस्टमेंट किया था। इसके बाद इस मामले में अब नए सिरे से अलग अलग काम करने वाले ठेकेदारों को नोटिस भेजा गया है।

### नामीबिया से लाये गये चीतों को कूनो राष्ट्रीय पार्क में छाड़ेंगे पीएम मोदी

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अपने जन्मदिन पर नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो नेशनल पार्क में छोड़ेंगे। पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्रालय के अनुसार इसके मद्देनजर कूनो नेशनल पार्क में युद्धस्तर पर तैयारियां चल रही हैं। इसी क्रम में रविवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने कूनो नेशनल पार्क में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने उस बाड़े को भी देखा जहां पर नामीबिया से आये चीतों को 30 दिन के लिए क्वारंटीन में रखा जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और इस बारे में समुचित दिशा निर्देश भी दिए। श्री यादव के साथ केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी कूनो नेशनल पार्क में तैयारियों का जायजा लिया।

### शोपियां में मुठभेड़, एक आतंकवादी ढेर

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में जारी मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक अज्ञात आतंकवादी को मार गिराया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारी ने कहा, सुरक्षा बलों को हेफ शिरमल गांव में आतंकवादियों के छिपे हुए की खुफिया सूचना मिलने के बाद उन्होंने घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। जब सुरक्षा बल आतंकवादियों के ठिकाने की ओर बढ़ रहे थे तभी छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर स्वचालित हथियारों से गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गयी। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ अभी भी जारी है और एक आतंकवादी मारा गया है। गौरतलब है कि इस महीने की शुरूआत से अभी तक कश्मीर में दो मुठभेड़ों में चार आतंकवादी मारे गए हैं।

❍ मुख्यमंत्री ने सुखाड़ को लेकर आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक की

# सुखाड़ से निपटने के लिए बनेंगे एक लाख कुआं और तालाब, मवेशियों के लिए चारा-पानी का होगा इंतजाम

- गांवों के विकास के लिए 2500 करोड़ रुपये की बनेगी योजना
- हर गांव में मनरेगा की 5 योजनाएं शुरू होगी, पलायन पर लगेगा अंकुश
- झारखंड में 5 लाख नये राशन कार्ड बनाये जाएंगे




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में अल्पवृष्टि से कई जिलों में सुखाड़ की आशंका उत्पन्न हो गयी है। इस प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को रांची स्थित झारखंड मंत्रालय में आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक हुई। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक समाप्त होने जाने के बाद विभागीय मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि सुखाड़ की स्थिति से निपटने के लिए राज्य में एक लाख नये कुआं और एक लाख तालाब का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा सभी विभाग ग्रामीण क्षेत्रों के विकास एवं रोजगार सृजन के लिए ढ़ाई हजार करोड़ रुपये की योजना को लागू करेंगे।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के लिए हर गांव में मनरेगा की 5 योजनाओं पर कार्य शुरू किया जाएगा। वहीं 1 लाख रुपया दुर्घटना बीमा की राशि प्रदान की जाएगी। इसके अलावा झारखंड में लागू सर्वजन पेंशन की राशि का हर महीने की 5 तारीख तक भुगतान सुनिश्चित कराने और इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों को दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

### पांच लाख नये राशन कार्ड बनाये जाएंगे

आपदा प्रबंधन मंत्री ने बताया कि झारखंड में 5 लाख नये राशन कार्ड बनाये जाएंगे। इसके अलावा अनुग्रह राशि पर भी सरकार फोकस कर रही है। राज्य के गरीब किसानों का पलायन ना हो, मवेशियों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सीएम आज करेंगे झारखंड खेल नीति 2022 का विमोचन

**राज्य** में खेले जाने वाले खेल एवं खिलाड़ियों को प्राथमिकता मिले, जिससे उनकी प्रतिभा की पहचान हो और प्रतिभाओं को बेहतर प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर में भाग लेने के अनुरूप तैयार किया जा सके। इनको लक्ष्य बनाकर झारखंड खेल नीति 2022 का मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन आज विमोचन करेंगे, जिसके केंद्र में होंगे राज्य के खिलाड़ी और खेल।

राज्य के सभी बालक, बालिका, युवा एवं सभी आयु वर्ग के नागरिकों के लिए खेल को उनके जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने एवं सारी गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के लिए पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाना।

प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को चयनित खेल विधा में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करना।

प्रतिभा की पहचान कर उसे मौका देना। प्रशिक्षण देकर उनका सर्वांगीण विकास और आगे चलकर उन्हें चौंपियन बनाने की दिशा में कार्य करना।

**खेल नीति का उद्देश्यरू :** राज्य में खेलों में खिलाड़ियों का क्षमता निर्माण एवं विकास करना, खेल को आकर्षक एवं व्यवहार्य कैरियर विकल्प के रूप तैयार करना, पंचायत स्तर से राज्य स्तर तक खेल को सामाजिक परिवर्तन और विकास उत्प्रेरक बनाना, हर उम्र के नागरिकों के लिए खेल एवं शारीरिक गतिविधियों के लिए वातावरण तैयार करना, खिलाड़ियों का ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ज्ञानवापी परिसर की एएसआई सर्वे और शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग करेगा हिन्दू पक्ष

**मुस्लिम पक्ष फैसले के विरूद्ध जा सकता है उच्च व सर्वोच्च न्यायालय**



**-आरएनएम**

**वाराणसी।** ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले में दायर वाद पर मुस्लिम पक्ष द्वारा प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 के आधार मामले की सुनवाई नहीं करने की दलील को खारिज करते हुए, मामले की अगली सुनवाई 22 सितंबर को करने का आदेश दे दिया। न्यायालय के इस फैसले को हिन्दू पक्ष पहली महत्वपूर्ण जीत मानते हुए अब ज्ञानवापी की एएसआई सर्वे कराने की मांग करेगा। हिन्दू पक्ष , महिला याचिकताओं के वकील विष्णु शंकर जैन ने कहा कि उम्मीद के मुताबिक फैसला हमारे पक्ष में आया है। अब हम एएसआई सर्वे और शिवलिंग की कार्बन डेटिंग की मांग करेंगे। मालूम हो कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर जिला जज ने सबसे पहले केस की मेरिट पर सुनवाई की।

जिला न्यायालय ने मुस्लिम पक्ष, अंजुमन इंतजामिया मस्जिद कमेटी की तरफ से 7 रूल 11 (7/11) के प्रार्थना पत्र पर दोनों पक्षों की बहस सुनी। मुस्लिम पक्ष ने प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 को आधार बनाया था ।

**मुस्लिम पक्ष की दलील :** अंजुमन इंतजामिया मस्जिद के अधिवक्ता शमीम अहमद ने काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट एक्ट और विशेष उपासना स्थल कानून का हवाला दिया था। इसमें उन्होंने 1944 के गजट और 1936 के दीन मोहम्मद केस के निर्णय का हवाला दिया। इसमें उन्होंने दावा किया कि यह मस्जिद औरंगजेब के जमाने के पहले से है। विशेष उपासना स्थल कानून 1991 का जिक्र कर कहा गया है कि अदालत में आजादी के बाद जो भी धर्म स्थल जिस रूप में होगा, उसी रूप में रहेगा। इसमें मुस्लिम पक्ष ने मामले को सुनवाई योग्य नहीं मानने के लिए दलील दी है।

बहस के बाद मुस्लिम पक्ष की दलील को अदालत ने खारिज कर दिया है। जिला जज डॉ.अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने दायर वाद की सुनवाई के हक में अपना फैसला सुनाया। मालूम हो कि 18 अगस्त 2021 को श्रृंगार गौरी नियमित दर्शन ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पालाजोरी और रांची में मिले लम्पी वायरस के लक्षण, पुष्टि के लिए जांच जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य पशुपालन विभाग को रांची, देवघर एवं चतरा जिला पशुपालन पदाधिकारी ने जानवरों में लम्पी वायरस जैसे लक्षण की सूचना दी है।

लम्पी वायरस के संभावित खतरे को देखते हुए विभाग द्वारा इसकी रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारियों को वर्चुअल मीटिंग में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। पदाधिकारियों को सूचित किया गया है कि इस तरह की बीमारी से संक्रमित पशु अगर उनके जिले में पाये जाएं, तो नमूने को कोल्ड चेन में रख कर शीघ्र संस्थान को भेजें, ताकि जांच के लिए सैम्पल को आईसीएआर भोपाल भेजा जा सके।

इस बीमारी की रोकथाम में प्रचार-प्रसार के लिए निदेशक, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, कांके, रांची द्वारा पम्पलेट छपाई के लिए आदेशित किया जा चुका है। दो दिनों के अंदर आमजन, पशुपालकों को ये पम्पलेट वितरित किये जायेंगे। पशुपालकों को इस बीमारी की जानकारी एवं सलाह के लिए विभाग द्वारा टोल फ्री नंबर 1800309771 जारी किया गया है। इस नंबर पर पूर्वाह्न 11:00 से अपराह्न 5:00 के बीच पशु चिकित्सक से सलाह ले सकते हैं। इस बीमारी के लक्षण पालाजोरी एवं रांची में मिले हैं। लेकिन, अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान में इसकी जांच की जा रही है। सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी को सतर्क रहने एवं टीका खरीदने को कहा गया है।

लम्पी एक विषाणुजनित संक्रामक बीमारी है , जो मुख्यतः गोवंश को संक्रमित करता है। यह रोग मुख्य रूप से संक्रमित मक्खियों, मच्छरों एवं चमोकन के काटने से होता है। बीमार पशु के नाक, मुख के स्त्राव एवं घावों से, बीमार दुधारू गाय, भैंस के थन में घाव हो जाने ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

**दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से झामुमो प्रमुख को मिली बड़ी राहत**

## दिशोम गुरु के खिलाफ लोकपाल में चल रहे सुनवाई पर लगी रोक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) प्रमुख शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल में चल रही सुनवाई पर रोक लगा दी है। दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से जेएमएम प्रमुख को बड़ी राहत मिली है।

### गुरु जी के खिलाफ निशिकांत दूबे ने दर्ज करायी थी शिकायत

गोड्डा के बीजेपी सांसद निशिकांत दूबे ने राज्यसभा सासंद और झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का मामला लोकपाल में 5 अगस्त 2020 को दर्ज कराया था। जिसके बाद 15 सितम्बर 2020 को लोकपाल ने सीबीआई को मामले की प्रारम्भिक जांच करने का निर्देश दिया था।



### 13 दिसंबर तक के लिए लगायी है रोक

लोकपाल में इस निर्देश के विरुद्ध झामुमो अध्यक्ष द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत चुनौती याचिका दाखिल की गयी थी। 12 सितम्बर 2022 को दिल्ली हाईकोर्ट ने लोकपाल में चल रही सुनवाई पर 13 दिसम्बर 2022 तक रोक लगा दी है। जस्टिस यसवंत वर्मा की अदालत ने लोकपाल में सुनवाई पर रोक लगाते हुए कहा कि मामले पर विचार करने की जरुरत है और अगली तारीख तक लोकपाल में इस मामले में कोई सुनवाई नहीं की जाए।

### 7 साल से अधिक समय के बाद शिकायत दर्ज कराने पर आपत्ति

चुनौती में झामुमो अध्यक्ष द्वारा आपत्ति दर्ज की गयी कि तथाकथित घटना के 7 साल से अधिक समय बाद शिकायत दर्ज की गई और लोकपाल और लोकायुक्त अधिनियम 2013 की धारा 53 के अनुसार उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात ऐसी कोई जांच नहीं की जा सकती है।

### शिकायत की कोई प्रति नहीं करायी गयी उपलब्ध

चुनौती याचिका में यह भी कहा गया था कि लोकपाल के समक्ष 5 अगस्त, 2020 को शिकायत दर्ज की गई थी और सीबीआई ने जुलाई 2021 में शिबू सोरेन एवं उनके परिवार के खिलाफ प्रारंभिक जांच शुरू की, ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने के बाद उत्तराधिकारी तय

- ज्योतिष पीठ बद्रीनाथ पर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती
- द्वारकाशारदा पीठ पर स्वामी सदानंद सरस्वती बनाये गये शंकराचार्य

**-आरएनएम**

**वाराणसी।** ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ब्रह्मलीन होने के बाद उत्तराधिकारी तय हो गए हैं। स्वामी स्वरूपानंद दो पीठों ज्योतिष पीठ और द्वारकाशारदा पीठ के शंकराचार्य थे। ज्यातिष पीठ बद्रीनाथ पर उनके शिष्य काशी के स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती को नया शंकराचार्य घोषित किया गया है। जबकि द्वारकाशारदा पीठ पर स्वामी सदानंद सरस्वती के नाम की घोषणा की गई है। सोमवार 12 सितम्बर को शिवसायुज्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज के पार्थिव शरीर के समक्ष दोनों के नाम की घोषणा की गई।

**स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद :** ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य घोषित स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का बनारस से गहरा नाता है। काशी के केदारखंड में रहकर संस्कृत विद्या अध्ययन करने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय से शास्त्री और आचार्य की शिक्षा ग्रहण की है। इस दौरान छात्र राजनीति में भी सक्रिय रहे।

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में जन्मे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती के प्रयास से ही गंगा को राष्ट्रीय नदी का मिला था दर्जा



**जगद्गुरु** शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती ने 17 जून 2008 को शंकराचार्य ने राष्ट्रव्यापी गंगा सेवा अभियान आरंभ करने की घोषणा की थी। इसके लिए उनका हरिद्वार में 38 दिन का आमरण अनशन और काशी का 112 दिनों का हिंदू-मुस्लिम, सिख-ईसाइयों का धरना उल्लेखनीय था। ज्योतिष्पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के प्रयास से ही गंगा को राष्ट्रीय नदी का दर्जा मिला था। नौ साल की उम्र में ही काशी आने वाले शंकराचार्य का काशी से गहरा नाता था। शंकराचार्य के शिवसायुज्य की प्राप्ति की सूचना से काशी की धर्मपरायण जनता और संत समाज में भी शोक है। केदारघाट इलाके के काशीवासी तो स्वामी स्वरूपानंद से इतने हिले मिले थे कि अपनी हर परेशानी उनको बताते थे। घर में कुछ खुशी या गमी के बाद उनसे मिलने जाते थे। सब पर स्वामी जी की कृपा रहती थी।

## रांची में स्विमिंग कोच ने चौथे तल्ले से लगाई छलांग, हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के धुर्वा जेएससीए स्टेडियम के स्विमिंग पुल के कोच बादल कुमार ने स्टेडियम के रेसिडेंशियल कांप्लेक्स के चौथे माले से छलांग लगा दी। घटना सोमवार की है। इस घटना में बादल गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उसे नजदीक के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। बादल मूलरूप से पटना के बांकीपुर इलाके के रहने वाले हैं। वर्तमान में वह जेएसएससी स्टेडियम के क्वार्टर में रह रहे हैं। वह जेएससीए स्टेडियम में कंट्री क्लब के तहत चलने वाले स्वीमिंग पुल के कोच थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद हटिया डीएसपी राजा मित्रा और धुर्वा थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस की प्रारंभिक जांच में प्रेम प्रसंग का मामला सामने आया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। परिजनों को घटना की जानकारी दी गई है। उनके आने के बाद उनसे भी मामले की जानकारी ली जाएगी।



### कर्मी के नंबर से फोन कर किया बात, फिर लगायी छलांग

स्वीमिंग पुल के कोच बादल कुमार जेएससीए स्टेडियम के क्वाटर में रहते हैं। स्टेडियम के कैंपस में बने पुल में वह लोगों को स्वीमिंग सीखाते भी थे। सोमवार की सुबह वह काफी परेशान थे। स्टेडियम की एक महिला कर्मी से फोन मांगा और किसी युवती को फोन किया। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच फोन पर बकझकभी हुई। सुबह आठ बजे वह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

❍ मूल झारखंडी कौन? गहराता जा रहा है विवाद

# 1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति की मांग फिर पकड़ी जोर

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** देश के हर राज्य में स्थानीय युवाओं को सरकारी नौकरी और अन्य क्षेत्रों में प्राथमिकता देने की मांग आजादी के बाद से ही जोर पकड़ती रही है। 15 नवंबर 2000 को अलग झारखंड राज्य गठन के बाद सूबे में भी अलग स्थानीय-नियोजन नीति का मुद्दा विवादों में घिरा रहा है। अब सीएम हेमंत सोरेन ने यह भरोसा दिलाया है कि 1932 के खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करने की मांग पर सरकार जल्द काम शुरू करेगी। हेमंत सोरेन के इस वक्तव्य के बाद एक बार फिर से आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है।



### 1872 में खतियान सर्वे शुरू हुआ

1932 की खतियान आधारित स्थानीय नीति को समझने के पहले यह जानना जरूरी है कि झारखंड में सबसे पहले खतियान नियम कब लागू हुआ। इस क्षेत्र के लिए वर्ष 1972 में पहली बार खतियान सर्वे हुआ, जिसमें संताल परगना की जंगलों और खेतों का सर्वे हुआ। इसके बाद 1922 में जी.एफ.गंटजर द्वारा संताल परगना का पहली बार संपूर्ण सर्वे हुआ। इसी का संशोधन 1932 में किया गया। बाद में इसका संशोधन 1934 और उसके बाद आखरी बार 1936 में किया गया था। राज्य के कुछ जिलों में 1938, कुछ में 1995 में यह सर्वे पूरा हुआ। हालांकि राज्य के अधिकांश जिलों में 1879, 1894, 1910, 1915 और 1928 में ही अंतिम सर्वे सेंटलमेंट पूरा हुआ।

### जन-भावना के अनुरुप स्थानीय नीति बनाने का भरोसा

**सीएम** हेमंत सोरेन ने विस्तारित मॉनसून सत्र की एकदिवसीय बैठक में सदन में यह घोषणा की है कि राज्य सरकार जल्द ही स्थानीय नीति लागू करेगी। इससे पहले पिछले मॉनसून सत्र में भी हेमंत सोरेन ने यह भरोसा दिलाया था कि स्थानीय नीति जनमानस की भावना के अनुरुप ही बनेगी। उन्होंने कहा कि सबकी सहमति बनाकर ही स्थानीय नीति पर आगे बढ़ेंगे, इसके अलावा वैधानिक पहलुओं को भी सरकार देखेगी। सीएम ने कहा कि राज्य में कई बार सर्वे हुआ। वर्ष 1911, 1931, 1932, 1964, 1975, 1993 और 2005 में भी सर्वे हुआ। किस सर्वे के आधार खतियान आधारित स्थानीय नीति लागू करें और किसे छोड़ दें, इस पर सहमति जरूरी है।

### खतियान के पन्ने फटे, दूसरी भाषाओं के खतियान का अनुवाद भी गलत

खतियान में सुधार में कई बाधाएं है। 1910, 1915 या 1935 में सर्वे सेटलमेंट के बाद तैयार अधिकर खतियान कैथी, बांग्ला या अंग्रेजी में ही है। बिहार के समय किये गये हिन्दी अनुवाद में भी काफी त्रुटियां हैं। इतना ही नहीं अभिलेखागार में रखे गये खतियान के कई पन्ने गायब है। इससे न तो खतियान का पूर्ण डिजिटलाइजेश्शन हो पा रहा है और ना ही त्रुटियों का सुधार। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कोलकाता से बोधगया जा रही यात्री बस पलटी, तीन की मौत, दो की हालत गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** बरकठा प्रखंड के गोरहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोरहर पुल के समीप एक यात्री बस पलटने से तीन लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई। हादसा अहले सुबह 5 बजे की है। वहीं घटना में कई लोग घायल हैं। इनमें दो लोगों की हालत गंभीर है। यात्री बसं संख्या पतरा ट्रैवल्स 33 डी 8855 कोलकाता से यात्रियों को लेकर बिहार के बोधगया की ओर जा रही थी। इस दरम्यान चालक अचानक से बस का नियंत्रण खो दिया। जिससे गोरहर पुल पर यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई।




**चालक और उप चालक की भी मौत :** इस हादसे में बस चालक 52 वर्षीय अब्दुल मौला, उप चालक नूर जमाल और यात्री 55 वर्षीय गुरुपद मंडल की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में दर्जनभर यात्रियों के घायल होने की सूचना है। इनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में भर्ती कराया गया है। दोनों घायलों को हजारीबाग मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

## न्यूज गैलरी

### राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य ने उपराष्ट्रपति से की मुलाकात



**रांची।** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य राजेन्द्र प्रसाद उप राष्ट्रपति जगदीप धनख से शिष्टाचार मुलाकात की और उप राष्ट्रपति बनने पर उन्हें बधाई दी। राजेन्द्र प्रसाद ने उपराष्ट्रपति को जानकारी दी कि झारखण्ड में पिछड़ी जातियों की आबादी लगभग 55 प्रतिशत है। इसको देखते हुए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ों को कम से कम 36 प्रतिशत आरक्षण देने और यदि राज्य सरकार चाहे तो तमिलनाडु के तर्ज पर 50 प्रतिशत आरक्षण दे सकती है। इसकी अनुशंसा राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने कर दी है। श्री प्रसाद ने उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ को झारखण्ड की वास्तविकता से भी अवगत कराया।

### मानव तस्करी के प्रति स्कूली छात्राओं को किया गया जागरूक



कुरडेग। कस्तुरबा गाँधी विद्यालय कुरडेग में जिला प्रशासन सिमडेगा की ओर से गुलाब नाटक टीम टी.टांगर के द्वारा विद्यालय के छात्राओं को मानव तस्करी के बारे में नाटक के द्वारा जागरूक किया गया। छात्राओं को बताया गया कि मानव तस्करी के दलाल गाँव टोलों में जाकर भोले भाले ग्रामीणों को ठग फुसलाकर अच्छी नौकरी का सपना दिखाकर महानगरों में बेच देते हैं जहाँ उनका शारीरीक , मानसीक और आर्थिक शोषण होता है कई महीनो तक घरों में काम करने के बाद भी मजदूरी नही मिलती है घरों के अन्दर उन्हें कैद कर घरेलू काम करने को मजबूर किया जाता है छोटी सी भी गलती पर मकान मालिक के द्वारा मारपीट की जाती है,ऐसे दलाले से बच कर रहना है। मौके पर मौजूद थाना प्रभारी श्री मुन्ना रमानी ने छात्राओं को कई जानकारियां दी। वहीं विद्यालय के छात्राओं द्वारा बाल विवाह से संवंधित नाटक किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जेएसआइ उपेन्द्र कुमार यादव,एएसआइ विजय कुमार, वार्डन पुनम कुमारी, शिक्षिका अनुराधा प्रसाद,रशमी एक्का, सुषमा कुमारी, मोनीका कुमारी एवं कस्तुरबा विद्यालय परिवार उपस्थित रहे।

### झामुमो बंदरचूआ पंचायत कमेटी का किया गया गठन

**कोलेबिरा।** झामुमो कोलेबिरा द्वारा बन्दरचुआ में पंचायत कमेटी का गठन किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मनोहर बागे के अध्यक्षता में कोलेबिरा प्रखंड के बंदरचूआ पंचायत समिति का गठन किया जिसमें पंचायत का ग्रामीण उपस्थित हुए ।जिसमे अध्यक्ष- संजय केरकेट्टा,सचिव-शुगड़ समद उपाध्यक्ष-याकूब टेटे कोषाध्यक्ष-मुलयानी डांग को बनाया गया ।सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रखंड और जिला से आए हुए माला पहनाकर स्वागत किया गया। जिसमे मुख्य रूप से प्रखंड सचिव वकील खान, 20 सूत्री जिला सदस्य फुलकुमारी समद, केंद्रीय सदस्य फिरोज अली ,केंद्रीय सदस्य राकेश लकड़ा, केंद्रीय सदस्य मो शाहिद, पूर्व जिला अध्यक्ष किशोर डांग , जावेद वारसी नामजन जोजो आदि उपस्थित थे।

### कुम्हारी पंचायत भवन में स्वास्थ्य चिकित्सा अनुदान शिविर आयोजित

**बसिया।** बसिया के कुम्हारी पंचायत भवन में आज मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत स्वास्थ्य चिकित्सा अनुदान शिविर का आयोजन किया गया। मिली जानकारी के अनुसार इस पूर्व निर्धारित शिविर के माध्यम से प्राप्त कुल तीस आवेदनों में से पन्द्रह आवेदनों को मौके ही स्वीकृति प्रदान कर दी गई। इसके अतिरिक्त सत्तर आवेदनों को सशर्त स्वीकार करते हुए उन्हें यह निर्देशित किया गया कि सभी आवेदनकर्ता आवश्यक कागजात लगा कर अविलंब कार्यालय में जमा कर दें। कैम्प में अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर, उपप्रमुख, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ० रूचि भूषण, अंचल निरीक्षक, कल्याण पदाधिकारी, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, राजस्व कर्मचारियों के अतिरिक्त बनई, लुंगटू, पंथा, कुम्हारी,ओकबा आदि पंचायतों के मुखियाओं की उपस्थिति दर्ज की गई।

### बालूमाथ पुलिस ने आठ किलो गांजा के साथ दो युवकों को दबोचा



**बालूमाथ (लातेहार)।** सोमवार को अहले सुबह पांकी मोड़ के पास बालूमाथ पुलिस द्वारा चलाये गए वाहन चेकिंग अभियान में बड़ी सफलता हासिल हुयी है। आठ किलो गांजा के साथ बालूमाथ पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। तस्करी के लिए उपयोग किये जा रहे मोटर साइकिल को भी पुलिस ने जप्त किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया कि अवर निरीक्षक धीरज कुमार के नेतृत्व में पांकी मोड़ में वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल JH08G 1829 सवार दो युवक वापस भागने लगे। सशस्त्र बलों ने पीछा कर मोटर साइकिल की तलाशी ली तो उसमे सफेद बोरे में भरा हुआ करीब आठ किलो गांजा पकड़ा गया। बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर नरेश प्रसाद, बारियातु, गुलाबी गंझु, सेमरसोत बालूमाथ को न्यायिक हिरासत में लातेहार जेल भेज दिया गया है। इस अभियान में अवर निरीक्षक धीरज कुमार के अलावा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

---

### आयुष रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट ने दिया लोहरदगा और गुमला के युवाओं को प्रशिक्षण

# प्रशिक्षित युवाओं से आयेगा ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता: प्रसाद साहू

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा ।** शहर के गुदरी बाजार स्थित खेमराज स्मृति भवन में सोमवार को आयुष रूरल चैरिटेबल ट्रस्ट की अगुवाई में सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता पर आधारित तीन दिनी प्रशिक्षण का समापन किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता लाने और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में बीमारी से बचने, रोगी होने पर तत्काल इलाज करने और निकट के अस्पताल की सेवा लेने के संदर्भ में प्रशिक्षण दिया गया। लोहरदगा और गुमला के दर्जनों सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों में युवक-युवती प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण युवाओं को स्वास्थ्य जागरूकता लाने के लिए प्रेरित किया गया। दुर्घटना होने पर फर्स्ट एड देने की तकनीक बताई गई। ट्रेडिशनल साइंस से परिचय कराया गया। सर्पदंश की घटना होने पर झाड़-फूंक से बचने के लिए कहा गया। ग्रामीणों को सर्पदंश की घटना होने पर अस्पताल से इलाज कराने के लिए जागरूकता ग्रामीणों में लाने को कहा गया। प्रशिक्षण के दौरान ऐसीपीलियस के एडवाइजर जावेद अंसारी, डॉ आर सी कुमार उपरोक्त के संदर्भ पर विस्तृत प्रशिक्षण युवाओं को दिया। ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष प्रसाद साहू ने कहा कि प्रशिक्षण का लाभ लेकर ग्रामीण युवा गांव में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाएं । इस मौके पर लोहरदगा ग्रामीण चिकित्सक संघ के अध्यक्ष प्रसाद साहू, उपाध्यक्ष भगवान गिरी, प्रदेश अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, सचिव सुनील सिंह, ट्रस्ट कोऑर्डिनेटर सुनीता कुमारी, विवेक कुमार, इनामुल लकड़ा, समेत लोहरदगा और गुमला के सुदूरवर्ती इलाके के प्रशिक्षणार्थी युवक-युवती मौजूद थे



# पूर्वी क्षेत्र के जुनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स में झारखंड बना ओवर ऑल विजेता

नवीन मेल संवाददाता



**रांची।** भारतीय एथलेटिक्स संघ एवम बिहार एथलेटिक्स संघ के संयुक्त तत्वावधान में 10 से 12 सितंबर तक पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में संपन्न 33वी पूर्वी क्षेत्र जूनियर राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें में झारखंड, ओडिसा, प.बंगाल, असम, नागालैंड, मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, त्रिपुरा, सिक्किम, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह एवम मेजबान बिहार की टीमों भाग लिया। इसमें झारखंड ओवरऑल विजेता बना। खिलाड़ियो के साथ साथ टीम प्रशिक्षक योगेश प्रसाद यादव, आशू भाटिया, प्रभात रंजन तिवारी, सिद्धू किस्कू, श्यामल बाउरी, टीम प्रबंधक बंधन टोप्पो, श्याम कुजूर, प्रेम कुमार, रेशमा पांडे को झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुकान्त पाठक, सचिव सी डी सिंह,आशीष झा,डॉ प्रभात शंकर, एस के पांडे, आलोक मिश्रा,सुखेर भगत, साई प्रभारी विनोद कुमार सिंह,वरुण कुमार, प्रभाकर वर्मा,भरत यादव, शशांक भूषण सिंह,, समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने बधाई दी। तीसरे दिन के विजेता एथलीट में बालिका 18 वर्ष के लिएउ ऊंची कूद में स्वर्ण पदक अमनदीप कौर (पूर्वी सिंह भूम), बालक 14 वर्ष के लिए ऊंची कूद में हिमांशु कुमार सिंह (पूर्वी सिंह भूम), बालक 18 वर्ष के लिए 400 मी. हर्डल्स में किशन पाहन (रांची), बालक 20 वर्ष के लिए ट्रिपल जंप में विशाल कुमार (रामगढ़), बालक 20 वर्ष के लिए ट्रिपल जंप में बिराज तिग्गा (रांची) विजयी रहे ।

# पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** पार्वती शर्मा इंटर महिला कॉलेज सिमडेगा में शिक्षक दिवस धूम धाम से मनाया गया।मौके पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य सत्यव्रत ठाकुर उपस्थित थे।कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि व अन्य शिक्षकों के द्वारा डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।प्राचार्य के द्वारा उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते शिक्षक दिवस के महत्व को बतलाया गया। वहीं प्रो दुर्ग विजय सिंह देव के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन के बारे में विस्तार से बताया गया। मौके पर कॉलेज की छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें मुख्य रूप से मंगलाचरण नृत्य की प्रस्तुति प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। द्वितीय वर्ष की छात्राओं के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्रथम वर्ष की छात्राओं द्वारा नागपुरी गीत हाथें शंखा चूड़ी.. पिंध के आबे रे गोरी पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर सभों को झूमने पर मजबूर कर दिया.इसके बाद क्रमश झारखंड गोरी, अनिमा के द्वारा एकल नृत्य, लेजा लेजा रे.. उल्ला उल्ला रे, बावन गजका.., गमारिया ग्रुप डांस, चिट्ठियां कलेयां रे, सहित अन्य गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया गया.कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो वैदेही प्रसाद, प्रो अर्जुन प्रसाद, शिक्षक रमेश कासी, किरण माला,राबिया तब्बसूम, मनोरमा सुनीता मिंज,पुरण बड़ाइक, रवि पाढ़ी,सतीश सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की छात्राओं में प्रियंका किंडो, असुंता लकड़ा,सलीमा डुंगडुंग, प्रतिमा डुंगडुंग,खुशी बेक, मनीषा खाखा, सलीमा बाड़ा,राजेश्वरी कुमारी, ऐमन रजा सहित अन्य छात्राओं ने अहम भूमिका निभाई।

### अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आगमन 17 को

# आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो : ललन सिंह



नवीन मेल संवाददाता

**रांची ।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह पवार 17 सितंबर को रांची आयेंगै। उनका अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवम बाबू वीर कुंवर विचार मंच की ओर से जुमार पुल के पास भव्य स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उन्हें काफिले के रूप में मूर्ति में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास लाया जाएगा। जहां पर माल्यार्पण करेंगे। उक्त जानकारी आज एक प्रेस वार्ता में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह ने दी। श्री सिंह ने बताया कि प्रेसवार्ता कर कहा कि तीन प्रमुख मांगों लेकर संगठन की ओर से राष्ट्रव्यापी रथयात्रा निकाली गई है जो 13 सितंबर से झारखंड के विभिन्न जिलों की यात्रा करते हुए 17 सितंबर को राँची पहुंचेगी।

### विभिन्न चौक-चौराहों पर करेगे माल्यार्पण

वहीं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह ने कहा कि इस दौर में आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू करना अनिवार्य हो गया है। एससी-एसटी से आने वाले वर्ग भी एससी-एसटी आरक्षण नहीं ले पाते। संगठन की ओर से 3 मांगो को लेकर निकाली गई रथयात्रा 7 अक्टूबर को जंतर मंतर दिल्ली में सम्पन्न होगा। कार्यक्रम के अनुसार रांची में बूटी मोड बूटी मोड के अलावा जस्टिस एलपीएन शाहदेव चौक पर भी माल्यार्पण करेंगे । इसके बाद दोपहर 3 :00 बजे वीर कुंवर सिंह पार्क हरमू में माल्यार्पण किया जाएगा। माल्यार्पण का कार्यक्रम बिरसा चौक, महाराणा प्रताप चौक सेक्टर 2, धुर्वा राम मंदिर, वीर कुंवर सिंह चौक, ठाकुर विश्वनाथ सहदेव चौक प्रतिमाओं पर भी किया जाएगा। शाम 6 :00 बजे हटिया चांदनी चौक इनसैलेरी एरिया स्थित राज विला एंड बैंक्विट हॉल में वे लोगों को संबोधित करेंगे। प्रेस वार्ता में विनय कुमार सिंह, विकास जी, श्याम किशोर सिंह, रामेश्वर दयाल सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

उन्होंने कहा हमारी मांग है कि वर्तमान जातिगत आरक्षण के स्थान पर आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू हो। सामाजिक समरसता स्थापित करने के लिए एससी-एसटी एक्ट का दुरुपयोग बंद किया जाय। मौजूदा समय मे इतिहास के साथ छेड़छाड़ बंद होनी चाहिए और प्रामाणिक और वास्तविक इतिहास उपलब्ध करानी चाहिए।

### तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित

# नशापान के कुप्रभावों पर दी गयी जानकारी



नवीन मेल संवाददाता

**बसिया।** बसिया इंटर कॉलेज के सभागार में आज खाद्य सुरक्षा और तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान कार्यक्रम के तहत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं को नशापान के कुप्रभावों व इससे मुक्त होने के लिए मनोवैज्ञानिक उपचार की जानकारी देते हुए खाद्य सुरक्षा के विभिन्न आयामों की गहन जानकारी दी गई। मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में उपस्थित एनटीपीसी, गुमला की जिला परामर्शी वंदना और नशा विमुक्ति केन्द्र की मनोवैज्ञानिक सुमन कुल्लू के द्वारा अलग अलग सत्रों में नशापान के विभिन्न आयामों की चर्चा करते हुए बताया गया कि हम मजे के लिए अनजाने में नशा की ओर कदम बढ़ा लेते हैं परन्तु हमें पता भी नहीं चल पाता और हम सर्वनाश के आगोश में चले जाते हैं। इस दौरान नशीले पदार्थों के फामाकोलॉजी की विस्तार से चर्चा करते हुए उन्होंने इनमें उपलब्ध जहरीले तत्वों से बच्चों को अवगत कराने का काम किया। इस कार्यक्रम के दौरान बसिया के थाना प्रभारी छोटू उराँव ने नशा सेवन व इसके व्यापार को अपराध बताते हुए इसके कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देने का काम किया जबकि दूसरे सत्र में जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी लव कुमार गुप्ता ने खाद्य सुरक्षा की गहन जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ खानपान को लेकर आज चुनौतियां बढ़ गई हैं और इसके लिए हमें कहीं अधिक जागरूकता के प्रदर्शन की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बसिया के अनुमंडल पदाधिकारी संजय पीएम कुजूर ने नशा के लिए कुसंगति को एक बड़ा कारण बताते हुए कहा कि ऐसे माहौल से बचने की आवश्यकता है। इस दौरान उन्होंने यह जानकारी भी दी कि पूरे गुमला जिले में पहली बार बसिया इंटर कॉलेज का चयन खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम के तहत ईट राईट कैम्पस के रूप में किया गया है। इसके लिए महाविद्यालय प्रबंधन और छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती क्षेत्र की तमाम बाधाओं के बाद भी एक ऐसे कैम्पस के निर्धारण के लिए भागीदारी प्राप्त करना अपने आप में एक गौरव की बात है।

### बच्ची को चाकू मारकर किया घायल

गढ़वा। थाना क्षेत्र के नवादा गांव में एक व्यक्ति ने एक बच्ची को चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल बच्ची उत्तर प्रदेश के दुद्धी थाना क्षेत्र के झीली महुआ गांव निवासी ज्ञानचंद की पुत्री प्रीती कुमारी 3 वर्ष बताया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घायल प्रीति के पिता ज्ञानचंद अपने परिवार के साथ चचेरे भाई के यहां नवादा गांव आया था इस दौरान घर के लोग खाना बनाने में लगे हुए थे। उसकी पुत्री बाहर में बच्चों के साथ खेल रही थी। इसी क्रम में एक विक्षिप्त व्यक्ति हाथ में चाकू लिए आया खेल रहे प्रीति कुमारी को चाकू मारकर घायल कर दिया। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने उस वक्त व्यक्ति के साथ मारपीट करने लगा। इसके बाद ग्रामीणों ने उसे बीच बचाव करके उसके बारे में पूछताछ कर रहा है । परिजन द्वारा घायल बच्ची को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### फरठिया गांव के आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा

# जान दे देंगे लेकिन किसी भी कीमत पर जमीन नहीं देंगे



नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के फरठिया गांव का मामला दिन प्रतिदिन गंभीर होते जा रहा है। सोमवार को भी आक्रोशित ग्रामीण अंचल कार्यालय और डीडीसी के कार्यालय पहुंचे। आक्रोशित ग्रामीणों ने कहा कि जान दे देंगे, लेकिन जमीन नहीं देंगे। जमीन अगर छीन ली गई तो बाल-बच्चों को कैसे पोषेंगे। जीवन कैसे चलेगा। ग्रामीणों ने पूर्व विधायक सत्येन्द्रनाथ तिवारी के अगुवाई में उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय व सीओ मयंक भूषण को मांग पत्र सौंपकर पहल करने की गुहार लगाई है। मौके पर पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने दोनों अधिकारियों से गरीबों को नहीं उजाड़ने और अन्यंत्र गैर मजरूआ भूमि पर विद्यालय का निर्माण करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिले में गरीब आदिवासियों व दलितों को किसी कीमत पर उजड़ने नहीं दिया जाएगा। जिला प्रशासन वैसे जगहों को क्यों नहीं चिह्नित कर कार्रवाई कर रहा है। गरीब जिनके पास अपना कोई भूमि नहीं है और वे बाल-बच्चों के साथ एक सौ वर्ष से अधिक से समय रह रहे हैं और किसी तरह अपना जीविका चला रहे हैं। उन्हें क्यों परेशान किया जा रहा है। उन्होंने भी दोनों अधिकारियों से गरीबों को ध्यान में रखते हुए अन्यत्र विद्यालय भवन का निर्माण कराने की मांग किया है। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय कर्मियों द्वारा फर्जी तरीके से भोले-भाले आदिवासी व दलितों को फंसाया जा रहा है। ऐसे पदाधिकारियों व कर्मचारियों के पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कल्याणपुर के गैरमजरूआ भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर उसी जमीन पर अल्पसंख्यक विद्यालय बनाने की मांग की है।

#### फर्जी तरीके से भूमि के लिए सहमति लिया गया : प्रदीप

फरठिया गांव निवासी प्रदीप उरावं ने कहा कि तीन सितंबर 2021 को फर्जी तरीके से विद्यालय निर्माण को लेकर भूमि के लिए सहमति लिया गया। अंचल के कर्मचारियों ने यह कहते हुए आम सभा में मुझे बुलाया कि वनाधिकार समिति का गठन करना है और सर्वसम्मति से अध्यक्ष मुझे चुना गया। लेकिन उस आमसभा में कहीं भी अल्पसंख्यक विद्यालय निर्माण को लेकर भूमि की बात नहीं की गई। मगर बाद में यह कहा जा रहा है कि मेरे अलावा अन्य 25 लोगों का हस्ताक्षर लेकर यह उल्लेख किया गया कि आम सभा में सभी ने सहमति से अल्पसंख्यक विद्यालय का निर्माण के लिए भूमि पर सहमति प्रदान की गई। जो सरासर गलत और फर्जी है। प्रदीप उरावं ने सीओ के समक्ष ही कर्मचारी से इस बात को कहा। जिस पर कर्मचारी कुछ नहीं बोल पाए। विदित हो कि फरठिया गांव में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय निर्माण के लिए अंचल कार्यालय की ओर से करीब नौ एकड़ भूमि चयनित किया गया है। वर्तमान में उक्त भूमि पर दलित, चौधरी व आदिवासी वर्ग के लोगों का एक सौ वर्षों से कब्जा है। जिस पर वे रह रहे हैं और भूमि में खेती पर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।

### राशन में कटौती के खिलाफ ग्रामीण हुए एकजुट, बोले ग्रामीण

# अधिकारियों की उदासीनता से डीलर कर रहे मनमानी

नवीन मेल संवाददाता



**कुरडेग।** प्रखंड के डूमरडीह पंचायत में सोमवार को गताडीह में आम सभा रखा गया। जिसका मुख्य मुद्दा वहां का राशन डीलर गोबरधन प्रसाद गुप्ता द्वारा काफी लंबे समय से भारी मात्रा में लोगो के राशन कटौती करने और विरोध करने पर धमकी देने का लेकर रहा। बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस प्रदेश सदस्य सह इंटक प्रदेश सचिन दिलीप तिर्की ग्रामीणों द्वारा आमंत्रित थे। बैठक में जिला परिषद उपाध्यक्ष सोनी पैकरा, डूमरडीह मुखिया ,पंचायत समिति सदस्य, नंदलाल साहू सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे। सभा मे लोगो ने बारी बारी से कहा कि हमारा राशन डीलर गोबरधन प्रसाद गुप्ता लगभग 40 वर्षो से राशन वितरण कर रहा। इस दौरान कई बार राशन घोटाले के आरोप लगे हैं। कई बार ग्राम सभा मे माफी भी मांग चुका लेकिन आज भी इनका रवैया नही सुधरा। आज भी लोगों को पहचान पहचान कर किसी को 3,4,5 किलो राशन की कटौती करते हैं। जब ये राशन तौलते है तब 3 या 5 किलो नमक रख देते और वह नमक भी खुद रख लेते और जब हम ग्रामीण विरोध करते तो हमे इनके द्वारा धमकी दिया जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी जानकारी सीओ, बीडीओ को भी है लेकिन आज भी हालात ऐसे ही हैं। मौके पर दिलीप ने सभों को संबोधित कर यह कहा कि जिले में ऐसे बहुत सारे डीलर हैं जो लगभग ऐसे ही बिना डरे लोगो के साथ अन्याय कर रहे हैं। अधिकारियों की उदासीनता रवैये के कारण ही ऐसा हो रहा है। ऐसे राशन डीलर पर जरूर कार्यवाही होगी ताकि जिले के दूसरे गलत करने वाले लोग डरें। दिलीप ने लोगो से यह भी कहा कि आप क्या चाहते हैं।मौके पर लोगो ने कहा कि राशन वितरण के लिए इसी पंचायत में 12 महिला ग्रुप हैं। सभी ग्रुप से दो दो महिलाओं को मिलाकर एक समूह बने जिसे डीलरशिप आवंटित किया जाय। और जब वितरण हो उस वक्त वार्ड या मुखिया की उपस्थिति भी हो ताकि ऐसी गड़बड़ी दुबारा न हो। इसपर दिलीप ने सभों की सहमति को आवेदन के माध्यम से जिला में देने का पहल कराया। साथ ही कहा वर्तमान डीलर में जांच और कार्यवाही करने की बात कही। जिसके लिए जिला खाद्य आपूर्ति के नाम सामूहिक आवेदन तैयार कर जीप उपाध्यक्ष सोनी पैकरा और मुखिया की उपस्थिति में सैकड़ों लोगों ने हस्ताक्षर किया। साथ ही सोनी द्वारा कहा गया गलत करने वाले के खिलाफ कार्यवाही जरूर होगी और जो निर्णय यहां हुआ है, उसी पर हम कार्य करेंगे।

## न्यूज गैलरी

### एटीएम को काटकर नकद की चोरी

रांची। राजधानी रांची में एटीएम से पैसे चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। देर रात 2.00 बजे रातू थाना क्षेत्र के काठीटाड़ में चोरों ने दो एटीएम को काटकर सारे पैसे लेकर भाग गए हैं। आज सुबह स्थानीय लोग जब पैसे निकालने एटीएम गए तो देखे कि दोनों एटीएम कटा हुआ है। इस मामले की जानकारी रातू थाने की पुलिस को दी। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद रातू थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने की संख्या में चोर आए थे और इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और यह जानकारी जुटाने में लगी हुई है कि किस चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### डीजीपी ने साहस दिखाने वाले पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

रांची। डीजीपी नीरज सिन्हा ने रांची पुलिस के दो कर्मियों को ड्यूटी के दौरान जान की बाजी लगाकर अपराधियों को गिरफ्तार करने को लेकर 10-10 हजार रुपये देकर सम्मानित किया। रांची जिला बल के जवान संदीप कुमार ने 28 अगस्त को विस्थापित कॉलोनी में हथियार लहरा रहे अपराधी अक्षय कुमार सिंह को खुद निहत्था रहने के बावजूद पकड़ा था। तब संदीप ने अक्षय को दो लोडेड कट्टा के साथ गिरफ्तार किया था। वहीं पीसीआर के चालक संतोष कुमार ने धुर्वा आदर्शनगर में विमल महली को गोली मार कर भाग रहे अपराधी द्वारिका सिंह को 1 सितंबर को हथियार के साथ दबोचा था। चाकू से हमला किए जाने के बाद भी संतोष ने द्वारिका को दबोचे रखा था। ऐसे में दोनों पुलिसकर्मियों को साहसिक तरीके से कार्य करने को लेकर डीजीपी ने पुरस्कृत किया। मौके पर एडीजी मुख्यालय, एडीजी अभियान, आईजी अभियान, आईजी मानवाधिकार समेत राज्य पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### कांग्रेस एससी विभाग की बैठक, भारत जोड़ो यात्रा को सफल बनाने का लिया संकल्प

रांची। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आज कमेटी के चेयरमैन केदार पासवान की अध्यक्षता में कांग्रेस भवन, रांची में हुई। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, संगठन प्रभारी रविन्द्र सिंह, कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो उपस्थित हुए। बैठक का संचालन रंजीत बाउरी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजेश लिलोटिया जी के झारखंड भ्रमण, भारत जोड़ो यात्रा कार्यक्रम की सफलता पर विचार विमर्श किया गया।

### एटीएम को काटकर नकद की चोरी

**रांची।** राजधानी रांची में एटीएम से पैसे चोरी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं। देर रात 2.00 बजे रातू थाना क्षेत्र के काठीटाड़ में चोरों ने दो एटीएम को काटकर सारे पैसे लेकर भाग गए हैं। आज सुबह स्थानीय लोग जब पैसे निकालने एटीएम गए तो देखे कि दोनों एटीएम कटा हुआ है। इस मामले की जानकारी रातू थाने की पुलिस को दी। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद रातू थाने की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि कितने की संख्या में चोर आए थे और इस घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है और यह जानकारी जुटाने में लगी हुई है कि किस चोरों ने इस घटना को अंजाम दिया है।

### नवनियुक्त शिक्षक संघ ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर आभार जताया

रांची। नव नियुक्त शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर से मुलाकात कर शिक्षक नियुक्ति मामले में कांग्रेस के सकारात्मक सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में जो शिक्षक ज्वॉइन है उन्हें यथावत बनाए रखते हुए मेरिट लिस्ट का प्रकाशन व नियुक्ती जल्द से जल्द कराने का आग्रह किया ताकि शिक्षक मानसिक रूप से तनाव मुक्त हो कर राज्य के विकास में अपना योगदान दे सके। मुलाकात करने वालों में रांची जिला नवनियुक्त शिक्षक संघ के अध्यक्ष समीर चौधरी, उपाध्यक्ष अबरार अहमद, मीडिया प्रभारी मो मुदस्सर, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, पंकज मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

---

### स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए पदाधिकारी करें काम : मनीष रंजन

# मनरेगा योजनाओं का बेहतर ढंग से होगा क्रियान्वयन : राजेश्वरी बी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के सचिव डॉ मनीष रंजन ने कहा कि राज्य में स्वयं सहायता समूहों सहित ग्राम संगठन को मजबूत करने में क्लस्टर लेवल फेडरेशन की अहम भूमिका होती है। राष्ट्रीय आजीविका मिशन से महिलाओं की स्थिति में काफी सुधार हो रहा है। महिलाएं रोजगार के अवसर पाकर न सिर्फ आत्मनिर्भर हो रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन कर उभरी हैं। राज्य में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी प्रत्येक महिला की आय में बढ़ोत्तरी हो इस निमित्त आप सभी पदाधिकारीगण मेहनत, पारदर्शिता एवं प्रमाणिकता के साथ अपना काम करें, आगे बढ़ें। वह आज मनरेगा अंतर्गत सीएलएफ को पीआईए के रूप में बेहतर क्रियान्वयन हेतु क्षमतावर्द्धन के लिए आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला में बोल रहे थे।



डॉ मनीष रंजन ने कहा कि मनरेगा के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए एक वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों की अकुशल मजदूरी हर इच्छुक परिवार को दिये जाने का प्रावधान है। आप इसके लिए जरूरतमंद परिवारों को जागरूक कर पात्र लाभुकों को रोजगार से जोड़ें। व्यक्तिगत लाभ हेतु उचित योजना का चयन तथा महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के साथ ही मनरेगा प्रावधानों के अनुसार एनआरएलएम को कलस्टर लेबल फेलिसिटेशन को भी प्रोग्राम इंप्लीमेंटिंग एजेंसी बनाने की पहल की जाए। इसे ध्यान में रखते हुए चयनित होने वाले सीएलएफ बागवानी से संबंधित योजनाओं जिसमें बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बगिया योजना, दीदी बाड़ी योजना एवं अन्य व्यक्तिगत योजनाओं इत्यादि में प्रोग्राम इंप्लीमेंटिग एजेंसी, पीएआइए के रूप में कार्य करे, यह सुनिश्चित करें। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ग्राम, पंचायत, प्रखंड-जिला स्तर पर महिला स्वयं सहायता

> महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए ग्राम, पंचायत, प्रखंड-जिला स्तर पर महिला स्वयं सहायता समूहों के संघों को तैनात कर अधिक से अधिक रोजगार का सृजन उपाये कराया जा सके।

समूहों के संघों को तैनात कर क्रियान्वयन एजेंसी के रूप में कार्य लें ताकि महिलाओं के लिए अधिक से अधिक रोजगार का सृजन हो सके। ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगा तभी झारखंड विकास के पथ पर तेज गति से आगे बढ़ पाएगा। सचिव ने कहा कि सशक्तिकरण के लिए आजीविका मिशन नायाब उपाय है। झारखंड की गरीब, निम्न तथा मध्यम वर्गीय माताओं-बहनों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आजीविका मिशन रामबाण है। आजीविका मिशन से बड़ा कोई ब्राण्ड नहीं हो सकता है।

---

### लगातार दूसरी जीत के साथ टीम अजय सेमीफाइनल में

## गंगा और दामोदर ने भी मैच जीत कर सेमीफाइनल की ओर बढ़ाया कदम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के रांची में मीडिया कप फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स में टीम अजय ने लगातार दूसरी जीत दर्ज करते हुए ग्रुप बी से सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली।

दूसरी ओर ग्रुप ए में टीम गंगा और टीम दामोदर ने अपने अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल की ओर एक कदम और बढ़ा लिया। वहीं टीम शंख लगातार दूसरी हार के साथ सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है। सोमवार को मुख्य स्टेडियम में खेले गए पहले मुकाबले में टीम गंगा ने राजेश सिंह के दो शानदार गोल की बदौलत टीम स्वर्णरिखा को आसानी से 2-0 के अंतर से हराकर पूरे अंक बटोरे। पहले हाफ में टीम गंगा के राजेश सिंह ने भुवनेश्वर के पास पर 5वें मिनट में गोल दागा टीम को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ के 24वें मिनट में राजेश सिंह ने गोल दागकर बढ़त दोगुनी कर दी। एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड में मयूराक्षी और अमानत के बीच खेले गया पहला मुकाबला गोलरहित बराबरी पर छूटा। दोनों टीमों को गोल करने के कई अवसर मिले लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। मुख्य स्टेडियम में खेले गए दूसरे मुकाबले में टीम अजय ने टीम शंख को एकतरफा मुकाबले में 1-0 से हराकर पूरे तीन अंक बटोरे। अजय की ओर से उदयम प्रभात ने 14वें मिनट में गोल दाग कर बढ़त दिलाई। यही बढ़त अंत तक बरकरार रही। एथलेटिक्स प्रैक्टिस ग्राउंड के दूसरे मुकाबले में टीम दामोदर ने टीम भैरवी को 1-0 से हराया।

---

# राज्यपाल से भाजपा ने की शिकायत तुष्टीकरण के कारण बढ़े अपराध

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश राज्य सरकार की शिकायत राज्यपाल से की है। राज्यपाल रमेश बैस को दिए पत्र में बताया गया है कि रोजाना महिला अपराध, नाबालिगों से बलात्कार, पेट्रोल से जलाकर मारने जैसी भयानक और दर्दनाक घटना, लोभ,भय और चंगाई सभा के माध्यम से जबरन धर्मांतरण के प्रयास हो रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा है कि राज्य में पिछले 32 महीनो में 5400 से ज्यादा बलात्कार की घटनाएं हुई है। जिसमे अधिकांश आदिवासी और दलित परिवार की बहन बेटियां प्रभावित हुई हैं। दीपक प्रकाश ने मांग की है कि हालिया घटनाओं में सख्त कार्रवाई का निर्देश राज्य सरकार को दी जाए।

**किन घटनाओं का भाजपा ने किया जिक्र**

11 अगस्त- राज्य में चंगाई सभा के नाम पर धर्मांतरण का प्रयास। 18 अगस्त- बड़कागांव में ग्रामीणों पर मुस्लिम धर्म अपनाने का दबाव। 24 अगस्त - दुमका में घर में सोई नाबालिग छात्रा को पेट्रोल छिड़ककर जलाया गया। 1 सितंबर- बोकारो एसपी आवास परिसर में अपने शरीर पर पेट्रोल डाल महिला ने न्याय नहीं मिलने के कारण आत्मदाह का किया प्रयास। 2 सितंबर- दुमका में बांग्लादेशी संगठन सक्रिय,लड़कियों को झांसे में लेकर बदला जा रहा धर्म। 3 सितंबर- खूंटी में ट्रिपल मर्डर मामले में पत्थलगड़ी कनेक्शन। 5 सितंबर -लोहरदगा में लव जिहाद का मामला उजागर। 6 सितंबर - खूंटी में लव जिहाद का मामला उजागर। 9 सितंबर- दुमका लव जिहाद मामले में आरोपी डीएसपी ने इसी प्रकार के एक अन्य मामले में 90 दिनों तक चार्जशीट दर्ज नही किया,क्योंकि आरोपी समुदाय विशेष का है।

---

### झारखंड पार्टी में तीसरी बार फूट, नई अबुआ झारखंड पार्टी का गठन

**रांची।** झारखंड आंदोलन के प्रणेता स्व. एनई होरो द्वारा गठित झारखंड पार्टी (झापा) में तीसरी बार फूट पड़ गई है। पहले झापा एनोस गुट और झापा रिलन गुट के रूप में चल रही थी। परंतु चुनाव आयोग के द्वारा रिलन गुट को पार्टी सिंबल नहीं मिलने व एनोस गुट के पक्ष में फैसला आने के बाद अब अबुआ झारखंड पार्टी के रूप में नए राजनीतिक दल का गठन किया गया है। जिसकी घोषणा सोमवार को जीईएल चर्च मिशन कंपाउंड स्थित एनई होरो के आवास में की गई। जिसमें उनके पुत्र रिलन होरो को पार्टी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। इसके अलावा कार्यकारी अध्यक्ष सोमा मुंडा को बनाया गया है, जबकि उपाध्यक्ष के पद पर अजय तोपनो, जावेद पाशा, महासचिव के पद पर विजय आइंद, निकोदिम लकड़ा, मोनरेन तोपनो, एसटी एक्का व कोषाध्यक्ष के पद पर संजय कुजूर को मनोनित किया गया है।

---

### योग विस्तार करने व योग को घर-घर तक पहुंचाने का लिया संकल्प

## आज के समाज में जो विधि व्यवस्था बनी हुई है, इसके लिए युवाओं को आगे आना जरूरी : आचार्य सतीश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** विगत रविवार को सुबह 11:00 बजे से आचार्यकुलम विद्यालय बरगांवा, रांची झारखंड में हुई। इस दौरान योग विस्तार करने योग को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में हरिद्वार से आए मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश, केंद्रीय प्रभारी युवा भारत आचार्य सतीश की मुख्य रूप से मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य केंद्रीय प्रभारी भाई राकेश ने कहा कि योग के माध्यम से हम हर प्रकार के बीमारी को ठीक कर सकते हैं और यह एक बहुत बड़ी सेवा का कार्य है। दूसरों की सेवा करते हैं हम पुण्य कमा सकते हैं। यह विश्वकर्म की प्रधानता पर टिकी हुई है, जैसा कर्म करें उसका फल हमें



स्वयं प्राप्त होता है तथा परिणाम दूसरों को भी प्राप्त होती है। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय युवा प्रभारी आचार्य सतीश ने कहा कि आज के समाज में जो विधि व्यवस्था बनी हुई है, इसके लिए युवाओं को आगे आना पड़ेगा। युवा ही राष्ट्र और देश का परिवर्तन कर सकते हैं। कुल 12 जिला से आए हुए जिला प्रभारी योग शिक्षक, कार्यकर्ता एवं सभी प्रभारियों ने पिछले 3 माह तक समाज के क्षेत्र में किए गए कार्य का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया एवं आगामी 3 माह तक किए जाने वाले कार्य का संकल्प लिया 3 माह के बाद बैठक होना सुनिश्चित हुई है। बैठक की अध्यक्षता झारखंड राज्य प्रभारी रामजीवन जी एवं संचालन प्रदेश महामंत्री करम जी ने किया इस बैठक में भारत स्वाभिमान के राज्य प्रभारी रामजीवन, पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी, पतंजलि किसान सेवा समिति के राज्य प्रभारी करम, महिला पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी सुधा, युवा भारत के सह राज्य प्रभारी उमेश और अचार्यकुलम विद्यालय के पूज्य स्वामी दिव्यदेव जी सहित राज्य कार्यकारिणी सदस्य लाला लक्ष्मण लाल जी, राजीव शरण जी, सुधीर, शिवशंकर, ईश्वर, अमित जी उपस्थित थे।

---

## रांची के श्लोक वत्सल पढ़ेंगे देश की सर्वोच्च रैंकिंग यूनिवर्सिटी में

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अरसंडे, कांके निवासी श्लोक वत्सल देश की सर्वोच्च रैंकिंग वाली यूनिवर्सिटी इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी) बेंगलुरु में 4 वर्षीय बैचलर ऑफ साइंस की पढ़ाई करेंगे। उनका चयन भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय की किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) के तहत हुआ है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को बेसिक साइंसेज में रिसर्च करियर अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। ग्यारहवीं का छात्र रहते हुए श्लोक ने गत वर्ष आईआईएससी की परीक्षा में देश में 52 वां रैंक प्राप्त किया था। श्लोक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले रहे राजधानी रांची के एकमात्र युवक हैं। इस पाठ्यक्रम के कुल 150 सीटों में से 40% सीटों पर नामांकन जेईई के माध्यम से भी होता है किंतु उसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर 200 के अंदर रैंक प्राप्त करना आवश्यक है। शहर के बाकी युवाओं को आईआईटी रास आया जबकि श्लोक का झुकाव आरंभ से ही रिसर्च के क्षेत्र में था। आगे पीएचडी रिसर्च के लिए विदेश जाना चाहते हैं। इसलिए आईआईटी एडवांस सहित एक दर्जन संस्थाओं की प्रवेश परीक्षा में उच्च



रैंक प्राप्त करने के बावजूद उन्होंने आईआईएससी को चुना। इन्होंने आईआईटी जेईई मेंस में देश में 519वां, एडवांस्ड में 1012वां, इंडियन स्टैटिसटिकल इंस्टीट्यूट की प्रवेश परीक्षा में 61वां, वेस्ट बंगाल जेईई की परीक्षा में 12वां, आणविक ऊर्जा विभाग द्वारा आयोजित नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट में 21वां तथा इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च एप्टिट्यूड टेस्ट में 8वां स्थान प्राप्त किया। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च द्वारा आयोजित इंडियन नेशनल बायोलॉजी ओलंपियाड में देश में सर्वोच्च 1% लोगों में तथा इंडियन नेशनल केमेस्ट्री ओलंपियाड में झारखंड के सर्वोच्च 1% लोगों में शुमार रहे।

---

### रांची जिला युवा सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

# पुलिस मित्र की तर्ज पर बनेगी जिला युवा सुरक्षा समिति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची ज़िला युवा सुरक्षा समिति की बैठक सोमवार को पहाड़ी मंदिर की तलहटी में निशांत यादव की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अतिथि के रूप रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी, संयोजक मुनचुन राय, मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल शर्मा उपस्थित थे। ज़िला दुर्गापूजा समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि अच्छे आचरण वाले युवाओं को समिति में आपलोग शामिल करें, जो मां भवानी के भक्तों को सेवा प्रदान कर सकें। संयोजक मुनचुन राय ने कहा कि दो वर्षों के पश्चात इस वर्ष भव्य दुर्गापूजा का आयोजन होने जा रहा है, सभी थाना क्षेत्रों से पूजा समिति के साथ समन्वय बनाकर पुलिस




मित्र की तर्ज पर आपलोग समिति का गठन करें। मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित ने कहा कि राँची में लाखों भक्तों की भीड़ आती है अतः भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो इसके लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता करते हुए निशांत यादव ने कहा कि रांची में दुर्गा पूजा के दौरान प्रत्येक पंडाल एवं मुख्य मार्गों पर रांची ज़िला युवा सुरक्षा समिति श्रद्धालुओं की सेवा में हमेशा तत्पर रहेगी एवं पूजा समिति को अपना पूर्ण सहयोग देगी साथ प्रत्येक थाना क्षेत्रों में युवाओं की एक टीम तैयार की जाएगी।

इस बैठक में अशोक पांडे, पूनम

> मुख्य संरक्षक अशोक पुरोहित ने कहा कि राँची में लाखों भक्तों की भीड़ आती है अतः भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई ना हो इसके लिए युवाओं को आगे आने की जरूरत है।

सिंह जी, आशीष शर्मा शुभम पुरोहित, मनीष कुमार केशरी, अमित अग्रवाल, सुधांशु गौतम कुमार अर्पित कुमार सुधांशु कुमार, संदीप गुप्ता, दीपक गुप्ता, अमित वर्मा, मनोज यादव, विवेक गुप्ता, शशिकांत तिवारी, विक्की शर्मा अमरजीत कुमार रोशन कुमार सिद्धार्थ जी मनोज कुमार, चंदन वर्मा, कृष्णा आदि सैकड़ों की युवा उपस्थित रहे।

---

### फादर ऑफ जेनेटिक्स ग्रेगोर मेंडल की 200 वीं जयंती पर विशेष व्याख्यान आयोजित

# फसल उत्पादकों के रोजगार अवसर को आसान बनाने में प्लांट ब्रीडर की बड़ी भूमिका : जय प्रकाश

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची ।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को फादर ऑफ जेनेटिक्स ग्रेगोर जोहान मेंडल की 200 वीं जयंती के अवसर पर विशेष अतिथि व्याख्यान आयोजित की गई. इंडियन सोसाइटी ऑफ जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग, रांची चौप्टर द्वारा आयोजित इस व्याख्यान का विषय नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रू पौध प्रजनन के माध्यम से उद्यमिता था. मुख्य वक्ता बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग के पूर्व प्रोफेसर और प्रमुख डॉ जय प्रकाश लाल थे.



डॉ लाल ने कहा कि 21वीं सदी में छात्रों को सीखने और कमाने के लिए विपुल ज्ञान की जरूरत है. राष्ट्रीय शिक्षा नीति - 2020 का उद्देश्य समावेशी, न्यायसंगत और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण के लिए युवाओं के योगदान को बढ़ावा देना है. यह भागीदारीपूर्ण, समग्र और समावेशी दृष्टिकोण को बढ़ावा देती है. जो क्षेत्र के अनुभवों, तथ्यात्मक शोध, हितधारकों से फीडबैक और सर्वोत्तम प्रथाओं से सीखे गए सबक का परिणाम है. यह निवर्तमान छात्रों को रोजगार के लिए संस्थागत फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज के उपयोग के लिए प्रेरित करता है.

डॉ लाल ने जेनेटिक्स एवं प्लांट ब्रीडिंग शिक्षा पेशे को प्रचलित रोजगार के लिए प्रासंगिक बनाने और छात्रों को भावी कृषि चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करने पर जोर दिया. कहा कि फसल उत्पादकों के रोजगार अवसर को आसान बनाने में प्लांट ब्रीडर की बड़ी भूमिका है. प्लांट ब्रीडर पौधों की संरचना को संशोधित एवं कीट और बीमारियों के खिलाफ प्रतिरोधी किस्में विकसित करते हैं, उपभोक्ता की मांग और अन्य वांछनीय परिवर्तनों को पूरा करने के लिए गुणवत्तायुक्त उपज में सुधार लाते हैं.

---

### नगर निगम परिषद की बैठक 16 को, 35एजेंडा पर होगी चर्चा

**रांची।** रांची नगर निगम की मेयर डॉ. आशा लकड़ा ने सोमवार को नगर आयुक्त को पत्र लिखकर 16 सितंबर को रांची नगर निगम परिषद की बैठक आहूत करने का निर्देश दिया है। निगम परिषद की बैठक में कुल- 35 एजेंडा पर चर्चा की जाएगी। शामिल किए गए कुछ महत्वपूर्ण एजेंडा इस प्रकार हैं। 15 दिनों के अंदर अधिकारियों द्वारा जनता दरबार लगाकर जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर चर्चा। रांची झारखंड राज्य की राजधानी है। रांची नगर निगम के नियंत्राधीन अटल स्मृति वेंडर मार्केट के वि्पिबम/ब्वउउमतबपंस ैचंबम का निर्धारित दर संशोधित करने के संबंध में। रांची नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वर्तमान में 226मॉड्यूलर के अधिष्ठापन के लिए ई-निविदा का प्रकाशन, स्थल चिन्हित तथा संचालन एवं रख-रखाव पर होने वाले व्यय का भुगतान निगम मद से करने की स्वीकृति के संबंध में।

---

# श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट के द्वारा श्राद्ध दिवस के मौके पर जरूरतमंदों के बीच बांटा सामग्री

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट एव और स्वामी सदानंद प्रणामी चैरिटेबल ट्रस्ट (रजि.) दिल्ली शाखा रांची के सयुंक्त तत्वाधान में ट्रस्ट के सदस्यों ने सोमवार को पितृ पक्ष (श्राद्ध) दूसरे दिवस के उपलक्ष्य में निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में आये हुए लगभग 150 निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं के बीच सामूहिक श्राद्ध दिवस का सफल आयोजन कर सभी आये हुए बच्चों एवं महिला-पुरुषों को श्राद्ध प्रसाद में महिलाओं के बीच साड़ी एवं नायटी का और बच्चों के बीच दैनिक उपयोग की चीजें जैसे टूथब्रश, टूथपेस्ट, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन का वितरण संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया। वितरण का कार्य सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, ओमप्रकाश सरावगी, विष्णु सोनी वहां के सेवाधारियों की देखरेख में संस्था के सदस्यों के द्वारा किया गया।



> निमार्णाधीन श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में आये हुए लगभग 150 निर्धन बच्चों एवं ग्रामीण महिलाओं के बीच सामूहिक श्राद्ध दिवस के मौके पर सभी को जरूरत की चीजें दी गयी।

आज की सेवा के महान कार्यक्रम में संस्था के सचिव मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाड़िया, नवल टिबडेवाल, ओमप्रकाश सरावगी, बिष्णु सोनी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु एव संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे। यह सभी जनकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

## न्यूज गैलरी

### लोहरदगा में पीएम नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन



**लोहरदगा।** उप निदेशक, प्रशिक्षण (मु0), निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, राँची के निदेश के आलोक में सोमवार को जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कॅरियर सेन्टर, लोहरदगा परिसर में पीएम नेशनल अप्रेंटिशिप मेला का आयोजन किया गया। इस मेला में आई0टी0आई0 उर्त्तीण प्रषिक्षणार्थी, 5वीं से स्नातक पास अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों शामिल हुए। इसमें 50 युवक-युवतियां शामिल हुए। मेले में स्टार हेल्थ एन्ड एलाइड इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, हिंडालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मेडिकेयर, विजन इंडिया सर्विस प्राइवेट लिमिटेड और परम स्किल ट्रेनिंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पदाधिकारी व प्रतिनिधिगण शामिल हुए। जिला नियोजनालय लोहरदगा को ओर से जिला समन्वयक (स्किल) अवनीश कुमार, लिपिक रमित मिंज व अन्य उपस्थित थे।

### कोर्ट के आदेश पर फरार अपराधी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तहार



**सेन्हा-लोहरदगा।** व्यवहार न्यायालय गुमला के निर्देश पर सेन्हा में फरार आरोपी के घर इश्तेहार चिपकाया गया। गुमला जिला के घाघरा थाना कांड संख्या 36/19 के आरोपी लोहरदगा जिला के सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा निवासी देवधान उर्फ देवनाथ यादव का पुत्र राजेश यादव के घर में व्यवहार न्यायालय के निर्देश पर घाघरा थाना पुलिस ने सेन्हा पुलिस के सहयोग इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। जानकारी देते हुए घाघरा थाना के एस आई मुकेश कुमार ने बताया कि राजेश यादव 2019 में पुलिस पर फायरिंग का आरोपी है। जिसे पुलिस को काफी दिनों से उसका तलाश है। मौके पर सेन्हा थाना एस आई सन्तोष कुमार और घघरा थाना एस आई मुकेश कुमार दल बल के साथ मौजूद थे।

### जवाहर नवोदय विद्यालय में मानव तस्करी के विषय पर नुक्कड़ नाटक का किया गया आयोजन



**कोलेबिरा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में सिमडेगा जिला प्रशासन की ओर से 'मानव तस्करी' विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानव तस्करी जैसे संगीन अपराध को रोकना तथा छात्रों को जागरूक करना था। इस मौके पर प्राचार्य बी पी गुप्ता ने कहा कि मानव तस्करी कानूनन एक संगीन अपराध है। इस प्रकार के अपराध को रोकने के लिए हम सभी को जागरूक होने की जरूरत है। मानव तस्करी भारत ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर एक गंभीर व संवेदनशील समस्या बनकर उभर रही है। मानव तस्करी से पीड़ित व्यक्ति से देह व्यापार, घरेलू काम तथा गुलामी इत्यादि कार्य उसकी इच्छा के विरुद्ध करवाए जाते हैं। यदि इस समस्या को जड़ से खत्म करना है तो पूरे समाज को जागरूक करना होगा। जिला प्रशासन के द्वारा चलाया गया यह कार्यक्रम सराहनीय है। उन्होंने इस मौके पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करने वाले कर्मियों को प्रोत्साहन स्वरूप एक हजार की राशि प्रदान की। इस अवसर पर संजय कुमार सिंहा (वरीय शिक्षक), रामायण पासवान, मनोज कुमार, नमिता कुमारी, दीप्ति यादव, इंदिरा मिश्रा, बी के भुइँया, अवधेश रजक, बिकास चंद्रा, फराज अहमद, रूपा रोज बिलुंग सहित सभी कर्मचारी मौजूद थे।

### केन्द्रीय दुर्गापूजा के अध्यक्ष/सचिव एवं अन्य संगठनों के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक

# सुरंग जैसा गुफानुमा पूजा पंडाल को नहीं बनाये, पंडाल में हो समुचित व्यवस्था : एसडीओ

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** अनुमण्डल पदाधिकारी लोहरदगा अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में सोमवार को केन्द्रीय दुर्गा पूजा के अध्यक्ष/सचिव एवं अन्य संगठनों के पदधारी एवं गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक आयोजित हुई। सर्वप्रथम अनुमण्डल पदाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य लोगों का बैठक में आने के लिए स्वागत किया गया तथा आभार व्यक्त किया गया कि विगत वर्ष आप लोगों के सहयोग से लोहरदगा जिला में दुर्गा पूजा बहुत ही अच्छे ढंग से एवं शांति पूर्वक संपन्न हुआ। आप सभी से आशा की जाती है कि विगत वर्ष की भांति ही दुर्गा पूजा 2022 में भी आप का सहयोग प्रशासन को मिलेगा।



केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं सचिव तथा उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों द्वारा इस वर्ष दुर्गा पूजा की रूप रेखा के संबंध में जानकारी दी गई। बताया गया कि दिनांक 26.09.2022 को ही कलश स्थापना हो जायेगा तथा दिनांक 01.10.2022 एवं दिनांक 02.10.2022 को ललित नारायण स्टेडियम में डांडिया नृत्य का आयोजन केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा कराया जायेगा। दिनांक 05.10.2022 को विजयादशमी के दिन ही सभी प्रतिमाओं का विर्सजन विभिन्न नजदीकी तालाबों में किया जायेगा। लोहरदगा शहर अन्तर्गत ही दो-तीन पूजा पंडाल के द्वारा एक दिन याद अर्थात एकादशी के दिन विर्सजन किया जाता है परन्तु केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति द्वारा यह प्रयास किया जायेगा की दिनांक 05.10.2022 विजयादशमी के दिन ही सभी प्रतिमाओं का विसर्जन हो जाये। केन्द्रीय दुर्गा पूजा समिति के द्वारा बाताया गया कि पूर्व से लगने वाले दशहरा मेला मैदान बक्सीडीपा में घर एवं दुकानों का निर्माण हो जाने के कारण तथा मेला के लिए स्थान नहीं बचने कारण इस वर्ष दिनांक 05.10.2022 को विजयादशमी के दिन बक्सीडीपा में फॉरेस्ट ऑफिस के पीछे बदला जाने वाला रोड के खाली मैदान में रावण दहन का कार्यक्रम एवं मेला का आयोजन किया जाना है।

### राशन डीलर के द्वारा कम राशन वितरण करने पर हंगामा

## ग्रामीणों ने प्रखंड कार्यालय का किया घेराव

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** प्रखंड में लगातार कम राशन वितरण का मामला सामने आ रहा है। दिन प्रतिदिन इस तरह का मामला आ रहा है, जिससे जनता पूरी तरह तंग आ रही है।ऐसा ही एक मामला कोलेबिरा प्रखंड के बरसलोया पंचायत के अंतर्गत जागृति स्वयं सहायता समूह राशन डीलर को ग्रामीणों ने घेरा। ग्रामीणों ने बताया कि राशन डीलर पिछले 2 महीनों से राशन वितरण में कमी कर रहे थे, जहां जुलाई माह का लाल कार्डधारकों को वितरण करने पर प्रति व्यक्ति प्रति यूनिट 5 किलोग्राम राशन वितरण करना है वहां कार्ड धारक को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम राशन वितरण किया जा रहा था। परंतु अगस्त माह का राशन वितरण के समय पूरे कार्डधारक जमकर हंगामा किया। जब तक राशन 5 किलो नहीं दिया जाएगा तब तक राशन नहीं लेंगे। वही जनता पूरी तरह से आक्रोशित नजर आई।पूरा मामला गंभीर रूप ले लिया।वहीं ग्रामीणों ने कोलेबिरा प्रखंड कार्यालय का भी घेराव करते हुए नजर आए। उन्होंने कम राशन नहीं लेने के समस्या को लेकर प्रखंड कार्यालय में भी हंगामा किया और लिखित पत्र प्रखंड अंचलाधिकारी को भी सौंपा। कहा की जब तक राशन पूरी नहीं मिलती है तब तक हम नहीं मानेंगे। वहीं राशन वितरक के जागृति स्वयं सहायता समूह के दीदी सनारती डांग एवं कुंवारी डांग से बात हुआ तो उन्होंने बताया कि हमें राशन ऊपर सही करके मिला हुआ है हमें डेढ़ किलो ग्राम राशन वितरण करने का आदेश दिया गया है।गांव के मुखिया ने बताया की ग्रामीणों के द्वारा उन्हें राशन डीलर के पास बुलाया गया था जहां जाने के बाद उनका राशन कार्ड के जांचोपरांत पाया गया कि उन्हें एक व्यक्ति पर 5 किलोग्राम के जगह 2 किलोग्राम दिया गया है जहां यह गलत है उन्हे उचित राशन मिलना चाहिए।

## सगे भाई ने मारकर महिला को किया गंभीर रूप से घायल, पहुंचाया गया अस्पताल



**पाकरटांड।** थाना क्षेत्र के खास बाजार के समीप एक 30 वर्षीय महिला को उसके सगे भाई ने लकड़ी से उसके सिर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल अवस्था में महिला को एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा गया जहां पर उक्त महिला का इलाज चल रहा है।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार केरसई थाना क्षेत्र के अम्बापनी गांव निवासी 30 वर्षीय रुकमणी केरकेट्टा अपने मायके गई थी इसी बीच उसके अपने सगे भाई से किसी बात को लेकर विवाद हुआ और उसके सगे भाई ने उसके सिर पर वार करते हुए घायल कर दिया ।स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस को कॉल किया जिसके बाद चालक विनोद कुमार तत्काल एंबुलेंस से उसे सदर अस्पताल लाया ।इधर सदर अस्पताल में रुक्मणी का इलाज चल रहा है बताया गया कि सिर पर गहरी चोट लगे हैं।

## नुक्कड़-नाटक के जरिये कलाकारों ने दी योजनाओं की जानकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिला जनसम्पर्क कार्यालय, लोहरदगा के द्वारा सूचीबद्ध कला दल झारखंड का नवा मंजर के कलाकारों द्वारा गणेश लोहरा के नेतृत्व में आज किस्को प्रखंड के पाखर पंचायत में सरकार की योजनाओं यथा; नीलाम्बर-पीताम्बर जल समृद्धि योजना, केसीसी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी चिकित्सा योजना के अतिरिक्त सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी, गुड सैमरिटन, सर्पदंश से बचाव, वज्रपात से बचाव पर स्थानीय भाषा मे विस्तृत जानकारी दी गई। **मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना :** मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग हेतु इस योजना का लाभ दिया जाता है। इस योजना का उद्देश्य बीमारी के बाद लोगों को स्वास्थ्य की क्षतिपूर्ति और अपने परिवार की दैनिक जरूरतों के पूरा करने के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना है। यदि लाभुक व्यस्क हो तो किसी भी तरह की बीमारी या सर्जरी के कारण पीड़ित हो (गर्भावस्था एवं प्रसव को छोड़कर) उसे 3 से 5 हजार रुपए, कोविड-19 से संक्रमित हो तो 5 से 10 हजार रुपए और कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो तो उसे 25 हजार रुपए तक का लाभ दिया जाता है।



**मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ दिया जायेगा**

कलाकारों द्वारा इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना का लाभ एसटी,एससी,ओबीसी, अल्पसंख्यक और दिव्यांग श्रेणी के युवाओं को स्वरोजगार हेतु दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सखी मंडल, 5 लाख से कम आय वाले परिवार को यह लाभ मिल सकता है। इसके लिए झारखंड राज्य का स्थायी निवासी होना अनिवार्य है। युवा किसी भी तरह की दुकान, मालवाहन,यात्री वाहन, रेस्तरां, आधुनिक खेती, लघु या कुटीर उद्योग के लिए यह ऋण प्राप्त कर सकते हैं।

## जिला राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ की बैठक हुई



**कैरो / लोहरदगा।** कैरो प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में सोमवार को जिला राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानी टाना भगत संघ की बैठक प्रखंड अध्यक्ष बुधन टाना भगत के अध्यक्षता में हुई। अंचल पदाधिकारी से बैठक कर आवेदन के माध्यम से अपनी दो सूत्री मांगों को रखा। अंचलाधिकारी कमलेश उरांव को अवगत कराते हुए अध्यक्ष बुधन टाना भगत ने कहा देश आजादी से लेकर अभी तक टाना भगतो ने जल जंगल और जमीन की लड़ाई लड़ी है।टाना भगत महात्मा गांधी के अहिंसा के रास्ते को अपना कर सरकार से अपनी मांगो को मांग रही है।इसी निमित आवेदन में कहा है कि टाना भगत 1905 और 1908 के तहत बेलगान फ्रीडम रहित रसीद टाना भगतो को निशुल्क प्रदान करे साथ ही उत्तराधिकार नामान्तर करे ताकि टाना भगतो का आर्थिक स्थिति को मजबूती मिल सके। मौके पर जिला टाना भगत पदाधिकारी सहित प्रखण्ड क्षेत्र के सोमरा टाना भगत, साधु टाना भगत, एतवा टाना भगत, चरकु टाना भगत, बुधु टाना भगत,हरि टाना भगत, लेला टाना भगत, सरधना टाना भगत, चरवा टाना भगत, सोमा टाना भगत, रितु टाना भगत आदि उपस्थित थे।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में पोषण माह एवं समाज कल्याण विभाग की हुई समीक्षा, कहा

## गर्भवती महिला एवं गर्भ में पल रहे बच्चे का ससमय हो एएनसी चेकअप

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा ने सोमवार को समाहरणालय सभागार में समर अभियान, पोषण माह एवं समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक की। अभियान के सफल क्रियान्वयन के प्रतिवेदन का पी.पी.टी. के माध्यम से दृष्य अवलोकन किया गया।जे.एस.एल.पी.एस की टीम को शतप्रतिशत ऑनलाईन रजिस्टेशन के कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। समर अभियान राज्य सरकार के प्राईमरी प्रोजेक्ट में शामिल है। राज्य के पांच जिलो में समर अभियान क्रियाशील है। सिमडेगा जिला भी शामिल है। जिले में एनिमिया एवं कुपोषण को जड़ से खत्म करने की दिशा में माईक्रो प्लानिंग के साथ कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने कार्य के दौरान तकनीकी समस्या का त्वरित निराकरण कर कार्य दायित्व को पूर्ण करने का निर्देश दिया। पोषण की दिशा में दीदी बाड़ी योजना से 536 लाभुक को जोड़ा गया है। उन्होने प्रखण्ड



विकास पदाधिकारी, सी.डी.पी.ओ. एवं महिला पर्यवेक्षिका को कार्यों का मुआयना एवं निरीक्षण करने का निर्देश दिया। समर अभियान के सफलता के साथ एनिमिया एवं कुपोषण जैसी समस्या से जिले को निजात दिलाने की दिशा में अभियान की टीम को स्वंय से रूची एवं अपेक्षाओं को जागृत कर कार्य करने की बात कही, साथ हीं अभियान का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कार्य की समीक्षा के क्रम में बी.पी.एम पाकरटांड़ के द्वारा ऑनलाईन इन्ट्री से संबंधित गलत रिर्पोट देने पर फटकार लगाई साथ हीं एक सप्ताह में लंबित कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। महिला पर्यवेक्षिका को सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करते रहने का निर्देश दिया।

## दुर्गापूजा को लेकर बोलबा थाना में हुई शान्ति समिति की बैठक

**बोलबा।** दुर्गा पूजा को लेकर बोलबा थाना में सोमवार को शान्ति समिति की बैठक हुई इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज ने कहा कि दुर्गा पूजा शान्ति पूर्ण तरीके से हर्षोल्लास के साथ मनाएँ । गाँव मे किसी भी तरह के कोई भी समस्याएं हैं तो प्रशासन को सूचना करें हमलोग सहयोग करने के लिए हमेशा तैयार है उन्होंने यह यह भी बताया कि मतदाता पहचान पत्र को निर्वाचन विभाग के आदेश पर आधार से जोड़ना है जिसका काम चल रहा है। सभी जनप्रतिनिधि सहयोग करें । थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि दुर्गा पूजा बोलबा एवं तलमंगा का समिति की सूची थाना में उपलब्ध कराएं साथ ही समिति मूर्ति भ्रमण के लिए रूट चार्ट एवं समय के अनुसार सभी कार्यक्रम की जानकारी लिखित रूप में जानकारी देना है । थाना प्रभारी ने कहा कि 8 बजे 8: 30 बजे तक सभी कार्यक्रम सम्पन्न कराना समिति की जिम्मेदारी है थाना प्रभारी ने यह भी कहा कि मालसाडा तेतर टोली एवं नवां टोली , समसेरा बड़ाईक टोली में महुवा की अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री होता है । इसे जनप्रतिनिधियों ने जागरूक कर इससे बन्द कराने की कोशिश करें। मानव तस्कर पर रोक लगाने के लिए सभी लोग सहयोग करें। बैठक में ग्रामीणों ने भी गाँव की कई समस्याओं को रखा। इस मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी उषा मिंज, थाना प्रभारी मनीष कुमार पाण्डे, एएसआई अजय कुमार सिंह, मुखिया शशिकला तिर्की, सुरजन बड़ाईक, अखिलेश प्रसाद, गौरी शंकर सिंह, किशोर सिंह के अलावे पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित थे ।

## दो कार की आमने सामने हुई सीधी भिड़ंत में मां बेटा सहित तीन घायल, दो रेफर





**कुडू - लोहरदगा।** दो कार में हुई आमने सामने की सीधी भिड़ंत में कार में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुडू चंदवा मुख्य पथ एनएच 75 केडवारी मोड़ के समीप सोमवार शाम करीब 3 बजे हुए इस हादसे में घायल लोगों की पहचान बिहार के गया जिला अंतर्गत डुमरिया थाना क्षेत्र के मैगरा निवासी केसानी कुंवर 65 पति जनार्दन सिंह और उनके पुत्र बबलू सिंह 40 के रूप में हुई हैं। दोनों को सर में गंभीर चोट आई है कुडू अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। वहीं दूसरी कार में सवार हंटरगंज निवासी छोटू कुमार 25 को भी चोट आई है जिसका इलाज कुडू में किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार हुंडाई औरा कार संख्या बीआर 02बीडी - 8108 में सवार शुभाष कुमार, छोटू कुमार और सिंटू कुमार रांची से अपने घर हंटरगंज जा रहे थे। वहीं स्विफ्ट डिजायर संख्या जेएच01ए - 2282 में सवार केसानी कुंवर और बबलू सिंह इलाज के लिए रांची रिम्स जा रहे थे तभी केडवाड़ी मोड़ के समीप यह हादसा हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों कार के आगे हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सूचना पर पर मौके पर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थाना प्रभारी अभिनव कुमार, एएसआई राजीव कुमार ने सभी घायलों को कुडू अस्पताल भेजा।

### लोहरदगा में दस सालों बाद आज से शुरू होगा जादूगर शंकर सम्राट का शो

# डायनासोर की लाइव शो होगा मुख्य आकर्षण का केंद्र

**राहुल कौशल**

**लोहरदगा।** लोहरदगा के नगर भवन में 13 सितंबर से दस सालों बाद जादूगर शंकर सम्राट का शो शुरू होगा। इस दौरान जादू के विभिन्न कलाओ का प्रदर्शन किया जाएगा। इसमें डायनोसोर की लाइव शो मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेगा। उक्त जानकारी सोमवार को जादूगर शंकर सम्राट ने प्रेसवार्ता कर दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि 13 सितंबर को जादू का शो का उदघाटन होगा। प्रतिदिन दो शो का प्रसारण होगा जबकि रविवार को तीन शो दिखाया जाएगा। शो का उदघाटन जिले के उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, एसडीओ समेत अन्य पदाधिकारी व गणमान्य लोग करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन नए नए जादू का खेल दिखाया जाएगा। सबसे आकर्षक होगा करोड़ो साल पहले लुप्त हो चुके डायनोसोर जानवर का लाइव शो। वही पलक झपकते स्टैचू ऑफ लिबर्टी गायब, एक चलती पंखे से इंसार आर-पार, एक आरा मशीन से लड़के को दो टुकड़ा, मिश्र देश की प्रेम कहानी, जापान के भूत और भूतो का डांस , इन्छाधारी नागीन मार्डन आर्ट, हवा में तैरता हुआ बक्सा जिससे लड़की का प्रकट होना, जलते हुए आग के बीच से लड़की का प्रकट होना, चाईना वाल-स्केप, ट्यू जैक एण्ड टूसूटिंग लेडी और ऐसे अनेक छत्तीस बड़े आईटम समेत सैकड़ों तरह के जादू का रोमांच शो दिखलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज में आज भी अंधविश्वास व्याप्त है और जादू के माध्यम से तरह-तरह के कलाओं को प्रदर्शित कर अंधविश्वास को समाज से दूर करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि जादू हमारे देश की है लेकिन यह धीरे-धीरे हमारे देश में ही लुप्त होता जा रहा है। यह कला भारत देश में 64 कलाओं में सर्वश्रेष्ठ कला है, जो विदेशों में फल-फूल रहा है। इस कला को आज बचाने की जरूरत है। जादू विज्ञान और योगा पर आधारित कला है।बताया कि जादू एक कला है, जो 90 प्रतिशत विज्ञान और 10 प्रतिशत सम्मोहन पर आधारित खेल है। उन्होंने बताया कि उनके पिता बैंक मैनेजर है। जादू कला के प्रति उनका झुकाव आठवीं कक्षा की पढ़ाई के दौरान ही हुआ था। शुरू में स्वजनों का विरोध झेलना पड़ा, लेकिन समय के साथ घरवालों ने पीठ भी थपथपाया। उन्होंने बताया कि जादू कला द्वापर युग में भी था, लेकिन इन दिनों यह कला अपने देश में ही विलुप्त हो रही है। इसलिये इस कला को शिखर तक पहुंचाना और टीम से जुड़े लोगों की उन्नति उनका उद्देश्य बन गया है।



■ समाज में आज भी अंधविश्वास व्याप्त है और जादू के माध्यम से तरह-तरह के कलाओं को प्रदर्शित कर अंधविश्वास को समाज से दूर करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है।

## हूरदा में नाबालिक से हुआ दुष्कर्म, आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बानो।** प्रखंड के गिरदा थाना क्षेत्र अंतर्गत हूरदा बारडीह गांव में नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए सिमडेगा जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी अंशु कुमार ने बताया कि शनिवार को नाबालिक आभा कार्ड बनवाने के लिए जा रही थी इसी दौरान गांव के ही राहुल भूईया उर्फ राहुल सिंह नामक युवक ने उसे मदद करने जल्द पहुंचाने की बात कहते हुए उसे ले गया। जिसके बाद डरा धमका कर उसके साथ अकेला पाकर दुष्कर्म की घटना को अंजाम देकर फरार हो गया ।इधर पीड़िता द्वारा घर में आकर इसकी सूचना दी जिसके बाद परिजनों ने इसकी सूचना लिखित रूप से पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस द्वारा तत्काल मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया जिसके बाद सोमवार को उसे जेल भेज दिया।

# परिवहन विभाग ने लर्निंग लाइसेंस के लिए लगाया कैंप, उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा/केरसई।** परिवहन विभाग के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी ओम प्रकाश यादव के निर्देश अनुसार सोमवार को केरसई प्रखंड अंतर्गत प्रखंड सह अंचल कार्यालय केरसई में लर्निंग लाइसेंस बनाने हेतु परिवहन विभाग के द्वारा विशेष कैंप का आयोजन किया गया।आयोजित कैंप में सैकड़ों लोग उपस्थित हुए।कैम्प के माध्यम से सुबह 10 बजे से शाम 05:30 बजे तक 91 लोगों का लर्निंग लाइसेंस निर्गत किया गया। मौके पर उपस्थित परिवहन विभाग के प्रधान लिपिक रामनिवास मिश्रा ने बताया कि डीटीओ के निर्देश पर यह कैंप का आयोजन किया गया। प्रखंडों में विशेष कैंप लगाने से ग्रामीण क्षेत्र के लोग आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस बनवा पाए यही इस कैंप का उद्देश्य है।वहीं परिवहन विभाग के द्वारा कैंप लगाए जाने की सूचना मिलते ही प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले दोपहिया,तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालक तुरंत कैंप पहुंचने लगे। जिसके बाद भीड़ को नियंत्रण करने के लिए कृषि थाना से सहस्त्र बल को बुलाना पड़ा।



**बिना लाइसेंस वाहन चलाते पकड़े जाने पर लगेगा जुर्माना : डीटीओ**

वहीं डीटीओ ने जानकारी देते हुए बताया कि यह विशेष कैंप का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि प्रखंड क्षेत्रों में निवास करने वाले वाहन चालक आसानी से ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सके। उन्होंने कहा कि ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने का यह सुनहरा मौका है। जिससे लोग प्रखंडों में ही आवेदन कर मौके पर ही फोटो खिंचवा कर ऑन द स्पॉट लर्निंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं। लर्निंग लाइसेंस प्राप्त होने के 30 दिनों के पश्चात परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस के लिए पास के प्रज्ञा केंद्र या किसी ऑनलाइन सेंटर से आवेदन कर,कार्यालय में आवेदन जमा कर ड्राइविंग टेस्ट देकर ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

## न्यूज गैलरी

### जेजेएमजे के प्रभारी बने देवेंद्र प्रजापति

**मेदिनीनगर।** झारखंड जनक्रांति मोर्चा (ज) के केंद्रीय कार्यालय तुपुदाना रांची में राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश पासवान के उपस्थिति में राज्य कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष देवाशीष मनोरंजन घोष एवं महासचिव व प्रवक्ता कृष्ण कुमार चौधरी के नेतृत्व में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई । जिसमें कई राजनीति सामाजिक एवं शैक्षणिक प्रस्ताव पास किए गये। इसी कड़ी में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के केतार निवासी देवेंद्र प्रजापति को गढ़वा जिला का वरिष्ठ प्रभारी नियुक्त किया गया। उनसे अपेक्षा की गई है कि गढ़वा जिला में संगठन का विस्तार एक माह के अंदर साफ छवि वाले नये चेहरे के युवाओं को जोड़ने का कार्य कर पार्टी का संडनात्मक संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे। बधाई देने वालों में जेजेएमजे के महिला प्रदेश अध्यक्ष विभा सिंह ,प्रवक्ता रविंदर कौर ,अनिल कुमार, रंभा देवी सहित कई लोग मौजूद थे।

### चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू की बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा



**मेदिनीनगर।** कॉमर्स स्टडी सर्कल नावाटोली में रविवार को अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू इकाई की बैठक की गई। जिसमें निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा की गयी। 14 सितंबर दिन बुधवार को ग्रामीण समाज कल्याण विकास मंच द्वारा संचालित बालिका गृह स्थान शाहपुर में समाज की तरफ से राशन वितरण का कार्यक्रम किया जायेगा। वहीं घर घर जाकर समाज के लोगों को संगठन से जुड़ने के लिए प्रेरित किया जायेगा। लोगों से मिलने के दौरान समाज के हर घर में आदर्श चक्रवर्ती महाराज जरासंध की कैलेंडर को घर-घर में पहुंचाया जायेगा। आने वाले 18 सितंबर को जरासंध जयंती सह मिलन समारोह की पूजा संगठन का गठन किया जायेगा। बैठक में वार्ड पार्षद निरंजन कुमार उर्फ लालबाबू, दिलीप कुमार दिल्लू, समाजसेवी विजय कुमार, जिला अध्यक्ष विकास कुमार विक्की, पप्पू कुमार हमीदगंज, आनंद उर्फ विक्की हमीदगंज, संजय राज चंद्रवंशी हमीदगंज, जितेंद्र कुमार हमीदगंज, कुंदन कुमार बेलवाटीका, नीरज कुमार वर्मा नावाटोली, रूपेश कुमार , प्रदीप कुमार, कुणाल कुमार कुंड मोहल्ला, जितेंद्र कुमार चंद्रवंशी शाहपुर, रंजीत कुमार चंद्रवंशी जोड़, पिंटू कुमार बारालोटा, अमित कुमार चंदेल सहित कई लोग साथ में उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित प्रदीप कुमार, वार्ड पार्षद निरंजन कुमार, विजय कुमार सहित सभी साथियों ने अपना विचार रखा।

### वरदान ट्रस्ट ने किया भोजन का वितरण

**मेदिनीनगर।** खुद भूखा रहकर किसी को खिलाकर तो देखिए,कभी इंसानियत का फर्ज निभाकर तो देखिए। ये पंक्ति वरदान ट्रस्ट के सदस्यों के द्वारा कही गई। रविवार की संध्या स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास वरदान वेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण किया गया। इस अभियान में संस्था के सदस्यों के द्वारा भोजन की व्यवस्था किया गया। सभी जरूरतमंदों को अच्छे से भोजन मिला। जिसमें रोटी, सब्जी, पूरी, भुजिया, हलवा, लिट्टी, बजका, और मिठाई शामिल रहा। इस अभियान में आशुतोष सिंह, अंजू शर्मा, संध्या अग्रवाल, ,मन्नत सिंह बग्गा,बेबी विश्वकर्मा, सोनलप्रिया,पाली दी, गुरदीप कौर, हरप्रीत कौर,अनिकेत कुमार, अर्पणा, मुस्कान, सुमन, काजल,आदर्श वर्मा, सुमित कांस्यकार उपस्थित थे ।

### टेट सफल सहायक अध्यापकों ने की बैठक

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सभी टेट सफल अध्यापकों की एक बैठक रांची के हरमू स्थित पटेल पार्क भवन में हुई। संघ के प्रदेश कोर कमिटी की बैठक कोर कमिटी सदस्य रविशंकर ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई । जिसका संचालन कोर कमिटी सदस्य अरविंद कुमार तथा धर्मेंद्र कुमार पाल ने संयुक्त रुप से किया। बैठक में सर्वसम्मति से निम्न प्रस्ताव पारित किया गया एवं सरकार से मांग की गई। सभी टेट पास सहायक अध्यापकों को सहायक शिक्षक के पद पर समायोजित करते हुए ९३००-३४८००का वेतनमान सहित ४२००/४८०० का ग्रेड पे मिलना चाहिये। सहायक अध्यापकों के शैक्षणिक/प्रशैक्षणिक प्रमाण पत्रों के जांच के नाम पर विगत दो माह से रोके गए मानदेय को एक सप्ताह के अंदर भुगतान नहीं करने पर आंदोलन में जाने का निर्णय लिया गया। सभी कोर सह वार्ताकार कमिटी सदस्यों के साथ गुगल मिट के द्वारा आगे की रणनीति पर बात करते हुए अगली बैठक के तिथि तय करने के साथ साथ संगठन मजबूती पर ध्यान देना। बैठक में रांची कोर कमिटी सदस्य राजकिशोर महतो, राजेन्द्र दत्त, साहेबगंज से अमरदेव सिंह, लोहरदगा से मुस्ताक अनवर, लातेहार से गजेन्द्र गिरी, जिला अध्यक्ष घनश्याम चंद्र, भूनेश्वर साव, राजेश प्रसाद गुप्ता,नरेश कुमार, ललन कुमार सिंह,भीम प्रजापति, उमेश यादव,जय काली नाथ सहदेव, दिलिप कुमार गुप्ता, योगेन्द्र प्रसाद,संजय कुमार यादव, कोर कमिटी सदस्य मिथिलेश कुमार यादव, गिरीजा विश्वकर्मा, कमलेश यादव,महेश कुमार मेहता, सत्येन्द्र प्रसाद सुरेन्द्र कुमार सिंह,वुधदेव भगत सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित हुए।

### सड़क पर खड़े वाहन से लोग परेशान

मेदिनीनगर। पड़वा ,नावाबाजार थाना क्षेत्र में सड़क पर कई मालवाहक वाहन खड़े रहते है। जिसकी वजह से लोगों को काफी समस्या हो रही है। यहां के स्थानीय लोगों ने बताया है कि सड़क पर मालवाहक वाहन खड़ा रहने के कारण कई बार सड़क दुर्घटना भी हो चुकी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क के किनारे होटल चलाने वाले लोगों के पास पार्किंग की व्यवस्था नहीं है । इसके वजह से मालवाहक वाहन के ड्राइवर सड़क पर ही अपना वाहन लगाकर चाय नाश्ता के लिए होटल में घंटों बैठे रहते हैं। यदि समय रहते इस समस्या का हल नहीं किया गया तो आने वाले समय में बड़ी घटना हो सकती है।

### भाकपा ने 19 सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय का किया घेराव

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के पलामू जिला परिषद के द्वारा 19 सूत्री मांग को लेकर उपायुक्त पलामू का घेराव किया गया। इससे पहले रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से जुलूस के सकल में मांदर के थाप पर बाजे के नारा लगाते हुए। पलामू उपायुक्त के समक्ष प्रदर्शन किया गया । जुलूस का नेतृत्व जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने किया। और पलामू उपायुक्त के मुख्य गेट को जाम कर दिया गया। सभा को सम्बोधित करते हुए राज्य सचिव भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि पलामू जिला सहित पुरा झारखंड सुखाड़ की चपेट में है । लेकिन केन्द्र सरकार इसपर चुप्पी साध कर झारखंड की सरकार को अस्थिर करने में लगी हुई है। पलामू प्रमंडल बराबर अकाल के चपेट में रहता है।

# एमके डीएवी के पांच छात्रों ने नीट में पाई सफलता




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** देश के प्रतिष्ठित परीक्षा नीट का परिणाम सात सिंतबर को घोषित हुआ । जिसमें एमके डीएवी पब्लिक स्कूल के पांच छात्रों ने नीट में सफलता प्राप्त की। इसके साथ ही एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डाल्टनगंज में उत्सव का माहौल बन गया। विद्यालय के 5 छात्रों ने इस परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एमबीबीएस में प्रवेश प्राप्त करने की अहर्ता प्राप्त कर ली। यह परीक्षा कुल 720 अंकों की हुई थी, जिसमें शुभम सौरव ने 601, रुचि ने 555 , स्वर्णा ने 580,उत्कर्ष ने 520 प्रवीण देव गुप्ता ने 565 अंक प्राप्त किया। समाचार प्राप्त होते ही विद्यालय प्रांगण में खुशी की लहर दौड़ गई। 601 अंक प्राप्त करने वाले छात्र शुभम सौरभ सुपुत्र श्याम किशोर पांडे ने बताया कि वह शुरू से ही इस विद्यालय का छात्र रहा है। शुभम ने बताया कि मुझे दसवीं में 8.6 सीजीपीए एवं द्वादश में 75% अंक प्राप्त हुए। मैंने इस परीक्षा के लिए 12 से 13 घंटे और परीक्षा के समय में 15 घंटे अध्ययन किया है। विद्यार्थी भौतिकी और रसायन में कांसेप्ट आधारित प्रश्न एवं संख्यात्मक प्रश्नों की तैयारी करें, तथा जीव विज्ञान में एनसीईआरटी. की पुस्तकें पढ़ ले तो उन्हें सफलता अवश्य प्राप्त होगी। शुभम को विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन. खान ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि पलामू से भी बच्चों ने राष्ट्रीय परीक्षा में पहचान बनाई है । अन्य छात्र इन छात्रों से प्रेरणा लेते हुए अभी से प्रयास करें तो अगले वर्ष यह संख्या और बढ़ सकती है।विद्यालय प्रबंधन भी अतिरिक्त कक्षाओं की व्यवस्था कर पूरा प्रयास कर रहा है।

## बच्चा चोरी करने वाले गिरोह के अफवाह पर ध्यान ना दें : एसपी




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी चन्दन सिन्हा ने लोगो से अपील करते हुए कहा है कि विगत दिनों से पलामू जिला व राज्य के अन्य क्षेत्रों में बच्चा चोर गिरोह के अफवाह की सूचना प्रिंट व इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से प्राप्त हो रही है। प्रायः ऐसा देखा गया है कि इस प्रकार की सूचना से स्थानीय जनता के द्वारा अजनबी व्यक्ति के प्रति आक्रोश व्यक्त करते हुए तथा उग्र होकर हिंसक घटना हो जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो जाती है। पलामू जिला पुलिस आम जनता से अपील करती है कि ज़िले मे इस प्रकार की कोई भी गिरोह सक्रिय नहीं है। किसी भी प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर इस तथ्य से स्थानीय थाना को सुचित करें ,ताकि मामले का विधिवत सत्यापन कर अग्रतर विधिसम्मत कारवाई की जा सके। किसी भी प्रकार के अफवाह पर ध्यान ना दें। गौरतलब है कि रविवार को पलामू में बच्चा चोर समझकर एक व्यक्ति को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। जिसका ईलाज मेदिनीनगर एमएमसीएच में चल रहा है।

## हाई स्कूल के अभ्यर्थियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर नियुक्ति की मांग की

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू सहित राज्य के सभी जिलों के हाई स्कूल के अभ्यर्थियों ने सोमवार को सैकड़ो की संख्या में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। रांची में लगातार हो रही बारिश के बीच अभ्यर्थियों ने धैर्य का परिचय दिया और मुख्यमंत्री से मिल अपनी नियुक्ति की मांग की। मुख्यमंत्री द्वारा भी सभी अभ्यर्थियों को आश्वस्त किया गया कि हाई स्कूल के नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी से काम चल रहा है और दशहरा पूजा से पूर्व सभी अभ्यर्थियों को कॉमन मेरिट लिस्ट जारी कर दिया जायेगा। अभ्यर्थियों ने भी मुख्यमंत्री के आश्वासन को स्वीकार किया और आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया विगत पांच सालों से चल रही है। पूर्व में बनाये गए नियोजन नीति के कारण यह प्रक्रिया अदालतों में फंसी रही और मामला सुप्रीम कोर्ट तक भी गया । सुप्रीम कोर्ट के द्वारा 2 अगस्त को अंतिम फैसला देते हुए हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा करने का निर्देश दिया गया। जिसमें राज्य स्तर पर एक कॉमन मेरिट लिस्ट बनाने का निर्देश सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिया गया है। वही विभाग के स्तर से भी बैठकों में हाई स्कूल नियुक्ति प्रक्रिया में दस हजार पद रिक्त होने की बात कही गई है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में कई अभ्यर्थियों की नियुक्ति की जा चुकी है । जबकि अधिकांश अभ्यर्थियों की नियुक्ति प्रक्रिया अभी भी लंबित पड़ी हुई है।

### पौधरोपण से पर्यावरण को संतुलित रखने में होगी मदद

## पितरों के साथ देवता भी होंगे प्रसन्न : कौशल



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के उंटारी रोड प्रखंड के मुरमा कला गांव निवासी अजय प्रताप सिंह व पुरुषोत्तम प्रताप सिंह उर्फ ददन सिंह की मां बेसर देवी के श्राद्ध में विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ कई प्रजाति के पौधे लगाकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पर्यावरणविद ने मृतक बेसर देवी के नाम पर गांव स्थित देवी मंदिर परिसर में आम, भूटानी सिंदूर और हिमाचल के कपूर का पौधा लगाया। मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मन्त्रों की शपथ दिलाने के उपरांत एक सौ आम,अमरूद के पौधे भी निःशुल्क वितरित किया। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि हिन्दू धर्म ग्रंथों के अनुसार पितृपक्ष में अपने पितरों के नाम पौधे लगाने से न सिर्फ पर्यावरण संतुलित रहता है। बल्कि पितरों के साथ देवता भी प्रसन्न होते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा किया जाता है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह के लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं । जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेखित है। मौके पर पप्पू सिंह, सोनित कुमार सिंह उर्फ बोल बम, संस्कार सिंह,नरेश सिंह, मनोज सिंह, शंभू सिंह,जितेंद्र सिंह, छोटू सिंह,रिद्धि सिंह, यशवान सिंह, बदन सिंह , सत्येंद्र सिंह, कृष्णा सिंह,भृगुनाथ सिंह, डॉ महेंद्र दुबे, संजय चंद्रवंशी, अरविंद पाठक समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने की जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त अंजनेयुलू की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की । समाहरणालय के सभागार में आयोजित इस बैठक में उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी अनवर हुसैन से बीते महीनों में हुए सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। डीटीओ ने बताया कि जून से लेकर अगस्त तक जिले में कुल 57 सड़क दुर्घटना हुई है । जिसमें 46 लोगों की मृत्यु हुई है। वहीं 40 लोग घायल हैं। इस दौरान उपायुक्त ने जिले में हो रही सड़क दुर्घटनाओं में कैसे कमी लाया जाये, इस पर चर्चा की। बैठक में उन्होंने ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध लगातार अभियान चलाने पर बल दिया । इस हेतु उन्होंने परिवहन पदाधिकारी को एनएच पर पड़ने वाले थाना क्षेत्रों में पुलिस पदाधिकारियों को ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध करवाने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त ने परिवहन पदाधिकारी,तीनों एसडीओ व एमवीआई को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए जर्जर व बिना फिटनेस के स्कूली वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई करने की बात कही। उन्होंने फर्जी फिटनेस के विरुद्ध भी कार्रवाई करने की बात कही। आईरैड की समीक्षा के दौरान पोर्टल में सभी वाहन दुर्घटना का एंट्री करने पर बल दिया। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधितों को शहर में ट्रिपल राइडिंग व एनएच पर हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने की बात कही। वहीं उत्पाद अधीक्षक को सभी अनुमंडल पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर सड़कों के किनारे स्थित होटलों का औचक निरीक्षण करने एवं अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की बात कही। बैठक में उपरोक्त के अलावा अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह,तीनों एसडीओ, उत्पाद अधीक्षक विमला लकड़ा, विश्रामपुर सह सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार,आईरैड की प्रतिनिधि,राष्ट्रीय राज्य मार्ग एवं निर्माण विभाग के प्रतिनिधि,सड़क सुरक्षा मैनेजर विनीत कुमार व आईटी असिस्टेंट डब्लू, उपस्थित थे।

## जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय के सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन,भंडारण एवं परिवहन पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया गया। वहीं बैठक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने जुलाई से 10 सितंबर तक अवैध खनन पर कार्रवाई का प्रतिवेदन उपलब्ध कराया। इस दौरान उन्होंने बताया कि इस तिथि तक अवैध खनन,परिवहन,भंडारणकर्ताओं की संख्या 60 है । जिसमें खनन से संबंधित 6 परं प्राथमिकी दर्ज की गयी है तथा 60 वाहन जब्त किये गये हैं। उपायुक्त श्री दोड्डे द्वारा खनन टास्क फोर्स के सदस्यों को आपस में समन्वय स्थापित कर विशेषकर बालू के अवैध उत्खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ छापेमारी कार्रवाई करने एवं इसके रोकथाम के लिए आवश्यक निर्देश दिया गया। उपायुक्त श्री दोड्डे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में जितने भी जगहों पर अवैध खनन स्थल हैं। उन्हें चिह्नित करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बिना डीलर लाइसेंस के संचालित क्रशरों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे उपायुक्त ने सभी अनुमंडल पदाधिकारी को नियमित रूप से बालू का स्टॉक वेरीफिकेशन करने हेतु निर्देशित किया। बैठक में उपायुक्त श्री दोड्डे के अलावा अपर समाहर्ता सुरजीत कुमार सिंह, हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी कमलेश्वर नारायण,छतरपुर अनुमंडल पदाधिकारी एनके गुप्ता,सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश साह,वन प्रमंडल पदाधिकारी, खनन पदाधिकारी आनंद कुमार वन एवं प्रदूषण विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

### स्वर्णकार समाज पीड़ित को हरसंभव मदद का दिया भरोसा

**मेदिनीनगर।**अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष ने रविवार को स्थानीय गढ़वा के सदर अस्पताल में पीड़ित से मिलकर स्थिति की जानकारी ली। वहीं जिला मुख्यालय स्थित आशीर्वाद मैरिज हॉल में अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गा जौहरी पहुंचे। उन्होंने बंशीधर नगर के चितविश्राम निवासी दीपक सोनी जिनके ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जान से मारने का प्रयास किया गया था । अध्यक्ष ने उनसे सदर अस्पताल में मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली और उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। वहीं स्वर्णकार संघ ने आशीर्वाद मैरिज हॉल में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि अभियुक्त को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। अवैध रूप से डीजल और पेट्रोल का व्यापार करने वाले कसमुद्दीन के प्रति प्रशासन की लापरवाही है।

## नवाह्न परायण यज्ञ की तैयारी जोरो पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोलपोल में श्रीरामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ व दुर्गा पूजा महोत्सव के 45 वें अधिवेशन की तैयारी जोर शोर से शुरू है। पूजा को लेकर पोलपोल बाजार के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। इसमें यज्ञ को सफल बनाने के लिए विचार विमर्श किया गया। 25 सितम्बर को भव्य जलयात्रा निकाला जायेगा। वही शाम में हनुमत पूजा का आयोजन होगा। 26 सितम्बर से अयोध्या से पधारे विद्वतजनों के द्वारा संगीतमय मानस परायण का पाठ व रात्रि 8 बजे से श्रीरामकथा प्रवचन व रात्रि 9 बजे से बाहर से आये कलाकरो द्वारा रामलीला दिखाया जायेगा। यज्ञ को लेकर चन्दा उगाही भिक्षाटन का कार्य किया जा रहा है। वहीं मूर्ति कलाकार द्वारा मूर्ति बनाने का काम जोर शोर से चल रहा है। कमिटी के पदाधिकारियों को अलग अलग जबाबदेही सौपी गई है। बैठक में आनंद कुमार सिंह अध्यक्ष ,शिव कुमार सिंह उपाध्यक्ष, शशि कुमार सिंह सचिव ,उमेश प्रसाद कोषाध्यक्ष, लीलेश्वर सिंह सह सचिव, सूर्य प्रकाश सिंह भोजन मंत्री, प्रयाग राम सुरक्षा मंत्री ,मलिक कुमार सिंह स्वागत अध्यक्ष, महेंद्र प्रसाद मूर्ति प्रभारी, पूजा अध्यक्ष उमाशंकर सिंह, विनोद ठाकुर, व ओमप्रकाश सिंह के अलावे ,समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी की बैठक संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी के प्रदेश कार्यालय में हुई बैठक में सोनू मिश्रा को प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष सोनू मिश्रा ने किया। बैठक के प्रारंभ में सोनू मिश्रा ने पूरे कार्यकाल की रुपरेखा को सामने रखते हुए प्रदेश अध्यक्ष से इस्तिफा दिया। जिसे सदस्यों ने सर्वसम्मति से नामंजूर करते हुए सोनू मिश्रा को एक वर्ष का विस्तार दिया। बैठक में लिए गये निर्णयानुसार नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ने प्रदेश की सभी कमेटी को तत्काल प्रभाव से भंग करते हुए अगले एक माह के अंदर नई कमेटी बनाने की बात कही। वहीं वर्तमान कमेटी को कार्यवाहक के तौर पर कार्य करने का निर्देश दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने सभी सदस्यों व पदाधिकारियों को सोशल मिडिया पर संयमित व सार्थक पोस्ट करने का निर्देश देते हुए कहा कि परशुराम सेना सभी वर्गों का सम्मान करती है । इसलिए वैमनस्य बढाने वाली बात किसी भी सदस्य अपने सोशल मीडिया साईट पर नहीं लिखें ,नहीं तो उन पर दंडात्मक कारवाई की जायेगी। बैठक में संतोष तिवारी पिंकू को नवीन तिवारी द्वारा विशेष तौर पर सम्मानित किया गया। इस क्रम में नवीन तिवारी ने बताया की संगठन और समाज के लिए पिंकू तिवारी समयानुसार एक आदर्श के रुप में सामने आते रहे हैं । ऐसे शख्सियत से समाज के सभी लोगों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। बैठक के प्रारंभ में संतोष तिवारी ने संगठन के समर्पित सदस्यों को विशेष तौर पर सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में मुकेश तिवारी,सीपी शुक्ला,ज्ञानेश तिवारी,नवीन पांडेय,विपिन पांडेय,अरविंद पांडेय आदि शामिल थे। बैठक में पलामू के पूर्व जिलाध्यक्ष पंडित चंदन तिवारी,चतरा जिला प्रभारी संजय मिश्रा, रांची जिला प्रभारी गुडडू तिवारी,गढ़वा जिला प्रभारी संजीत तिवारी,आशीष भारद्वाज,विकास दूबे,फोटू दूबे,शिशू दूबे,राधा कृष्ण दूबे,पलामू के संगठन मंत्री सीपी शुक्ला,मधुकर शुक्ला, वेदप्रकाश तिवारी, साकेत शुक्ला,ब्रजेश तिवारी, आशुतोष तिवारी,व राजन तिवारी सहित कई सदस्य शामिल थे।

## ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पलामू ने जीता प्रथम पुरस्कार




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय गुरुतेग बहादुर मेमोरियल हॉल में आयोजित ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पलामू की टीम ने प्रथम पुरस्कार जीता। जबकि द्वितीय विजेता पर लोहरदगा ने बाजी मारी और तृतीय विजेता बक्सर की टीम बनी। इस चैम्पियनशिप का आयोजन झारखंड शोतोकान कराटे एसोसिएशन के द्वारा किया जा रहा है। जबकि इसमें सह अयोजक क्रीड़ा भारती पलामू भी है। कार्यक्रम में उपस्थित क्रीड़ा भारती के पलामू अध्यक्ष सोनू नामधारी ने कहा कि दूर दराज से सभी खिलाड़ियों का अभिनंदन स्वागत इस प्रतियोगिता में विजेता सभी खिलाड़ियों को आगे की भविष्य के लिए अग्रिम बधाई दी। जबकि जो खिलाड़ी जीत नहीं पाये हैं उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है । कठिन परिश्रम निरंतर करते रहिए अगले बार बेस्ट प्लेयर वही होंगे । मौके पर उपस्थित क्रीड़ा भारती पलामू प्रमंडल विभाग प्रमुख श्याम बाबू ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि पलामू में इस तरह की शानदार आयोजन के लिए सेंसाई सुमित कुमार को ढेर सारी शुभकामनाएं । मौके पर संरक्षक अविनाश वर्मा ने कहा कि जिन खेलो के बारे में हम टीबी और अखबर के माध्यम से पढ़ एवं देख पाते थे। उसे हमलोग लाइव देख पा रहे है। इस सफल आयोजन के पिछे क्रीड़ा भारती पलामू के सभी अधिकारियों का परिश्रम है। मौके पर झारखंड शोतोकान कराटे एसोसिएशन सह क्रीड़ा भारती पलामू जिला मंत्री सेंसाई सुमित कुमार ने कहा कि ईस्ट इंडिया कराटे चैंपियनशिप में पलामू , रांची , लोहरदगा , गढ़वा , पटना , बक्सर धनबाद, के खिलाड़ियों ने भाग लिए । जिसमें पलामू ने 55 गोल्ड , 40 सिल्वर , 35 ब्राउंज मेडल के साथ प्रथम बेस्ट टीम कप जीता है। लोहरदगा ने 38 गोल्ड ,18 सिल्वर , 22 ब्राउन्ज मेडल के साथ द्वितीय उपविजेता कप जीता है । वही बक्सर ने 22 गोल्ड ,15 सिल्वर, और 12 ब्राउन्ज मेडल के तृतीय बेस्ट प्लेयर कप जीता है। कार्यक्रम का संचालन सेंसाई सुमित कुमार ने किया।

## विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल में शिशुओं की विश्वस्तरीय सर्जरी की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू प्रमंडल में बच्चों के विश्वस्तरीय सर्जरी की शुरूआत शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव विशाल के निगरानी में विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल में 11 सितंबर को सफलतापूर्वक किया गया। इनमें अंडकोषों की सर्जरी, किडनी की सर्जरी, हर्निया की सर्जरी व गले की सर्जरी शामिल है। चारों सर्जरी आधुनिक रूप से किए गए। जिसका खर्च दूसरे शहरों से भी कम है। इतना ही नहीं कम खर्च में उत्तम व्यवस्था भी है। यह पलामू के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पलामू में इससे पहले बच्चों की संपूर्ण सुविधा की व्यवस्था नहीं थी। परंतु विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल ने सुविधा देकर अभिभावक को एक मुस्कान देने का प्रयास किया है।

सम्पादक की कलम से...

## पशु हमारे सही सहचर

यदि आपके घर में कोई पालतू पशु है तो आप उसका साथ होने के आनंद के सही मायने समझ सकते हैं। वह न केवल आपके मानसिक सुकून देता है बल्कि आपके भवनात्मक तनाव को भी कम करने में मददगार होता है। जिन लोगों के यहां पालतू पशु हैं वे अधिक सेहतमंद रहते हैं। क्योंकि अपने पालतू पशु के साथ उनकी पर्याप्त भाग दौड़ होती है। मनुष्य और पशु के बीच आपसी प्रेम की कई कहानियां सुनीं जाती हैं। पालतू पशुओं की वफादारी, प्रेम और करुणा की ढेर सारे किस्से प्रचलित हैं। ऐसा ही एक दुलर्भ प्रेम हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड अंतर्गत चैथी गांव में देख कर लोग हैरत में रह गये। चौपारण प्रखंड के चैथी गांव निवासी 80 वर्षीय मेवालाल ठाकुर की मौत हो गयी। उनका अपना कोई संतान नहीं था। अंत्येष्टि के लिए जब उनका पार्थिव शरीर गांव के श्मशान घाट पहुंचा, तो मालिक की मौत पर एक बछड़े ने भी श्मशान घाट पहुंच कर ना खूब रोया, बल्कि चिता पर रखे शव का ग्रामीण और परिवार के सदस्यों के साथ परिक्रमा भी किया। स्थानीय लोगों की मानें तो 80 वर्षीय मेवालाल ठाकुर के पास एक गाय थी, गाय ने कुछ महीने पहले ही एक बछड़ा दिया था। मेवालाल अपनी गाय और बछड़े की खूब सेवा करते थे, लेकिन मेवालाल ठाकुर ने तीन महीने पहले ही उसे दूसरे गांव के एक किसान को बेच दिया। इस बीच जब मेवालाल ठाकुर की मौत हो गयी, तो वह बछड़ा भी अचानक गांव आ पहुंचा और रोने लगा। शव यात्रा में अचानक बछड़े को देखकर कुछ लोगों ने उसे भगाने की भी कोशिश की, लेकिन बुजुर्गों के कहने पर लोगों ने उस बछड़े को पीछे चलने के लिए छोड़ दिया। हैरानी तब हुई, जब श्मशान घाट में शव को नीचे रखा गया, तो बछड़ा वहां दौड़ कर पहुंचा और मेवालाल को चूमने लगा। वहीं, जोर-जोर से विलाप भी करने लगा। इससे भी बड़ी हैरानी यह हुई कि बछड़ा लोगों के साथ जलती चिता का अन्य ग्रामीणों और परिजनों के साथ परिक्रमा भी किया। बछड़ा तब तक श्मशान घाट पर खड़ा रहा, जब तक मेवालाल ठाकुर का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन ना हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि मेवालाल ठाकुर अपने गाय और बछड़े से बहुत प्यार करता था, लेकिन तीन महीने पहले घर की आर्थिक कठिनाईयों की वजह से उसने बछड़े को भारी मन से दूसरे गांव के किसान को बेच दिया था। लेकिन दूसरे गांव चले जाने के बावजूद बछड़े को अपने पुराने मालिक की मौत की सूचना कैसे मिली और अंत्येष्टि में भाग लेने के लिए कैसे लौट आया, इसे लोग चमत्कार मान रहे हैं। लोगों का कहना है कि मेवाजी के निःसंतान होने के कारण शायद यह बछड़ा ही उनके पुत्र का कर्तव्य निभा रहा था। यह सच्ची घटना है। इसे आप किस रूप में देखते हैं,यह हमसब के उपर निर्भर करता है। लेकिन सच यही है कि मानव और पशु की मित्रता की चर्चा की कहानियां कई रूप में हमारे सामने आती रही हैं। कई फिल्में भी इस पर बनी हैं। सचमुच मानव का सही सहचर अगर आज के भौतिकवादी युग में है,तो सह पशु है। कुत्ता,हाथी,घोड़ा की वफादारी के भी कई किस्से सुनी होगी। ऐसे में इस बछड़े की कहानी यह सीख देती है कि पशु हमारे सही सहचर हैं।

## आज का इतिहास

**1889 :** जापान में मेजी संविधान को अंगीकार किया गया।
**1919 :** फ्रेडरिक एबर्ट जर्मनी के राष्ट्रपति चुने गये।
**1953 :** सोवियत संघ ने इजरायल के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़े।
**1964 :** ताइवान ने फ्रांस के साथ कूटनीतिक संबंध तोड़े।
**1968 :** जनसंघ के संस्थापक पंडित दीन दयाल उपाध्याय की मुगलसराय में हत्या कर दी गयी।
**1979 :** ईरान के प्रधानमंत्री ने इस्तीफा दिया, सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खमनेई का सत्ता पर कब्जा।
**1987 :** अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
**1990 :** नेल्सन मंडेला को 27 साल बाद जेल से रिहा किया गया।
**2011 :** मिस्र में क्रांति के दौरान राष्ट्रपति होस्नी मुबारक ने इस्तीफा दिया।
**2013 :** रूस के कोमी क्षेत्र में विस्फोट में 18 खदान कर्मी मारे गये।
**1616 :** ब्रिटेन के राजदूत सर थॉमस रो मुगल शासक जहांगीर के दरबार में अजमेर आये।
**1692 :** कलकत्ता (अब कोलकाता) के संस्थापक जॉब चारनॉक का निधन हुआ।
**1763 :** पेरिस की संधि से फ्रांसीसी-भारतीय युद्ध की समाप्ति हुई।
**1818 :** अंग्रेजों और मराठों के बीच तीसरा तथा अंतिम युद्ध रामपुर में लड़ा गया।
**1846 :** अंग्रेजों ने सोबरांव की लड़ाई में सिखों को पराजित किया।
**1879 :** अमेरिका के कैलिफोर्निया थियेटर में रोशनी के लिए पहली बार बिजली का इस्तेमाल किया गया।
**1904 :** जापान तथा रूस ने युद्ध की घोषणा की।
**1912 :** ब्रिटेन के किंग जार्ज पंचम तथा क्वीन मैरी भारत से रवाना।
**1918 :** सोवियत नेता लियो ट्रोटस्की ने रूस के प्रथम विश्व युद्ध से हटने की घोषणा की।
**1933 :** जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने देश में मार्क्सवाद के समाप्त होने की घोषणा की।

# कांग्रेस को यह तूफान पहले क्यों नहीं दिखा

> 2014 के बाद से ऐसे कांग्रेसियों ने भी दल बदला है, जो पीढियों से पार्टी और नेहरू परिवार के प्रति निष्ठावान रहे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा से लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद तक ऐसे कांग्रेसियों की सूची काफी लंबी है। सत्ता की मेवा की चाह आजीवन रहती है, लेकिन उम्र के अंतिम पड़ाव पर कोई दूसरा दल कृष्णा या आजाद को ऐसा क्या दे देगा, जो उन्हें कांग्रेस में रहते हुए नहीं मिल पाया? पूर्वोत्तर में बीजेपी के विस्तार में अहम भूमिका निभाने वाले हिमंत बिस्वा सरमा के दलबदल के मूल में तो कांग्रेस आलाककमान द्वारा लगातार अनदेखी रही, लेकिन गुलाम नबी आजाद तो लंबे समय तक आलामान का हिस्सा ही रहे।

देश जब आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, आजादी के आंदोलन की अगुवा रही कांग्रेस अपने भविष्य ही नहीं, शायद अस्तित्व के संकट से रूबरू है। इस गंभीर संकट से निपटने की कांग्रेस आलाकमान की नीति-रणनीति भी आशा जगाने के बजाय निराशा ही बढ़ाने वाली है। दशकों तक देश पर एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस की यह दशा अचानक नहीं हुई। लगातार आती गई कमजोरियों का अहसास तो उसे समय रहते खुद ही हो जाना चाहिए था, लेकिन जब कोई मरीज अपने मर्ज से ही मुंह चुराने लगे तो फिर उसका इलाज कैसे संभव है? अब गुलाम नबी आजाद के पांच पेज के विस्फोटक इस्तीफे के बाद जिस कांग्रेस संकट की चर्चा और चिंता हर ओर हो रही है, उसकी आहट आठ साल पहले ही सुन ली जानी चाहिए थी, जब अपना सर्वाधिक शर्मनाक चुनावी प्रदर्शन करते हुए पार्टी पहली बार 50 से भी कम 44 सीटों पर सिमट गई थी। हार से उपजी हताशा 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्रीय सत्ता में बीजेपी के आसीन होने के बाद शुरू हुआ कांग्रेस का बुरा वक्त खत्म होता नहीं दिखता। बेशक, चुनावी हार से कांग्रेस पहली बार रूबरू नहीं है। 1967 में संविद सरकारों के दौर में उसे कुछ राज्यों में सत्ता गंवानी पड़ी थी। आपातकाल के बाद 1977 में हुए आम चुनाव में मतदाताओं ने उसे केंद्र की सत्ता से बेदखल कर दिया था। केंद्र समेत कई राज्यों की सत्ता से कांग्रेस 1989 और 1996 में भी बेदखल हुई। इन हारों के बावजूद कांग्रेस में वैसी हताशा कभी नहीं दिखी, जैसी 2014 लोकसभा चुनाव के बाद से नजर आ रही है। 2019 में लगातार दूसरे लोकसभा चुनाव में शर्मनाक प्रदर्शन के बाद तो लग रहा है कि कांग्रेस जड़ हो गई है। देश का सबसे पुराना राजनीतिक दल ऐसे वक्त में भी तीन साल से पूर्णकालिक अध्यक्ष के बिना चल रहा है। आश्चर्य नहीं कि पार्टी और परिवार के प्रति निष्ठावान रहे कांग्रेसी भी अब उससे मुंह मोड़ने लगे हैं। तात्कालिक लाभ के लिए बार-बार दल बदलने वालों को आप सत्तालोलुप दलबदलू भी कह सकते हैं। अनुभव बताता है कि उनका हश्र बहुत अच्छा नहीं होता। लेकिन अपने दल की दशा और दिशा से हताश होकर पार्टी को अलविदा कहने वालों को अलग श्रेणी में रखा जाना चाहिए। 2014 के बाद से ऐसे कांग्रेसियों ने भी दल बदला है, जो पीढियों से पार्टी और नेहरू परिवार के प्रति निष्ठावान रहे। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एस एम कृष्णा से लेकर जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री गुलाम नबी आजाद तक ऐसे कांग्रेसियों की सूची काफी लंबी है। सत्ता की मेवा की चाह आजीवन रहती है, लेकिन उम्र के अंतिम पड़ाव पर कोई दूसरा दल कृष्णा या आजाद को ऐसा क्या दे देगा, जो उन्हें कांग्रेस में रहते हुए नहीं मिल पाया? पूर्वोत्तर में बीजेपी के विस्तार में अहम भूमिका निभाने वाले हिमंत बिस्वा सरमा के दलबदल के मूल में तो कांग्रेस आलाककमान द्वारा लगातार अनदेखी रही, लेकिन गुलाम नबी आजाद तो लंबे समय तक आलामान का हिस्सा ही रहे। बात यह है कि सत्ता में रहते हुए संगठन की कमजोरियां छिपी रहती हैं, लेकिन विपक्ष में आने के बाद इन्हें बेनकाब होते देर नहीं लगती। दशकों तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस एक राजनीतिक दल से सत्ता तंत्र में तब्दील हो चुकी थी। उसका असली संकट यही है। कार्यकर्ता जनता से कट गये तो नेता कार्यकर्ताओं से और नेतृत्व अपने ही नेताओं से। इससे परस्पर अविश्वास की खाई बढ़ी। आजाद ने अपने इस्तीफे में जिस तरह राहुल गांधी पर तीखे प्रहार किये हैं, वैसी ही टिप्पणियां राहुल-प्रियंका की बाबत पार्टी छोड़ते समय कैप्टन अमरेंद्र सिंह ने भी की थीं। संकट अभूतपूर्व इसलिए है कि सिर्फ बुजुर्ग ही नहीं, राहुल गांधी की टीम बताये जाने वाले युवा नेता भी तेजी से कांग्रेस से किनारा कर रहे हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया, आरपीएन सिंह, जितिन प्रसाद तो राहुल गांधी की ही टीम के अग्रणी सदस्य थे। अब कांग्रेस अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाने वाले पृथ्वीराज चव्हाण से लेकर आनंद शर्मा तक जो नेता मुखर नजर आ रहे हैं, वे 10 वर्ष के कांग्रेसनीत यूपीए शासन में सरकार और पार्टी के मुख्य रणनीतिकार हुआ करते थे। यह राजनीतिक प्रबंधन पर भी प्रश्नचिह्न है, जिसके लिए कभी कांग्रेस जानी जाती थी।

■ राज कुमार सिंह

## हताशा में बढ़ती आत्मघाती प्रवृत्ति

विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार दुनिया भर में एक साल में करीब 7.3 लाख लोग आत्महत्या कर लेते हैं। इसके अलावा करीब बीस लाख लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं। यह स्थिति परेशान करने वाली है। इससे पता चलता है कि आज के दौर में लोग विभिन्न कारणों से किस कदर मानसिक तनाव में जी रहे हैं। डब्लूएचओ का मानना है कि आत्मघाती प्रवृत्ति सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए चिंता का विषय है। कोई व्यक्ति जब बहुत बुरी मानसिक स्थिति से गुजरता है, तो वह गहरे अवसाद में चला जाता है। यही अवसाद कई बार आत्महत्या का कारण बनता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के मुताबिक दुनिया भर में छिहत्तर फीसद आत्महत्याएं निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं। लोगों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने व आत्महत्या की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के उद्देश्य से हर साल दस सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। इसकी शुरूआत 2003 में 'इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ सुसाइड प्रिवेंशन' (आइएएसपी) द्वारा की गई थी, जिसे अब विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा मानसिक स्वास्थ्य फेडरेशन द्वारा सह-प्रायोजित किया जाता है। विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के लिए डब्लूएचओ प्रतिवर्ष एक 'थीम' निर्धारित करता है। 2021-2023 के लिए त्रैवार्षिक विषय 'क्रिएटिंग होप थ्रू एक्शन' (कार्रवाई के माध्यम से आशा बनाना) निर्धारित है। डब्लूएचओ का मानना है कि कार्रवाई के जरिये आशा पैदा करके हम आत्मघाती विचारों से ग्रस्त लोगों को संकेत दे सकते हैं कि हम उनकी परवाह करते और उनका समर्थन करना चाहते हैं। संयुक्त राष्ट्र का लक्ष्य है कि 2030 तक दुनिया भर में होने वाली आत्महत्याओं को एक तिहाई तक कम किया जाय। मगर इसे अगर भारत के संदर्भ में देखें तो केवल एक साल के भीतर ही आत्महत्या दर करीब दस फीसद बढ़ गई है। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र के लक्ष्य को हासिल करना फिलहाल एक सपने जैसा लगता है। राष्ट्रीय आत्महत्या के आंकड़ों के अनुसार दुनिया भर में सभी आत्महत्याओं में भारत का हिस्सा करीब पच्चीस फीसद है। 18-39 आयु वर्ग की युवतियों में मृत्यु का प्रमुख कारण आत्महत्या है। पिछले दिनों राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी रिपोर्ट में 2021 में भारत में आत्महत्या की दर में 7.14 फीसद की वृद्धि देखी गई है। भारत में पिछले पांच-छह वर्षों में आत्महत्या की दर बढ़ने के कारणों को लेकर कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि लोग ज्यादा से ज्यादा आत्मकेंद्रित होते जा रहे हैं। उनके प्रत्यक्ष मित्र कम और सोशल मीडिया पर मित्र अधिक हैं। ऐसे लोग अपने परिवार के सदस्यों से कट रहे हैं और अपने फोन या सोशल मीडिया घेरे तक ज्यादा सीमित हो गये हैं। एनसीआरबी द्वारा जारी पिछले पांच वर्षों के आत्महत्या के आंकड़ों पर नजर डालें तो स्पष्ट है कि आत्महत्या की घटनाओं का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

■ योगेश कुमार गोयल

## धर्म दर्शन

### श्री मद्देवी भागवतमाहात्म्यम्
#### अथ प्रथमोऽध्यायः

व्यासजी बोले- इस प्रकार देवताओंके स्तुति करनेपर देवीने मधुर स्वरमें उनसे कहा- हे श्रेष्ठ देवतागण! इसके अतिरिक्त भी कोई दुःसाध्य कार्य हो तो उसे आपलोग बात दीजिये। जब-जब आप देवताओंके समाने कोई महान् दुःसाध्य कार्य उपस्थित हो, तब-तब आपलोग मेरा स्मरण कीजियेगा; मैं उस संकटको शीघ्र ही दूर कर दूंगी।। 34-35।।

देवता बोले-हे देवि! इस समय आपने हमारा सारा कार्य पूर्ण कर दिया है जो कि आपके द्वारा हमारा शत्रु यह महिषासुर मार डाला गया।। 36।।

हे अम्ब! हे जगज्जननि! अब आप हमारे मनमें अपने प्रति ऐसी अविचल भक्ति स्थापित कीजिये कि हम सदा आपके चरण-कमलका स्मरण करते रहें।। 37।।

माता ही [अपनी सन्तानके] हजारों अपराध सह सकती है- ऐसा समझकर लोग जगत्की उत्पत्तिस्वरूपा भगवतीकी उपासना क्यों नहीं करते?।। 38।।

इस देहरूपी वृक्षपर जीवात्मा और परमात्मारूपी दो पक्षी रहते हैं। उन दोनोंमें सर्वदा मित्रता बनी रहती है, किंतु उनका तीसरा सखा ऐसा कोई भी नहीं है, जो अपराधको सह सके। अतएव यह जीव आप-जैसे मित्रको त्यागकर क्या करेगा? देवताओं और मानवोंकी योनिमें वह प्राणी पापी, मन्दभागी और अधम है, जो अत्यन्त दुर्लभ देह पाकर भी आपका स्मरण नहीं करता।। 39-40।।

हम मन, वाणी और कर्मसे बार-बार यह सत्य कह रहे हैं कि सुख अथवा दुःख -प्रत्येक परिस्थितिमें एकमात्र आप ही हमारे लिये अद्भुत शरण हैं। हे देवि! आप अपने समस्त श्रेष्ठ आयुधोंद्वारा हमारी निरन्तर रक्षा करें। आपके चरणकमलोंकी धूलिको छोड़कर हमारे लिये कोई दूसरा शरण नहीं हैं।। 41-42।।

व्यासजी बोले- इस प्रकार देवताओंके स्तुति करनेपर भगवती जगदम्बा वहीं अन्तर्धान हो गयीं। तब उन्हें अन्तर्हित देखकर देवता बड़े विस्मयमें पड़ गये।। 43।।

जनमेजय बोले-हे मुने! अब मैंने भगवतीके अत्यन्त अद्भुत तथा जगत्को शान्ति प्रदान करनेवाले प्रभावको तो देख लिया, फिर भी हे द्विजवर! आपके मुखारविन्दसे निकली हुई सुधामयी कथाको बार-बार सुनते हुए भी मुझे नहीं हो रही है। [अब आप बतायें] भगवतीके अन्र्धान हो जनेपर उन प्रधान देवताओंने क्या किया? देवीका यह परम पावन चरित्र मनुष्योंके अल्प पुण्योंसे प्राप्त हो सकना सर्वथा दुर्लभ ही है।। 1-2।।

अल्पभाग्यवाले मनुष्यको छोड़कर भगवतीके कथाश्रवणमें सदा तत्पर कर्णपुटवाला ऐसा कौन होगा जो देवीके कथामृतसे तृप्ति प्राप्त कर लेता है? जिस कथामृतका पान करनेसे मनुष्य अमरत्व प्राप्त कर लेता है, उसे जो आदरपूर्वक नहीं पाते, उन मनुष्योंको धिक्कार है।। 3।।

- क्रमशः

## जल प्रदूषण से बढ़ता खतरा

देश की एक बड़ी आबादी के पास शुद्ध पानी की व्यवस्था नहीं है, न ही जल को स्वच्छ बनाने की तकनीक तक उनकी पहुंच है। ऐसे में जाने-अनजाने लोग अपनी सेहत का नुकसान कर रहे हैं। टिकाऊ विकास का 6.1 लक्ष्य भी सुरक्षित और किफायती पेयजल के लिए सार्वभौम और समान पहुंच पर जोर देता है। यह तभी संभव है, जब जल संरक्षण और संचयन एक बुनियादी कर्त्तव्य बन जाय और लोग पानी की बूंद-बूंद की कीमत समझने लगें। औद्योगीकरण, शहरीकरण, बढ़ती आबादी और बदलती जलवायु के समांतर स्वच्छ पानी की कमी भी एक अंतरराष्ट्रीय समस्या बन चुकी है। दिनोंदिन सूखते और दूषित होते जलस्रोतों ने मानवता को कई रूपों में प्रभावित किया है। इसका प्रतिकूल प्रभाव लोगों की सेहत के साथ-साथ पर्यावरण और आर्थिकी पर भी पड़ा है। आंकड़े बताते हैं कि हर साल असुरक्षित पानी लगभग एक अरब लोगों को बीमार करता है। यूनेस्को की विश्व जल विकास रिपोर्ट-2022 बताती है कि दुनिया की लगभग आधी आबादी ऐसे क्षेत्रों में रहती है, जहां साल में कम से कम एक महीना जल का गंभीर संकट बना रहता है। इस रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व में भू-जल का सबसे अधिक उपयोग करने वाला देश है। दरअसल, सिकुड़ते जलस्रोत व बढ़ते जल प्रदूषण के कारण भूमिगत जल बड़ी तेजी से दूषित होता जा रहा है। दूषित जल पीने से रोग प्रतिरोधक क्षमता के घटने, जीवन प्रत्याशा में कमी आने और असमय मृत्यु का खतरा भी बढ़ जाता है। इस संदर्भ में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया भर में कुल आबादी का एक चौथाई हिस्सा यानी तकरीबन दो अरब लोग दूषित जल पीने को विवश हैं। इसके खतरे के बारे में डब्ल्यूएचओ का कहना है कि दूषित जल का लगातार सेवन करने से दर्जनों बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। दूषित पेयजल पीने को अभिशप्त आबादी को हैजा, टाइफायड, डायरिया, कुपोषण, कैंसर, बाल और पेट संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। चूंकि जल एक सार्वभौमिक विलायक है, इसलिए यह आसानी से प्रदूषित हो जाता है। जल में मुख्यतः आर्सेनिक, फ्लोराइड और नाइट्रेट, औद्योगिक तथा कृषि अपशिष्ट, माइक्रोप्लास्टिक, चिकित्सीय कचरा आदि संदूषक मिले होते हैं। तांबा, शीशा, क्रोमियम और रेडियोधर्मी तत्त्व आदि भी जलस्रोतों के संपर्क में आने पर जल को दूषित कर जानलेवा बना देते हैं। इसके अलावा अशोधित पानी में जीवाणु, विषाणु और परजीवी जैसे जैव-संदूषक भी होते हैं। पानी में विद्यमान रसायन, धातु और सूक्ष्म जीव विभिन्न प्रकार से खतरा उत्पन्न करते हैं। इंटरनेशनल एजेंसी फार रिसर्च आन कैंसर ने आर्सेनिक को फेफड़े, मूत्राशय, दिल, त्वचा और गुर्दे के कैंसर का कारण चिह्नित किया है। इस संबंध में विश्व स्वास्थ्य संगठन का दिशानिर्देश है कि पीने के पानी में आर्सेनिक की मात्रा दस माइक्रोग्राम प्रति लीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए। मगर विडंबना है कि दुनिया भर में चौदह करोड़ लोग पीने के पानी में आर्सेनिक के उच्च स्तर का सेवन करते हैं। इसके अलावा सीसा भी एक जहरीला प्रदूषक है, जो जल को दूषित करता है। विश्व स्वास्थ संगठन का अनुमान है कि विश्व स्तर पर दो अरब से अधिक लोग सीसा-दूषित पानी पीते हैं। क्रोमियम भी एक ऐसा ही तत्व है, जो पानी को दूषित और जहरीला बना देता है। जब पानी में क्रोमियम की मात्रा प्रति लीटर पच्चीस माइक्रोग्राम से अधिक होती है, तो वह जल विषैला हो जाता है। क्रोमियम मिश्रित जल के सेवन से शरीर में चकत्ते पडना, गुर्दा और यकृत की विषाक्तता, कैंसर, शुक्राणु क्षति और एनीमिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। माइक्रोप्लास्टिक यानी प्लास्टिक के छोटे-छोटे टुकड़े, जिनका आकार पांच माइक्रोमीटर से भी कम होता है, वे भी अदृश्य होने के कारण पेयजल या बोतलबंद पानी के जरिये मानव शरीर में आसानी से प्रवेश कर जाते हैं और प्रजनन, प्रतिरक्षा व्यवधान, मोटापा और पेट संबंधी समस्याओं को जन्म देते हैं। इसी तरह नाइट्रेट का आम स्रोत औद्योगिक उर्वरक है। पीने के पानी में नाइट्रेट की मात्रा प्रति लीटर दस मिलीग्राम से अधिक होने पर स्वास्थ्य मुश्किल में पड़ जाता है। नाइट्रेट प्रदूषित जल के सेवन से कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। प्रदूषक, जल में इतनी सूक्ष्मता से घुले होते हैं कि ये नंगी आंखों से नजर नहीं आते हैं। पानी में ठोस धातुओं का पता टीडीएस (कुल घुलित ठोस) से लगाया जाता है। इसे पानी में घुले हुए अशुद्ध कणों की मात्रा के रूप में देखा जाता है। चिकित्सकों के अनुसार पांच सौ टीडीएस तक का पानी पीने योग्य होता है, लेकिन इससे ऊपर का पानी छाने बगैर पीने से सेहत को बड़ा नुकसान होता है। हालांकि जागरूकता के और स्वच्छ जल स्रोतों के अभाव में एक बड़ी आबादी दूषित पेयजल पीने को लाचार है। गरीबी और जानकारी के अभाव में जो लोग इस परिस्थिति का सामना नहीं कर पाते, वे असमय काल-कलवित हो जाते हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, देश में साढ़े तीन सौ से अधिक नदियां प्रदूषण से कराह रही हैं। साल भर प्रदूषकों से लबालब भरी होने के कारण कई नदियों का जलीय पारिस्थितिकी तंत्र नष्ट होने के कगार है, जिससे उनके ऊपर जैविक रूप से मृत होने का खतरा बना हुआ है।

■ सुधीर कुमार

## संपादक के नाम पाठकों की पाती

### ध्यान हटी दुर्घटना घटी

आंकड़े बताते हैं कि सड़क दुर्घटना में मरनेवालों की संख्या ज्यादातर युवाओं की होती है, जिनमें अधिकांश हेलमेट नहीं पहननेवालों की है। इतना कुछ होने के बावजूद बिना हेलमेट व तीन सवारी बैठाये युवको को बाइक चलाते आम तौर पर देखा जा सकता है। आज कल के युवाओं में ज्यादातर यह देखा जाता है कि युवा वर्ग के लोग गाड़ी चलाते समय अपने मोबाइल को अपने कानों से दबा कर बाइक चलाते हुए बात करते है। जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकती है। वैसे तो प्रशासन के द्वारा बार बार हेलमेट लगाने को लेकर जांच की जाती है। साथ ही गाड़ी चलाते हुए मोबाइल पर बात करने को लेकर मनाही की जाती है साथ ही साथ गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल से बात न करने की भी सलाह दी जाती है। यह दुर्घटना का कारण बन सकती है। बाइक सवार अपने सिर व कंधे के बीच मोबाइल दबाकर सड़क पर चलते दिखाई देते हैं। इन सब बातों से दुर्घटना की पूरी संभावना रहती है। इन सब बातों पर न ही उनके अभिभावक ध्यान देते हैं और ना ही ट्रेफिक पुलिस। वहीं, आम आदमी इससे मतलब नहीं रखता है। इन दुर्घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक है कि मोबाइल पर बात करना अगर आवश्यक है,तो हम बाइक रोककर एक जगह बात कर सकते हैं। बाइक पर एक हाथ से बाइक चलाना और मोबाइल पर बात करना उनके लिए एवं अन्य लोगों के लिए खतरनाक हो सकता है। मैं आपके लोकप्रिय हिंदी दैनिक समाचार पत्र राष्ट्रीय नवीन मेल के माध्यम से ऐसा करने वाले युवकों से अनुरोध करता हूं कि इस तरह बाइक पर मोबाइल से बात करके अपने औरों की जान जोखिम में नहीं डालें।

■ लाल सिंह मेदिनीनगर।

# दोनों ओर बड़ी उम्मीदों के बीच शेख हसीना का दौरा

अपनी चार दिनों की यात्रा पर भारत पहुंची बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने वाली हैं। इस बातचीत पर इसलिए विशेष नजर है, क्योंकि हम अपनी सबसे लंबी सीमा-रेखा (करीब 4,000 किलोमीटर) उसी के साथ साझा करते हैं। यही वजह है कि न सिर्फ मौजूदा केंद्र सरकार, बल्कि पूर्व की यूपीए सरकार ने भी बांग्लादेश के साथ मजबूत रिश्ते बनाये हैं। यहां शेख हसीना की तारीफ की जानी चाहिए, क्योंकि संबंधों में मिठास बढ़ाने में उनका अहम योगदान रहा है। मगर अब भी व्यापार, सुरक्षा, निवेश, बॉर्डर इन्फ्रास्ट्रक्चर कनेक्टिविटी से जुड़े कई मसलों का निपटारा नेतृत्व के स्तर पर होना आवश्यक है। दोनों प्रधानमंत्रियों में आज कई मुद्दों पर बातचीत हो सकती है। इनमें से कुछ हमारे हित में हैं, तो कुछ उनके। हमारे लिए सुरक्षा सहयोग और चीन के साथ बांग्लादेश की बढ़ती नजदीकी काफी अहम मसला है, तो ढ़ाका के लिए जल बंटवारा, व्यापार असंतुलन और रोहिंग्या। यह सही है कि पिछले कुछ वर्षों में हमने जमीनी और समुद्री सीमा से जुड़े कई विवादों का निपटारा किया है और एन्क्लेव बांटने पर भी सहमति बनाई है, लेकिन पूर्वोत्तर भारत के लिए अलगाववाद और उग्रवाद का खात्मा काफी जरूरी है। इसमें हमें बांग्लादेश का साथ चाहिए। इसी तरह, सैन्य सहयोग व 'ड्यूज लूज इन्फ्रास्ट्रक्चर' (ऐसे निर्माण-कार्य, जिसमें कर्ज की राशि न चुका पाने की स्थिति में निर्मित ढांचे में उधार देने वाले देश की हिस्सेदारी बढ़ जाती है) को लेकर ढाका और बीजिंग एक-दूसरे के काफी करीब आए हैं। नई दिल्ली बांग्लादेश की तरक्की की हिमायती है, पर वह यह भी चाहती है कि बांग्लादेश की कोई भी परियोजना उसकी सुरक्षा के साथ समझौता न करे। इसलिए मुमकिन है कि दोनों प्रधानमंत्रियों की मुलाकात में भारत इस बारे में ठोस आश्वासन की मांग करे। हालांकि, कुछ ऐसी ही सकारात्मक उम्मीदें बांग्लादेश को भी हमसे होंगी, खासकर जल बंटवारे को लेकर। क्षेत्र की 54 नदियां दोनों देशों की साझा सीमा-रेखा से आर-पार बहती हैं। बांग्लादेश बाढ़ अथवा सूखे के निपटारे के लिए इनके प्रबंधन की वकालत करता रहा है। इसी तरह, व्यापार असंतुलन उसके लिए एक बड़ा मुद्दा है। अच्छी बात है कि भारत ने इस बाबत कई तरह के सुझाव बांग्लादेश को दिये हैं। कनेक्टिविटी बढाने को लेकर भी दोनों देशों को तेजी से साथ आना होगा। यह मुद्दा हमारे लिए भी अहम है, क्योंकि पूर्वोत्तर क्षेत्रों को बांग्लादेश के रास्ते गैस, खाद्यान्न जैसी अनिवार्य सेवाएं पहुंचाना कहीं ज्यादा आसान हो सकता है। रोहिंग्या मसले पर भी दोनों नेता बात कर सकते हैं। पूरा आसियान इससे जूझ रहा है। चूंकि भारत के म्यांमार और बांग्लादेश, दोनों से अच्छे संबंध हैं, इसलिए माना जा रहा है कि भारतीय नेतृत्व इसके निपटारे में बड़ी भूमिका निभा सकता है। हमने रोहिंग्या शरणार्थियों के लिए कैंप बनाने की खातिर बांग्लादेश को आर्थिक सहायता दी है। म्यांमार को भी रखाइन प्रांत में बुनियादी ढांचा बनाने के लिए मदद दी गई है। फिर भी, हम चाहते हैं कि ढाका व नेपिडे मिलकर इस समस्या का हल निकालें। कुल मिलाकर, शेख हसीना की इस यात्रा में कई मुद्दों पर बात हो सकती है। मगर मौजूदा परियोजनाओं की रुकावटों को दूर करना, सीमावर्ती इलाकों के विकास-कार्य, समग्र आर्थिक विकास जैसे मसलों पर यदि बात आगे बढ़ी, तो यह दौरा ऐतिहासिक बन सकता है, बल्कि हमारे पूर्वोत्तर के राज्यों को भी काफी फायदा होगा। पिछले दशक में बांग्लादेश ने जो आर्थिक उन्नति की है, वह इसलिए संभव हुई, क्योंकि उसने अपनी अर्थव्यवस्था को भारत से जोड़ने की नीति अपनाई है। इस यात्रा में यदि उसका भारत के साथ आर्थिक व कारोबारी जुड़ाव बढ़ता है, तो दोनों देशों को काफी फायदा होगा। इसी तरह, जल बंटवारे को लेकर भी सहमति की जरूरत है। इसको लेकर इस दौरे में कितने समझौते हो पाते हैं, यह अभी नहीं कहा जा सकता, पर यह अच्छी बात है कि दोनों देशों की सहमति से 1972 में जिस संयुक्त जल आयोग का गठन किया गया था, उसकी बैठक करीब 12 साल बाद पिछले हफ्ते हुई है। इसे उम्मीद के तौर पर देखना चाहिए।**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

■ पंकज सरन

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लि.)प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड में मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-240042/ 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नयी दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

## न्यूज गैलरी

### फ्लाई ऐश लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, चालक व उपचालक गंभीर रूप से घायल



**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत कोडरमा घाटी सतपुलिया के पास फ्लाई ऐश लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। इससे चालक व उप चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान सुनील यादव (उम्र 30 वर्ष, ग्राम संग्रामडीह कोडरमा) और सिकंदर तुरी (उम्र 30 वर्ष, ग्राम तिलैया बस्ती) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ट्रक मे बांझेडीह से ऐश लोड करके बिहार जाने के दौरान कोडरमा घाटी सतपुलिया के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने से चालक और उपचालक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को कोडरमा सदर अस्पताल लाया जहां इलाज करके चालक सुनील यादव को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### बाइक से गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** कोडरमा थाना अंतर्गत युवराज होटल के समीप बीती रात बाइक से अनियंत्रित होकर गिर जाने से बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान जसमीत सिंह (उम्र 28 वर्ष, पिता स्वर्गीय अरमीत सिंह, पंजाब होटल के सामने पंजाबी मोहल्ला) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अपनी मोटरसाइकिल से तिलैया साइकिल का सामान लाने के लिए गया था जो समान लेकर वापस लौटने के क्रम में युवराज होटल के पास अनियंत्रित होकर पलट जाने से युवक गंभीर रूप से घायल हो गए जिसके बाद आनन फानन मे ग्रामीणों की मदद से अस्पताल लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

### युवती ने लगाया छेड़खानी का आरोप, मामला दर्ज

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्राम धरगांव निवासी 17 वषीर्या युवती ने 10 अगस्त को नवलशाही थाना में जबरन छेड़खानी करने को लेकर आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में  बताया है कि 5 अगस्त को मैं अपने घर से कोचिंग जाने के क्रम में डोमचांच स्थित गौरी कॉम्प्लेक्स के पास थी।मेरे घर के बगल के कृष्णा यादव उम्र 26 वर्ष ग्राम धरगांव अपना मोटरसाइकिल से आया और मुझे जबरन मोटरसाइकिल पर बैठाने लगा। मै किसी तरह से छुटकारा पाकर अपना घर आई और पूरी घटना की जानकारी घर वालो को दी। तब मेरे परिजन कृष्णा के घरवालों को इसकी जानकारी देने गए तो उल्टा उसके घर वाले मेरे घरवालों को धमकी देते हुए बोले कि जो करना होगा कर लेना। आवेदन में यह भी कहा गया है कि कृष्णा यादव करीब 1वर्ष पूर्व से मेरा पीछा करते आ रहा है जब भी घर से बाहर निकलती हूँ तो पीछा करते रहता है। करीब तीन वर्ष पूर्व भी मेरी बहन के साथ ऐसा करता था तब गाँव के मुखिया एव गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पंचायत किया गया था। आवेदन में यह भी कहा गया है कि इस तरह के हरकत व धमकी के डर से मैं कही बाहर नही जा पा रही हूं। वही नवलशाही थाना प्रभारी पंचम तिग्गा ने आवेदन के आलोक में 11 अगस्त को केस संख्या 91/22 मामला दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

### जयनगर के कारपेंटर अनिल राणा की हत्या की आशंका

**जयनगर।** प्रखंड अंतर्गत कटिया पंचायत निवासी अनिल राणा, उर्फ छोटू राणा (उम्र लगभग 40 वर्ष, पिता रामचंद्र राणा) की हत्या की आशंका व्यक्त की गयी है। वह हैदराबाद के तेलंगाना में कारपेंटर की ठेकेदारी का काम करता था। उसकी हत्या की सूचना उनके परिजनों को मिली। सूचना मिलते ही ग्रामीणों में मातम छा गया। बताते चलें कि अनिल राणा वर्षों से कारपेंटर ठेकेदारी का काम तेलंगाना में करते थे। उनके साथी ने घर वालों को सूचना दिया, कि इसकी मौत हो गई है। घरवालों का कहना है कि कुछ दिन से अनिल राणा परेशान था। मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है। घटना की जानकारी पाकर मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम एवं अन्य ग्रामीण मृतक के आवास पर पहुंचे।

### प्रमुख अंजू देवी ने किया आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण



**जयनगर।** प्रमुख अंजू देवी ने सोमवार को विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया। जयनगर प्रखंड अंतर्गत कटिया माहुरी टोला आंगनबाड़ी कोड संख्या 96 मे सुबह 10 बजे जयनगर प्रमुख अंजू देवी जांच करने पहुंची तो देखा कि एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे। एक घंटा तक इंतजार करने के बावजूद भी एक भी बच्चे नहीं आए। सेविका एवं सहायिका को प्रमुख अंजू देवी के द्वारा पूछे जाने पर मौन रही। तो इन्होंने कटिया पंचायत के पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि हिंद किशोर राम को बुलाया। इन्होंने नाराजगी जताते हुए आंगनबाड़ी की रसोई, कक्षा, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि रसोई कक्षा एवं बाथरूम की गंदगी देखने से प्रतीत होता है कि कई वर्षों से बाथरूम एवं रसोई कक्ष प्रयोग नहीं किया गया है।साफ-सफाई का कोई ख्याल नहीं, कचरे के ढेर के समान बाथरूम और शौचालय दिखा। इस आंगनबाड़ी में बच्चे आते ही नहीं है। केवल कागजी प्रक्रिया सेविका और सहायिका के द्वारा कर दी जाती है। सरकार के द्वारा बच्चों दी जा रही पोषण आहार का गबन किया जा रहा है। समाचार लिखे जाने तक कटिया परसाबाद माहुरी कोड केंद्र 96 में एक भी बच्चे उपस्थित नहीं थे` इसके बाद आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 91 परसाबाद उत्तरी टोला एवं 94 लपसियाडीह आंगनबाड़ी केंद्रों का भी निरीक्षण किया। इन दोनों में बच्चे उपस्थित थे।

---

### उपायुक्त ने किया सतगावां का दौरा, स्कूलों का किया निरीक्षण

# कार्य मे शिथिलता पर शिक्षकों पर गिरी गाज

- उपायुक्त आदितय रंजन ने आंगनवाड़ी केन्द्र की भी जांच की
- प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय सतगावां का निरीक्षण के दौरान कई अनियमितता मिली



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतगावां।** प्रखण्ड में सोमवार को उपायुक्त आदित्य रंजन ने सघन दौरा किया जिस दौरान कई विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। सबसे पहले उत्क्रमित उच्च विद्यालय दोनैया का निरीक्षण किया गया जहां कार्य मे शिथिलता व स्वच्छता को लेकर सभी शिक्षकों के दो महीने का वेतन काटने का आदेश दिया, साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्र की भी जांच किया। जिसके बाद राज्य सम्पोषित+2 उच्च विद्यालय बासोडीह का निरीक्षण किया गया जहां स्वच्छता को लेकर सभी शिक्षकों को फटकार लगाई। मालूम हो कि इसके पहले भी जांच के दौरान स्वच्छता पर फटकार लगाई गई थी। वहीं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय सतगावां का निरीक्षण के दौरान कई अनियमितता पाई गई। निरीक्षण के क्रम में सभी शिक्षक उपस्थित पाए गए लेकिन वहां की विधि व्यवस्था देखकर उपायुक्त ने सभी को डांट पिलाई। विद्यालय में कुल नामांकन 120 छात्राओं की है जिस पर उन्होंने सभी शिक्षकों से कम नामांकन को लेकर सवाल कियस जिसका कोई सार्थक जबाब नही मिल पाने के कारण विद्यालय के तीन शिक्षक अर्जुन प्रसाद चौधरी, मंजू कुमारी और सौरव कुमार अवध्या पर करवाई करते हुए एक एक महीने का वेतन काटने का आदेश दिया जबकि एक शिक्षक मनोज कुमार की कार्यशैली की प्रशंसा की गई। वहीं आंगनवाड़ी के एक दिवसीय प्रखंड कार्यकाल मे उन्मुखीकरण कार्यशाला में उपायुक्त ने सभी सेविकाओं को खेल खेल में शिक्षण देने को कहा। उन्होंने चेतावनी के तौर पर कहा कि अगर ये सब सुधार नही हुआ तो कड़ी कार्यवायी की जाएगी।उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का भी जायजा लिया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी वैधनाथ उरावं, जिला से आए एडीपीओ शिव कुमार मलिक, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी शेख शकील अहमद, बीपीओ उपेन्द्र कुमार, सीआरपी संतोष कुमार, बीआरपी शहजाद आलम के कई लोग उपस्थित थे।

---

### सीआरपीएफ कैंप हटाये जाने के विरोध में सड़क जाम

# सीआरपीएफ कैंप हटने से डर का माहौल होगा: ग्रामीण

- सीआरपीएफ के जवानों को यहां रहने से आम जनता सुरक्षा महसूस करती है : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतगावां।** प्रखंड के उग्रवाद प्रभावित पंचायत राजाबर एवं गांगडीह के डाकबंगला में अवस्थित सीआरपीएफ 22 एफ एवं जी को हटाये जाने पर ग्रामीणों ने रविवार की देर शाम से सड़क जाम कर दिया। सतगावां थाना क्षेत्र के उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र पंचायत राजावर में सीआरपीएफ कैंप हटाए जाने पर राजावर की जनता ने आक्रोश व्यक्त करते हुए सड़क जाम किया। लोगों का कहना है कि राजावर से सीआरपीएफ कैंप हट जाने पर यहां उग्रवादियों के डर का माहौल होगा और ग्रामीण हमेशा दहशत में रहेंगे। सीआरपीएफ के जवानों को यहां रहने से आम जनता सुरक्षा महसूस करती है और सीआरपीएफ कैंप जिस समय यहां नहीं था उस समय उग्रवादियों का चहल कदमी हमेशा होता था। उग्रवादियों के द्वारा राजावर पंचायत भवन को लैंड माइंस एवं जेसीबी के द्वारा दिन दहाड़े पंचायत भवन को ध्वस्त कर दिया गया था। जब से सीआरपीएफ कैंप राजावर में आया है तब से अमन चैन शांति की नींद लोग सो रहे हैं। लेकिन अचानक सीआरपीएफ कैंप को स्थानांतरण करने के बाद इसकी सूचना ग्रामीणों को मिलते ही लोगों ने रोड जाम कर दिया। इसका नेतृत्व जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी के प्रतिनिधि धनन्जय यादव के अलावा कई समाजसेवी, मुखिया प्रतिनिधि नंदलाल साव, पूर्व मुखिया परमेश्वर शर्मा, सीताराम रॉय, अखिलेश गुप्ता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि बालमुकुंद सिंह पंचायत समिति सदस्य नईमुद्दीन, प्रमुख प्रतिनिधि रामवतार चौधरी, भाजपा मण्डल अध्यक्ष जयशंकर प्रसाद, भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष रामवचन यादव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष व्यास यादव, दीपेश अग्रवाल, अखिलेश गुप्ता, विनोद रॉय, केदार रॉय के अलावा अन्य लोग कर रहे थे।

---

# डीपीएस गंगपाचो के छात्रों ने राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में लहराया परचम



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** प्रखंड के गंगपाचो स्थित प्लस टु तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल के बच्चों ने 22वीं झारखंड राज्यस्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता लोहरदगा में आयोजित की गई थी।विद्यालय के तीन छात्रों ने कुल तीन पदक लाकर पूरे क्षेत्र का नाम रौशन किया है। लोहरदगा के अम्रित पैलेस में तीन दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ लोहरदगा के एसपी तथा झारखंड ताइक्वांडो के प्रेसिडेंट प्रभात शर्मा और संजय शर्मा ने किया।विद्यालय के राजेश कुमार सब जुनियर वर्ग के अंडर 21किलो में स्वर्ण पदक लाकर विद्यालय का नाम रौशन किया। राजेश कुमार का स्वर्ण पदक के साथ ही नेशनल चैम्पियनशिप में भी चुनाव हो गया। जो क्षेत्र और विद्यालय के लिए गौरव की बात है। मुकेश कुमार को अंडर41किलो में रजत पदक हासिल हुआ। सागर कुमार को अंडर44 किलो में कांस्य पदक मिला। सभी बच्चों ने पदक लाकर पूरे प्रदेश में विद्यालय का मान बढ़ाया। विद्यालय के निदेशक आई.पी.भारती ने बच्चों को विद्यालय में पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने बच्चों की सफलता को उनके कठिन परिश्रम और लगन का परिणाम बताया। उन्होंने बच्चों के बेहतर प्रदर्शन का श्रेय विद्यालय के ताइक्वांडो शिक्षक गुलाम हसन को दिया जो कोविड जैसी विकट आपदा के समय में भी बच्चों का प्रशिक्षण जारी रखा। विद्यालय के शिक्षक मनोहर सिंह, काशीनाथ महतो, कुलदीप पासवान, संजय कुमार यादव, विमल किशोर, अनिल उपाध्याय समेत सभी शिक्षकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### सेशिनकाई कराटे बेल्ट परीक्षा संपन्न

**बरही।** प्रखंड में सेशिनकाई कराटे बेल्ट परीक्षा संपन्न हुआ। यह ग्रेडिंग परीक्षा झारखंड प्रभारी सिहान उदय कुमार एवं सेंसाइ प्रीति कुमारी के निर्देशन में छात्र छात्राओं ने कराटे काता फाइट में उम्दा प्रदर्शन किया। सभी छात्राओं ने यल्लो बेल्ट का परीक्षा दिया। जिसमें उत्तीर्ण करने वालो में सौम्या दीक्षित, अंकित कुमार, आर्यन कुमार, शक्ति कुमार, पंकज कुमार यादव, यशराज आर्य ने सभी कराटे कारों को प्रमाण पत्र एवं येलो बेल्ट देकर सम्मानित किया।ज्ञात हो कि जहां पर लगभग 2 सालों से सेंसाइ प्रीति कुमारी ने लगातार प्रशिक्षण देने का कार्य कर रही हैं। इस अवसर पर इन सभी उत्तीर्ण छात्राओं को शुभकामना दिया। बताया कि सहायक प्रशिक्षक प्रिया कुमारी ने भी इन छात्राओं पर काफी मेहनत किया है। प्रीति कुमारी ने बताया कि बरही के कराटे प्रशिक्षण केंद्र रसोईया धमना के धर्मशाला में ग्रेडिंग परीक्षा संपन्न हुई। प्रिया कुमारी को ब्राउन बेल्ट फर्स्ट क्यू दिया गया।

---

### आधारभूत संरचनाओं एवं विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में बोले डीसी

# जमीन के लंबित मुआवजा का भुगतान जल्द करें



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** आधारभूत संरचना एवं विभिन्न परियोजनाओं के तहत सोमवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। मौके पर उपायुक्त ने जुडको, पथ निर्माण विभाग, रेलवे, पीवीयूएनएल, टिस्को, सीसीएल, एनएचएआई सहित अन्य परियोजनाओं के अधिकारियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए एफआरए, एनओसी, जमीन अधिग्रहण सहित लंबित मामलों की जानकारी लेने के उपरांत जल्द से जल्द कार्रवाई करते हुए उनके निष्पादन के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने विभिन्न परियोजनाओं में अधिग्रहित किए गए जमीन के लंबित मुआवजा भुगतान की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द मुआवजा भुगतान करने का निर्देश दिया।

चितरपुर से मां छिन्नमस्तिका सिद्धपीठ रजरप्पा मंदिर तक फोरलेन सड़क के निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने पथ प्रमंडल रामगढ़ के सहायक अभियंता को बाकी बचे कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने बरलंगा कसमार पथ निर्माण कार्यों की समीक्षा के क्रम में संबंधित एजेंसियों को तीव्र गति से कार्य करने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने अंचलवार अंचल अधिकारियों से उनके उनके क्षेत्रों में चल रही परियोजनाओं में भूमि सहित अन्य मामलों को तहत हो कार्यों की जानकारी लेने के उपरांत मामलो पर कार्रवाई करते हुए ससमय उनका निष्पादन करने का निर्देश दिया।

समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी परियोजनाओं के अधिकारियों को किए जा रहे कार्यों के दौरान आने वाली समस्याओं से जिला प्रशासन को नियमित रूप से अवगत कराने का निर्देश दिया।

### डीसी ने अधिकारियों को दिये कई दिशा-निर्देश

उपायुक्त ने झारखंड फसल राहत योजना के तहत हो रहे कार्यों की भी अंचलवार समीक्षा की। मौके पर उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को उनके उनके अंचलों में बैठक कर विभिन्न स्तरों पर पेंडिंग आवेदनों को निष्पादित करते हुए जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । उन्होंने ज्यादा से ज्यादा योग्य किसानों को झारखंड फसल राहत योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। 4 एच के तहत विभिन्न मामलों की समीक्षा के क्रम में उपयोग में सभी अंचल अधिकारियों को मामलों को जल्द निष्पादित करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिया।

---

# बरसात के मौसम में सर्दी-खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों में बढोत्तरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** बरसात मौसम मे मौसमी बीमारियों में इजाफा हुआ है। सदी-खांसी, बुखार से जलोग सर्वाधिक पीडित हो रहे हैं। लिहाजा सदर अस्पताल समेत अन्य स्वास्थ्य केन्द्र में ऐसे मरीजों की भीड लग रही है और वे अपने इलाज के लिए डॉक्टर के पास पहुंच रहे हैं। इस संबंध मे पडताल किया, तो इलाज के लिए पहुंचे मरीजों में सबसे अधिक सर्दी-खांसी और बुखार वाले मरीज मिले। डॉक्टर भी बताते हैं कि बरसात के मौसम मे ही ऐसे मरीज सदर अस्पताल के ओपीडी में इलाज को लेकर पहुंच रहे हैं। 12 अक्टूबर को मरीजों का सदर अस्पताल के ओपीडी, इमराजसी में भरा पडा था और लंबी कतारें लगी हुई थी। बता दें कि इस हॉस्पिटल में सुविधा बझने के साथ ही पूरे जिले से पहुंचे औसतन 500-600 मरीजों का इलाज रोजाना किया जा रहा है।

**क्या कहते हैं सदर अस्पताल के डॉक्टर कुलदीप कुमार :** सदर अस्पताल के ओपीडी में मरीजों का इलाज कर रहे डॉ. कुलदीप कुमार ने बताया कि 200 मरीजों को देखा है, जिसमें 150 मरीज सर्दी-खांसी और बुखार से पीडित मिले हैं। उन्होंने माना कि मौसम के बदलाव के साथ ही इस तरह के मरीजों की संख्या में बढोतरी हुई है। उन्होंने बताया कि मौसम बदलाव से इस तरह वायरल के लक्षण सामान्य रूप से मिलते हैं। लेकिन जांच में कोरोना के मरीज नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसी तरह के कोराना के भी लक्षण हैं, लिखते हैं जांच के लिए, पर राहत है कि कोरोना संक्रमित मरीज नहीं हैं। उन्होंने सलाह दिया कि लोग गर्मी से आ रहे हैं, तो ठंडा पानी के बजाया पीने के लिए नॉर्मल पानी पीएं। ठंडा पानी से परहेज करें। प्रोपर मास्क लगाएं। सुपाचय भोजन करने की लोगों को सुझाव दिया।

### जिला स्थापना दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र में प्रशिक्षण का आयोजन



रामगढ़। रामगढ़ जिला के स्थापना दिवस पर 12 सितंबर को  कृषि विज्ञान केंद्र, मांडू एवं आत्मा रामगढ़ के तत्वाधान में किसान उत्पादक समूह गठित करने की मूहिम पर किसानों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारी डॉ दुष्यंत कुमार राघव ने किसान उत्पादक समूह बनाने पर बल दिया। उन्होंने किसानों को बताया कि किसान उत्पादक समूह बनाकर किसान अपने उत्पाद को जहां पर अधिक मूल्य मिलता है वहां बेच सकते हैं। परियोजना निदेशक आत्मा प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि एक साथ बीज ,खाद , कीटनाशक आदि खरीदने में उनकी बचत होगी । जिससे फसल उत्पादन लागत में कमी आएगी तब किसानों को लाभ अधिक होगा। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ इंद्रजीत ने किसानों को किसान उत्पादक समूह को कैसे बनाया जाए एवं उनका रजिस्ट्रेशन कैसे होगा के संबंध बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा किसानों की तरफ से आए हुए विभिन्न प्रश्नों को उन्होंने अच्छी तरह उन्हें समझाया। प्रशिक्षण में किसान उत्पादक समूह बनाने पर विभिन्न पहलुओं पर बात की गई । साथ में यह भी बताया गया कि किसान उत्पादक समूह बन जाने पर उन्हें खाद, बीज, कीटनाशक आदि का लाइसेंस भी प्राप्त हो जाएगा जिससे वे आसानी से उसे खरीद बेच सकते हैं। प्रशिक्षण में 30 से अधिक किसान, जीटी भारत के प्रतिनिधि एवं वैज्ञानिक धर्मजीत खेरवार, केंद्र के सनी कुमार, शशिकांत चौबे, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, रंजीत कुमार रजक, मुखिया राजेंद्र प्रसाद उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक में प्रखंड कमेटी का गठन

**कटकमसांडी।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की बैठक रविवार को सरजू प्रसाद मेहता की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मोर्चा प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मुंद्रिका राणा को प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रियंका कुमारी ने कहा कि अपने हक अधिकार के लिए ओबीसी आगे आए। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह हमेशा ओबीसी को ठगने का काम किया है। लेकिन अब ऐसा होने नही देगें। क्योंकि इसके लिए मोर्चा के सभी लोग सभी को एकजुट होने लगे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि आगामी होने वाले राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा जिला सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल हों। इस अवसर पर प्रदेश सचिव अजय कुमार मेहता, जिला अध्यक्ष बिरजू प्रसाद मेहता, जिला कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, मुकेश कुमार मेहता, प्रमोद कुमार, शशिकांत मेहता, प्रमोद मेहता, प्रभात कुमार, राजेन्द्र प्रसाद मेहता, मनोज कुमार मेहता, संदीप कुमार यादव, विजय मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे

### विहिप और अभ्युदय युवा क्लब की खेलकूद में 23 एकल विद्यालय हुए शामिल

**बड़कागांव।** प्रखंड के शिवाडीह खेल मैदान में विश्व हिंदू परिषद, अभ्युदय युवा क्लब एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 23 एकल विद्यालय के प्राचार्य सहित पांच वर्ष से लेकर 14 वर्ष तक के बालक-बालिकाएं शामिल हुए। उद्घाटन मुख्य अतिथि मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, विशिष्ट अतिथि उप प्रमुख बचनदेव कुमार एवं अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं भारत माता के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता में हाई जंप, लौंग जंप, कबड्डी, दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर 600 मीटर सहित अन्य कई प्रकार के खेल खेलाया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि एकल विद्यालय संध्या चार बजे से शुरू की जाती है। इस एकल विद्यालय में अपने बच्चों को जरूर भेजिए जहां पर आपको धार्मिक एवं सनातन धर्म, अपनी संस्कृति एवं संस्कार, योगा के बारे में बताया जाता है। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष देवदीप कुमार, ओमप्रकाश, कपिल महतो, सुषमा कुमारी, रंजीत चौबे, लालदेव महतो, भोलानाथ कुशवाहा, गिनी वर्मा, बासमती कुमारी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### शिक्षक अभिभावक गोष्ठी में प्राचार्य ने दी नई शिक्षा नीति और स्मार्ट क्लास की जानकारी

**बरही।** भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शिक्षक अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सामूहिक सरस्वती वंदना के साथ हुआ। विद्यालय के अध्यक्ष अमित कुमार और प्राचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने अभिभावकों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय परिवार छात्र छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए कृत-संकल्प है। आचार्य चंद्रमोहन मिश्र और आचार्य प्रिंस रविशंकर प्रियदर्शी ने अभिभावकों को उनके बच्चों के 6 माह के पठन-पाठन की प्रगति की जानकारी दी। बच्चों के संतोष जनक प्रगति से संतुष्ट अभिभावकों ने अपनी ओर विद्यालय प्रबंधन को कई सुझाव दिए,जिसे प्राचार्य ने स्वीकार कर लिया। प्राचार्य रजनीश पांडे ने नई शिक्षा नीति और विद्यालय में शुरू स्मार्ट क्लास की जानकारी दी।

न्यूज गैलरी

## फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा ने जीता सिंकीफील्ड कप शतरंज



**सैंट लुईस (एजेंसी)।** 2022 के सबसे मजबूत सुपर ग्रांड मास्टर क्लासिकल शतरंज टूर्नामिंट का खिताब फ्रांस के 19 वर्षीय ग्रांड मास्टर अलीरेजा फिरौजा नें अपने नाम कर लिया है उन्होने रूस के यान नेपोमिन्सी को टाईब्रेक में पराजित करते हुए पहली बार यह प्रतिष्ठित खिताब अपने नाम किया। अंतिम नौवे राउंड में सभी मुकाबले बराबरी पर खत्म हुए अलीरेजा नें हमवतन मकसीम लागरेव से तो नेपोमिन्सी नें यूएसए के नीमन हंस मोके से बाजी ड्रॉ खेली और कुल 5 अंको के साथ सयुंक्त पहले स्थान पर रहे ऐसे में विजेता का निर्धारण करने के लिए दोनों के बीच दो ब्लिट्ज टाईब्रेक के मुकाबले खेले गए जिसमें 1.5-0.5 के अंतर से अलीरेजा नें जीत दर्ज की। इस जीत के साथ अलीरेजा नें ग्रांड चैस टूर वर्ष 2022 का ओवरऑल खिताब भी अपने नाम कर लिया। नेपोमिन्सी सिंकिफील्ड कप में उपविजेता रहे तो 4.5 अंक बनाकर बेहतर टाईब्रेक के आधार पर यूएसए के वेसली सो तीसरे तो फबियानों कारुआना चौंथे स्थान पर रहे। 4 अंक बनाकर यूएसए के दोमिंगेज पेरेज पांचवे, 3.5 अंको पर यूएसए के नीमन हंस छठे और लेवोन अरोनियन सातवे, तो 3 अंक बनाकर अजरबैजान के ममेद्यारोव आठवे तो मकसीम लागरेव अंतिम नौवे स्थान पर रहे।

## सीपीएल 2022 के शेष सीजन में खेलेंगे राशिद खान व एडम होज

**सेंट लूसिया (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के स्टार लेग स्पिनर राशिद खान 2022 हीरो कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के लिए गत चैम्पियन सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स टीम का हिस्सा होंगे। राशिद वानिंदु हसरंगा की जगह लेंगे जो अब इस साल के टूर्नामिंट के लिए उपलब्ध नहीं हैं। राशिद के अलावा इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज एडम होज भी इस साल सीपीएल में खेलते नजर आएंगे। होज को सेंट लूसिया किंग्स ने अपने साथ जोड़ा है। 32.17 की औसत से 2381 टी20 रन बनाने वाले होज टिम डेविड की जगह लेंगे, जिन्हें ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए बुलाया गया है। बता दें कि पहली बार 2013 में शुरू हुआ, हीरो कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) एक फ्रैंचाइजी-आधारित टी 20 प्रारूप क्रिकेट टूनार्मेंट है। सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स वर्तमान हीरो सीपीएल चैंपियन हैं और अन्य प्रतिस्पर्धी टीमें बारबाडोस रॉयल्स, गुयाना अमेजॅन वारियर्स, जमैका तल्लावाह, सेंट लूसिया किंग्स और ट्रिनबागो नाइट राइडर्स हैं। सीपीएल 2022, 31 अगस्त से शुरू है, जिसका समापन 30 सितंबर को होगा। इस साल के सीपीएल के मेजबान सेंट किट्स एंड नेविस, सेंट लूसिया, त्रिनिदाद और टोबैगो और गुयाना हैं।

## 39वीं इंडियन ऑयल सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से, 16 टीमें लेंगी हिस्सा

**जालंधर (एजेंसी)।** 39वां इंडियन ऑयल सुरजीत हॉकी टूर्नामेंट 27 अक्टूबर से चार नवंबर तक स्थानीय सुरजीत हॉकी स्टेडियम, बर्लटन पार्क में खेला जाएगा। सुरजीत हॉकी सोसायटी के अध्यक्ष एवं जिला उपायुक्त जसप्रीत सिंह ने रविवार को बताया कि सोसायटी द्वारा हर साल टूर्नामेंट का आयोजन पूर्व भारतीय हॉकी टीम के कप्तान और ओलिम्पियन सुरजीत सिंह रंधावा के नाम को जीवित रखने के लिए किया जाता है, जिन्होंने सात जनवरी 1984 को जालंधर के पास एक दुखद कार दुर्घटना में अपनी जान गंवा दी थी। जसप्रीत सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट का 39वां संस्करण नॉकआउट-कम-लीग के आधार पर खेला जाएगा।

# टेनिस : यूएस ओपन जीतकर शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचे कार्लोस अल्काराज



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** स्पेन के युवा सनसनी टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऐतिहासिक फाइनल मैच में नॉर्वे के कैस्पर रूड को हराकर यूएस ओपन खिताब जीता और एटीपी रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया। उन्नीस वर्षीय अल्काराज ने रविवार को आर्थर ऐश स्टेडियम में तीन घंटे 20 मिनट चले फाइनल के चौथे सेट में बाजुओं को खोलकर आक्रामक प्रहार किये और दबाव को सोखते हुए 6-4, 2-6, 7-6(1), 6-3 से अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता। अपनी ऐतिहासिक जीत के बाद भावुक हुए अल्काराज दर्शकों की तालियों के शोर के बीच कोर्ट पर गिर गये।

इसके बाद उन्होंने अपनी टीम और कोच हुआन कार्लोस फरेरो को गले मिलकर बधाई दी। अल्काराज ने कहा, मैंने यह सपना बचपन से देखा है। दुनिया में नंबर एक बनना और ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनना कुछ ऐसा है जिसके लिये मैंने वास्तव में कड़ी मेहनत की है। अभी बात करना मुश्किल है, मेरे अंदर बहुत सारी भावनाएं हैं। यह वास्तव में मेरे लिए खास है। अल्काराज ने अपने पहले ग्रैंड स्लैम फाइनल तक पहुंचने के लिये पिछले तीन मुकाबले पांच सेटों में जीते और कोर्ट पर 20 घंटे 19 मिनट का समय बिताया। इसके बावजूद रूड के खिलाफ खेलते हुए उन्होंने थकान की कोई झलक नहीं दिखायी। उन्होंने कहा, ग्रैंड स्लैम के अंतिम दौर में थकने का समय नहीं होता। आपको तैयार रहना होता है और अपना सब कुछ देना होता है। मैं इसके लिये कड़ी मेहनत करता हूं।

रोलां गैरो 2005 में 19 वर्षीय राफेल नडाल के बाद उनके हमवतन अल्काराज ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे युवा पुरुष खिलाड़ी हैं। अल्काराज 19 वर्षीय पीट संप्रास (1990) के बाद यूएस ओपन जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी भी हैं। अल्काराज जब फ्लशिंग मीडोज में आये थे तब वह विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर थे और खिताब जीतने की सूची में उनका नाम दानिल मेदवेदेव, एलेक्जेंडर ज्वेरेव और नडाल के बाद रखा गया था। फाइनल में रूड और अल्काराज के बीच पहले स्थान की जंग थी, जिसे जीतकर अल्काराज एटीपी के इतिहास में शीर्ष रैंकिंग हासिल करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गये। अल्काराज शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचने वाले स्पेन के चौथे खिलाड़ी हैं, जबकि उनके कोच फरेरो, कार्लोस मोया और नडाल इससे पहले नंबर एक रह चुके हैं। तीसरा सेट जीतने के दौरान अल्काराज ने कुछ अप्रत्याशित गलतियां की थीं, लेकिन चौथा सेट शुरू होते ही उन्होंने अपनी बाजुओं को खोला और मूल खेल दिखाते हुए मुकाबला जीत लिया। तीसरे सेट में नेट पर शानदार खेल दिखाने वाले अल्काराज ने चौथे सेट में संयम के साथ सर्व किया और बेमिसाल ग्राउंडस्ट्रोक लगाकर रूड को इस कोने से उस कोने तक दौड़ाते हुए ऐतिहासिक जीत दर्ज की।

नडाल के हाथों जून में फ्रेंच ओपन फाइनल हारने के बाद अपना दूसरा ग्रैंड स्लैम फाइनल खेल रहे रूड शीर्ष रैंकिंग पर पहुंचने वाले नॉर्वे के पहले खिलाड़ी बनना चाहते थे, लेकिन अल्काराज ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया। रूड हालांकि फ्लशिंग मीडोज में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद एटीपी रैंकिंग में दूसरे पायदान पर पहुंच गये हैं।

# एशिया कप : राजपक्षे ने संकट का सामना कर रहे देशवासियों को समर्पित किया खिताब




**दुबई (एजेंसी)।** श्रीलंका की एशिया कप में खिताबी जीत के हीरो रहे भानुका राजपक्षे ने इस खिताब को संकट का सामना कर रहे अपने देश को समर्पित किया है। श्रीलंका ने रविवार रात खिताबी मुकाबले में पाकिस्तान को 23 रन से हराकर 2014 के बाद एशिया कप का खिताब जीता जो उनका कुल मिलाकर छठा खिताब है। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 58 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे लेकिन राजपक्षे (45 गेंद में 71 रन) और वानिंदु हसरंगा (21 गेंद में 36 रन) की बदौलत टीम शानदार वापसी करते हुए छह विकेट पर 170 रन बनाने में सफल रही। राजपक्षे ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'कुछ दशक पहले हम हमेशा दुनिया को दिखाना चाहते थे कि हमारे पास आक्रामकता है और हम चाहते थे कि एक टीम के रूप में हम दोबारा उन लम्हों को पैदा करें।' उन्होंने कहा, आगे बढ़ते हुए हम विश्व कप से पहले इस लय को बनाए रखना चाहते हैं। स्वदेश में संकट के हालात को देखते हुए यह श्रीलंका के सभी लोगों के लिए एक कठिन समय है लेकिन आशा है कि हम अपने लोगों के चेहरों पर कुछ मुस्कान ला पाए हैं।' राजपक्षे ने मुस्कुराते हुए कहा, ह्ययह पूरे देश के लिए है वे इतने लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे।' देश में सबसे खराब आर्थिक संकट और राजनीतिक अशांति की पृष्ठभूमि में श्रीलंका ने एशिया कप खिताब जीता।

राजपक्षे के साथ मौजूदा श्रीलंका के कप्तान दासुन शनाका ने टूर्नामेंट के पहले मैच में अफगानिस्तान से हारने के बावजूद पूरे टूर्नामेंट में इतना अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अपने साथियों की प्रशंसा की। शनाका ने कहा, उस पहली हार के बाद हमने गंभीर चर्चा की। हम जानते थे कि हमारे पास प्रतिभा है लेकिन यह खेल परिदृश्यों में उन्हें लागू करने के बारे में था और सभी खिलाड़ियों ने योगदान दिया। यह एक ऐसा माहौल है जिसे हमने एक टीम और कोचिंग स्टाफ के रूप में बनाया है और अब इसका फायदा मिल रहा है।' श्रीलंकाई कप्तान के पास खिताब जीतने के बाद स्वदेश में प्रशंसकों के लिए संदेश भी है। शनाका ने कहा, हमारे क्रिकेटरों पर विश्वास करें। बहुत सारी बुरी चीजें हो रही हैं। क्रिकेटर के रूप में उन्हें भी अपने जीवन का आनंद लेना चाहिए न कि बुरी चीजें फैलाना। उनका भी निजी जीवन है। विश्वास रखें, यही कुंजी है। एक कप्तान के रूप में मैं खिलाड़ियों को विश्वास दिलाता हूं (जो भी) मैं कर सकता हूं, मैं उससे ज्यादा खिलाड़ियों से मांग नहीं करता।'

शनाका ने कहा कि एशिया कप जीत लंबे समय से बदलाव के दौर से गुजर रहे श्रीलंका क्रिकेट के लिए आने वाली बड़ी चीजों की तरफ एक कदम हो सकता है।

### शादाब ने एशिया कप फाइनल में हार की जिम्मेदारी ली



**पाकिस्तान** के उप-कप्तान और हरफनमौला शादाब खान ने एशिया कप 2022 के फाइनल में श्रीलंका के खिलाफ हार की जिम्मेदारी लेते हुए देश से माफी मांगी है। शादाब ने सोमवार को ट्वीट किया, कैच ही मैच जिताते हैं। मैं इस हार की ज़िम्मेदारी लेता हूं। मैंने अपनी टीम को निराश किया। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका ने रविवार को खेले गये फाइनल में पाकिस्तान को 23 रन से मात दी। शादाब ने मैच की पहली पारी में भानुका राजपक्षे के दो कैच छोड़े, जो 45 गेंदों पर 71 रन बनाकर श्रीलंका की जीत के नायक रहे। पाकिस्तान को हालांकि इस टूर्नामेंट में नसीम शाह के रूप में एक बेहतरीन तेज गेंदबाज मिला, जबकि हारिस रउफ और मोहम्मद नवाज ने भी टीम के लिये महत्वपूर्ण प्रदर्शन किया। शादाब ने टूर्नामेंट के सकारात्मक पक्षों पर बात करते हुए कहा, नसीम शाह, हारिस रउफ, मोहम्मद नवाज और पाकिस्तान की पूरी गेंदबाजी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। मोहम्मद रिजवान ने भी कड़ी लड़ाई की। पूरी टीम ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया।

## इंग्लैंड ने तीसरा टेस्ट नौ विकेट से जीता, शृंखला 2-1 से



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने ओली रॉबिन्सन और स्टुअर्ट ब्रॉड के सात-सात विकेटों की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को तीसरे टेस्ट में सोमवार को नौ विकेट से मात देकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 40 रन से पिछड़ने के बाद दूसरी पारी में 169 रन बनाकर इंग्लैंड को 130 रन का मामूली लक्ष्य दिया था, जिसे बेन स्टोक्स की टीम ने 22.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इंग्लैंड की जीत चौथे दिन ही सुनिश्चित हो गयी थी जब उसने स्टंप्स तक बिना किसी नुकसान के 97 रन बना लिये थे। पांचवें दिन सलामी बल्लेबाज एलेक्स लीस (39) कागिसो रबाडा की गेंद पर पगबाधा हो गये, जिसके बाद जैक क्रॉली (69 नाबाद) और ओली पोप (11 नाबाद) ने इंग्लैंड को लक्ष्य तक पहुंचाया। पहले दिन का खेल बारिश और दूसरे दिन का खेल महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण रद्द होने के बाद यह टेस्ट आधिकारिक रूप से तीन दिनों में निर्णय तक पहुंचा। इंग्लैंड के लिये रॉबिन्सन और ब्रॉड ने शानदार गेंदबाजी करते हुए दोनों पारियों में कुल सात-सात विकेट लिये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को जैनसेन ने पहली पारी में पांच विकेट लिये लेकिन दूसरी पारी में उनकी विकेट की पंक्ति खाली रही।

### एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022 में पीआर श्रीजेश बोले-

## विश्व कप से पहले स्पेन के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलेगा




**बेंगलुरू (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश को लगता है कि स्पेन के खिलाफ एफआईएच प्रो लीग के शुरूआती दो मैच अगले साल की शुरूआत में भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले विश्व कप से पहले 'मॉक टेस्ट' होंगे जिसमें टीम को खुद को आंकने का मौका मिलेगा। भारत अगले साल 13 से 29 जनवरी तक पुरुष विश्व कप की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है।

इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता से पहले भारत भुवनेश्वर के कलिंग स्टेडियम में आगामी एफआईएच प्रो लीग 2022-23 के अपने पहले मुकाबले में 30 अक्टूबर और छह नवंबर को दुनिया की आठवें नंबर की टीम स्पेन की मेजबानी करेगा। श्रीजेश ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, 'एफआईएच हॉकी प्रो लीग हमारे लिए सबसे अच्छा मंच है क्योंकि हमें कुछ शीर्ष टीम के खिलाफ खेलने का मौका मिलता है। स्वदेश में होने वाले आगामी मुकाबले हमारे लिए मॉक टेस्ट की तरह होंगे, यह हमें वास्तविक चुनौतियों में मदद करेगा जिनका हम जनवरी 2023 में सामना करेंगे।' उन्होंने कहा, यह हमें युवा खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय हॉकी खेलने का अनुभव प्रदान करने में भी मदद करेगा। यह हमारे लिए एक शानदार अवसर है क्योंकि यह हमें विश्व कप के लिए लय बनाने में मदद करेगा।' भारत को अगले साल होने वाले विश्व कप में मुश्किल पूल डी में रखा गया है और श्रीजेश को शुरूआती चरण में अपने विरोधियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने की उम्मीद है।

दुनिया की पांचवें नंबर की टीम भारत को इंग्लैंड (विश्व रैंकिंग छह), स्पेन (विश्व रैंकिंग आठ) और वेल्स के साथ रखा गया है। भारत ने इस साल के बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक जीतने के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ 4-4 से ड्रॉ खेला और वेल्स को 4-1 से हराया। श्रीजेश ने कहा, ह्ययह एक दिलचस्प पूल है। इंग्लैंड, स्पेन और वेल्स तीनों वास्तव में अच्छी टीमें हैं। हाल ही में बर्मिंघम 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में इंग्लैंड और वेल्स से खेलने के बाद मुझे लगता है कि यह एक कठिन प्रतियोगिता होगी।'


## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे टीम की अगुवाई करेंगे शिखर धवन : रिपोर्ट



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय ओपनर शिखर धवन घरेलू धरती पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला में टीम इंडिया का नेतृत्व करेंगे। एक रिपोर्ट में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी सामने आई है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप का आठवां संस्करण इस साल 16 अक्टूबर से 13 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में होने वाला है। सूत्रों ने कहा कि कप्तानी धवन को सौंपी जाएगी क्योंकि टी20 विश्व कप के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को आराम दिया जा सकता है। धवन के अलावा वीवीएस लक्ष्मण के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ की अनुपस्थिति में एक कोच के रूप में टीम के साथ होने की संभावना है। भारत 28 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे मैच खेलेगा। पहला टी20 इंटरनेशनल 28 सितंबर को तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया जाएगा। वहीं दूसरा टी20 दो अक्टूबर 2022 को गांधी जयंती पर गुवाहाटी में और तीसरा मैच चार अक्टूबर को इंदौर में खेला जाएगा। वहीं 6 अक्टूबर से लखनऊ में एकदिवसीय श्रृंखला शुरू होगी जबकि दूसरा मैच रांची और तीसरा व अंतिम मैच दिल्ली में क्रमशः 9 और 11 अक्टूबर को होगा।

## जूनियर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी उन्नति और अनुपमा





**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर एक जूनियर खिलाड़ी अनुपमा उपाध्याय और ओडिशा ओपन सुपर 100 चैंपियन उन्नति हुड्डा 17 से 30 अक्टूबर तक स्पेन के सेंटेंडर में होने वाली बीडब्ल्यूएफ विश्व जूनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप में भारत की चुनौती की अगुआई करेंगी। कोविड-19 महामारी के कारण दो साल के अंतराल के बाद इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है। प्रतियोगिता के लिए भारतीय टीम को विस्तृत चयन प्रक्रिया के बाद चुना गया है जिसमें दो अखिल भारतीय रैंकिंग टूर्नामेंट और रायपुर में चयन ट्रायल शामिल हैं। उन्नति ने लड़कियों के एकल ट्रायल में शीर्ष स्थान हासिल किया था जिसमें एस रक्षिता श्री और अनुपमा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। गोवा और पंचकूला में दोनों अखिल भारतीय रैंकिंग खिताब जीतने वाले भरत राघव, पूर्व जूनियर विश्व नंबर एक शंकर मुथुसामी के अलावा आयुष शेट्टी लड़कों के एकल वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। भारत ने अब तक प्रतियोगिता में एक स्वर्ण, तीन रजत और पांच कांस्य पदक जीते हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य सेन 2018 में कांस्य पदक के साथ इस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले आखिरी भारतीय थे। भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के सचिव संजय मिश्रा ने कहा, जूनियर विश्व चैंपियनशिप लंबे अंतराल के बाद हो रही है और नए खिलाड़ियों के उभरने के साथ व्यापक चयन ट्रायल के बाद टीम का चयन किया गया है। उन्होंने कहा, हमें विश्वास है कि हम मिश्रित टीम चैंपियनशिप और व्यक्तिगत स्पर्धाओं में पदक के लिए मजबूत चुनौती पेश करेंगे। प्रतियोगिता की शुरूआत मिश्रित टीम स्पर्धा से होगी। भारत पुरुष और महिला युगल तथा मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी दो-दो जोड़ियां उतारेगा। निकोलस नाथन राज और तुषार सुवीर के साथ अर्श मोहम्मद और अभिनव ठाकुर की नई जोड़ी पुरुष युगल में उतरेंगी। महिला युगल में गोवा में अखिल भारतीय रैंकिंग प्रतियोगिता विजेता इशरानी बरुआ और देविका सिहाग के साथ तमिलनाडु की श्रेया बालाजी और श्रीनिधि एन शामिल होंगी।

### टीम इस प्रकार है :-

- लड़कों का एकल वर्ग : भरत राघव, शंकर मुथुसामी एस, आयुष शेट्टी।
- लड़कियों का एकल वर्ग : उन्नति हुड्डा, एस रक्षिता श्री, अनुपमा उपाध्याय।
- लड़कों का युगल वर्ग : अर्श मोहम्मद/अभिनव ठाकुर, निकोलस नाथन राज/तुषार सुवीर।
- लड़कियों का युगल वर्ग : इशरानी बरुआ/देविका सिहाग, श्रेया बालाजी/श्रीनिधि एन।
- मिश्रित युगल : समरवीर/राधिका शर्मा, विघ्नेश थथिनेनी/श्री साई श्रव्य लक्कमराजू।



## न्यूज गैलरी

### सुपरअस ने ईपीडी-आधारित डिवाइस बनाने के लिए की साझेदारी

नयी दिल्ली (एजेंसी)। सुपरअस सिस्टम्स ने भारत में इलेक्ट्रॉनिक पेपर डिस्प्ले (ईपीडी) आधारित उपकरणों के निर्माण के लिए ई-पेपर प्रौद्योगिकी के प्रवर्तक और अग्रणी कंपनी ई इंक के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी की है। कंपनी ने आज यहां बताया कि इस साझेदारी के साथ, सुपरअस सिस्टम्स स्थानीय और वैश्विक स्तर पर ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन और टेक्नोलॉजी देने के लिए पूरी तरह तैयार है। ऐसे स्मार्ट उपकरणों की आवश्यकता है जो कम ऊर्जा खपत पर कुशलता से काम कर सकें। सुपरअस सिस्टम्स ने स्मार्ट सिटी, बस स्टॉप, अस्पताल, रिटेल, रेलवे और कई अन्य के लिए उत्पादों का निर्माण करके इस अधूरी मांग को पूरा किया है। ये उत्पाद हर कार्यक्षेत्र में स्थिरता लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, जिससे देश को हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण प्राप्त करने के वैश्विक लक्ष्यों का पालन करने में मदद मिलती है। भारत के डिजिटल बुनियादी ढांचे का भविष्य विकसित हो गया है और ई इंक प्रौद्योगिकी को अपनाने से इस प्रवृत्ति में तेजी आएगी। सरकार स्मार्ट शहरों के लिए डिजिटलीकरण, डिजिटल साक्षरता और बुनियादी ढांचे को बढ़ाने को प्रोत्साहित कर रही है, जिसे इन उत्पादों और समाधानों की तैनाती के माध्यम से संबोधित किया जाएगा।

### जेएसडब्ल्यू स्टील का अगस्त में उत्पादन 22 प्रतिशत बढ़ा

मुंबई। जेएसडब्ल्यू स्टील का अगस्त 2022 में एकल आधार पर कच्चे इस्पात का उत्पादन सालाना रूप से 22 प्रतिशत बढ़कर 16.76 लाख टन रहा। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि अगस्त 2021 में उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन 13.77 लाख टन था। जेएसडब्ल्यू स्टील ने अगस्त 2022 में 34 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 12.1 लाख टन इस्पात की चादर के रोल का उत्पादन किया जबकि एक वर्ष पूर्व इसका उत्पादन 8.99 लाख टन था। इसी तरह कंपनी ने आलोच्य माह में 3.75 लाख टन इस्पात के सरियों का उत्पादन किया, यह अगस्त 2021 में हुए 3.01 लाख टन के उत्पादन से 25 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि कर्नाटक और ओडिशा क्षेत्रों में लौह अयस्क की कमी के कारण अगस्त 2022 में उसकी औसत क्षमता का 87.4 प्रतिशत हिस्सा उपयोग हुआ।

### सोना वायदा कीमतों में 79 रुपये प्रति 10 ग्राम की तेजी

नयी दिल्ली। मजबूत हाजिर मांग के कारण वायदा कारोबार में सोमवार को सोना 79 रुपये की तेजी के साथ 50,608 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर पहुंच गया। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर डिलिवरी के लिए सोने का भाव 79 रुपये या 0.16 प्रतिशत की तेजी के साथ 50,608 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। इसमें 10,073 लॉट का कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कारोबारियों ने ताजा सौदों में कारोबार किया जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,731.60 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था।

# सरकार इलेक्ट्रिक राजमार्ग के विकास पर कर रही काम : गडकरी



नयी दिल्ली (एजेंसी)। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कहा कि सरकार सौर ऊर्जा के जरिये इलेक्ट्रिक राजमार्गों के विकास पर काम कर रही है। यह कदम अधिक माल ढुलाई क्षमता वाले ट्रकों और बसों की चार्जिंग को सुगम बनाएगा। उद्योग मंडल इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स (आईएसीसी) के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गडकरी ने यह बात दोहरायी कि सरकार देश की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बिजली चालित बनाना चाहती है। उन्होंने कहा, सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के लिये सौर और पवन ऊर्जा ऊर्जा आधारित चार्जिंग व्यवस्था के विकास को प्रोत्साहित कर रही है। मंत्री ने कहा, हम इलेक्ट्रिक राजमार्ग के विकास पर भी काम कर रहे हैं। यह सौर ऊर्जा के जरिये संचालित होंगे। इससे भारी माल ढुलाई क्षमता वाले वाले ट्रकों और बसों को यात्रा के दौरान चार्ज करने में सुविधा होगी। एक इलेक्ट्रिक राजमार्ग से आशय ऐसी सड़क से है जो उसपर यात्रा करने वाले वाहनों को बिजली की आपूर्ति करती है। इसमें ओवरहेड बिजली की लाइन के जरिये ऊर्जा की आपूर्ति शामिल है। गडकरी ने कहा कि सड़क मंत्रालय टोल प्लाजा को सौर ऊर्जा से चलाने के लिये भी प्रोत्साहित कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक अच्छी तरह से विकसित बुनियादी ढांचा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ाता है, नई कंपनियां सृजित करता है और रोजगार के अवसर बढ़ाता है। हम 26 नये एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहे हैं। गडकरी ने कहा कि पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान की शुरूआत के साथ परियोजनाओं को तेजी से मंजूरी मिलेगी और इससे लॉजिस्टिक लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका दोनों स्वाभाविक भागीदार हैं। उन्होंने अमेरिका के निजी निवेशकों को भारत के लॉजिस्टिक, रोपवे और केबल कार क्षेत्रों में निवेश के लिये आमंत्रित किया। मंत्री ने यह भी कहा कि करीब तीन करोड़ पेड़ राष्ट्रीय राजमार्गों के आसपास लगाये जाएंगे और सरकार राजमार्गों के निर्माण और विस्तार के दौरान पेड़ लगाने के चलन को अपना रही है। अबतक हमने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में 27,000 पेड़ एक जगह से दूसरी जगह सफलतापूर्वक लगाये हैं।

## बाढ़ की स्थिति में कैसे क्लेम करें मोटर इंश्योरेंस

नई दिल्ली। प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का जोर नहीं है। बाढ़, भूकंप, भूस्खलन, बादल फटने और तूफान आने जैसी घटनाएं अक्सर होती रहती हैं। इस दौरान लोगों को कई तरह के नुकसान का सामना करना पड़ता है। हाल ही में देश के कई हिस्सों में नदियों में बाढ़ आने से निचले इलाकों और आवासीय क्षेत्रों में पानी भर गया। ऐसे हालात में नुकसान का बीमा कंपनी से क्लेम करने की जानकारी जरूर होनी चाहिए। खास तौर पर बाढ़ की स्थिति में मोटर इंश्योरेंस कैसे क्लेम करें, इसको जरूर जान लेना चाहिए। क्योंकि बहुत लोगों की कारें और अन्य गाड़ियां बाढ़ में या तो डूब गईं या बह गई हैं। अगर आपके साथ भी ऐसा कुछ हुआ है तो सबसे पहले यह पता कर लें कि क्या आपकी पॉलिसी बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कवर करती है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को तभी कवर किया जाएगा।

## एयर इंडिया अगले 15 महीनों में 30 विमानों को अपने बेड़े में शामिल करेगी



नई दिल्ली (एजेंसी)। टाटा समूह की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया इस साल दिसंबर से अपने बेड़े में 30 नए विमानों को शामिल करेगी। कंपनी ने सोमवार को यह जानकारी दी है। टाटा के स्वामित्व वाली निजी क्षेत्र की एयरलाइन कंपनी ने जारी बयान में कहा कि अपनी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ान को बढ़ाना चाहती है, जिसके तहत यह विस्तार किया जा रहा है। एयर इंडिया ने बताया कि अगले 15 महीनों में चौड़ी बॉडी वाले 5 बोइंग विमान और पतली बॉडी वाले 25 एयरबस विमानों को शामिल करने के लिए पट्टों और आशय पत्रों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कंपनी के मुताबिक इन नए विमानों से एयरलाइन के बेड़े में 25 फीसदी से अधिक की वृद्धि होगी। ये विमान वर्ष 2022 के अंत से परिचालन शुरू करेंगे। एयर इंडिया ने बताया कि पट्टे पर लिए जा रहे विमानों में 21 एयरबस ए-320 नियो, चार एयरबस ए-321 नियो और पांच बोइंग बी777-200 एलआर शामिल हैं। दरअसल टाटा समूह ने इस साल सार्वजनिक क्षेत्र की विमानन कंपनी एयर इंडिया का अधिग्रहण किया था।

## टाटा ग्रुप की बिसलेरी इंटरनेशनल में हिस्सेदारी खरीदने की तैयारी

नई दिल्ली। रतन टाटा की कंपनी टाटा ग्रुप अब ड्रिंकिंग वाटर इंडस्ट्री की सबसे बड़ी कंपनी बिसलेरी इंटरनेशनल में हिस्सेदारी खरीद सकती है। एक अंग्रेजी अखबार की खबर के मुताबिक, टाटा भारत की सबसे बड़ी पैकेज्ड वाटर कंपनी रमेश चौहान के स्वामित्व वाली बिसलेरी इंटरनेशनल में हिस्सेदारी के लिए एक प्रस्ताव रखा है। सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि टाटा समूह पैकेज्ड ड्रिंकिंग वाटर कारोबार को लेकर उत्साहित है और इस कंपनी में हिस्सेदारी खरीदने के लिए बिसलेरी को प्रस्ताव दिया है। यह टाटा को एंट्री-लेवल, मिड-सेगमेंट और प्रीमियम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर कैटेगरी में बड़े पैमाने पर पैर जमाने में मदद करेगी। कहा गया है कि इस कारोबार में एंट्री करने से टाटा का रिटेल स्टोर्स, केमिस्ट चैनल्स, इंस्टीट्यूशनल चैनल्स, होटल सहित रेडी गो-टू-मार्केट नेटवर्क बढ़ेगा। रेस्तरां और एयरपोर्ट्स के अलावा बल्क-वाटर डिलीवरी में बिसलेरी मिनेरल वाटर लीड करने वाली कंपनी है। बता दें कि टाटा ग्रुप का टाटा कंज्यूमर कारोबार काफी बड़ा है। यह कंपनी स्टारबक्स कैफे संचालित करने के अलावा टेटली चाय, आठ बजे कॉफी, सोलफुल अनाज, नमक और दालें बेचती हैं। NourishCo के तहत टाटा कंज्यूमर का अपना बोतलबंद पानी का व्यवसाय भी है लेकिन यह एक विशिष्ट व्यवसाय है। अब कंपनी बिसलेरी का अधिग्रहण कर अपने कारोबार को बढ़ाना चाह रही।

## इंदौर का आकाश नमकीन खरीदेगी रिलायंस, डील पर होगी बातचीत

नई दिल्ली। सॉफ्ट ड्रिंक ब्रांड कैंपा के अधिग्रहण के बाद रिलायंस रिटेल अपने पोर्टफोलियो में इंदौर की कंपनी आकाश नमकीन प्राइवेट लिमिटेड को जोड़ने वाला है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया गया है। कंपनी रतलामी सेव, चिवड़ा और भेल जैसे नमकीन बनाती है। उसके प्रोडक्ट पोर्टफोलियो में बेसन के लड्डू, गुलाब जामुन और सोन पापड़ी जैसी पारंपरिक मिठाइयां है। आकाश नमकीन की शुरूआत साल 1936 में मध्य प्रदेश की बिजनेस कैपिटेल इंदौर से हुई थी। कंपनी के पास इंदौर में मैन्युफैक्चरिंग प्लांट है। 7 को-पैकिंग यूनिट भी हैं। पूर्वी भारत में 4, उत्तरी भारत में 2 और पश्चिमी भारत में 1 यूनिट। अमेरिका, यूरोप, मिडिल ईस्ट, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और श्रीलंका में इसके प्रोडक्ट एक्सपोर्ट होते हैं। नमकीन में रतलामी सेव, मूंग दाल, बूंदी, मिक्सचर, पीनट, काजू मसाला, सालेटेड काजू, उपवास चिवड़ा, सोया स्टिक, भावनगरी गंठिया और भुजिया शामिल है।

# शेयर बाजार ने मजबूती के साथ की शुरूआत, सेंसेक्स में 445 अंक की तेजी




नई दिल्ली (एजेंसी)। पिछले सप्ताह की जोरदार तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार ने इस सप्ताह की शुरूआत भी शानदार मजबूती के साथ की। हालांकि शुरूआती मिनटों में बाजार ने हल्के उतार-चढ़ाव का सामना भी किया। उसके बाद खरीदारी के सपोर्ट से बाजार में तेजी का रुख बना। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक खरीदारी के सपोर्ट से लगातार मजबूत बने हुए थे। इस खरीदारी के कारण सेंसेक्स आज एक बार फिर 60 हजार अंक के दायरे के पार करके कारोबार कर रहा था, वहीं निफ्टी भी 17,900 अंक के दायरे को पार करके कारोबार कर रहा था। शुरूआती कारोबार में निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 44 शेयरों में खरीदारी के सपोर्ट से तेजी का रुख बना हुआ था, वहीं 6 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 26 शेयर हरे निशान में और 4 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से अडाणी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा, इंफोसिस, यूपीएल और विप्रो में लगातार खरीदारी बनी हुई थी। दूसरी ओर श्री सीमेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड कॉरपोरेशन, एचडीएफसी और एशियन पेंट्स के शेयरों में लगातार बिकवाली का दबाव बना हुआ था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 119.15 अंक की सामान्य बढ़त के साथ 59,912.29 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती 15 मिनट के कारोबार में शेयर बाजार में लिवालों और बिकवालों के बीच खींचतान के कारण सेंसेक्स में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रही।

लेकिन इसके बाद लिवाल पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए। खरीदारी के सपोर्ट से सेंसेक्स ने तेजी से ऊपर चढ़ना शुरू कर दिया और कुछ ही देर में 60 हजार अंक के दायरे को पार कर गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 445.50 अंक की मजबूती के साथ 60,238.64 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## जरूरत के हिसाब से रखें क्रेडिट कार्ड, आपको कितने क्रेडिट कार्ड रखने चाहिए

नई दिल्ली। मेरे पास पांच क्रेडिट कार्ड हैं। हर कार्ड खास जरूरत से जुड़ा है। पहला एयर माइल्स कार्ड है जो मुफ्त एयर टिकट जैसे लाभ देता है। दूसरा ई-कॉमर्स शॉपिंग पर कैशबैक, तीसरा नो-कॉस्ट एटकके जरिए शॉपिंग और चौथा पेट्रोल रिवॉर्ड देता है। पांचवा कॉर्पोरेट चार्ज कार्ड है। सारे काड्र्स के बिल मैं हर माह पूरा चुका देता हूं। लेकिन क्या इतने कार्ड रखना सही है? बैंकबाजार के सीईओ आदिल शेट्? टी कहते हैं कि असल में किसी के पास कितने क्रेडिट कार्ड होने चाहिए, इसका कोई पैमाना नहीं है। आप जितने चाहें, उतने क्रेडिट कार्ड ले सकते हैं। इसमें सही या गलत जैसा कोई मामला नहीं है। समझदारी वाली बात ये है कि आप सभी काड्र्स का इस्तेमाल पूरी जिम्मेदारी से करें। अपनी जरूरतों को समझें। खर्चों का स्पष्ट ब्योरा रखें। यह आंकने की कोशिश करें कि कौन से कार्ड खर्चों के साथ बचत करने में मददगार साबित हो सकते हैं।

# पेज एक के शेष

### सुखाड़ से निपटने के लिए ..

पर्याप्त चारा मिले और पानी की किल्लत दूर हो, इस दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पूरा राज्य सुखाड़ के दंश को झेल रहा है, लेकिन राज्य सरकार गरीब किसानों के साथ है, मजदूरों को हर संभव मदद उपलब्ध करायी जाएगी।पशुधन को बढ़ाया जाएगा, पशुधन देकर किसानों को रोजगार से जोड़ना है। ग्रामीण इलाकों में अधिक से अधिक कैसे रोजगार का सृजन हो, इन सारी योजनाओं पर चर्चा हुई है। सुखाड़ के उन्मूलन की दिशा में ये सारे कदम मील का पत्थर साबित होगा।

**हर तीसरे-चौथे साल सुखाड़ की स्थिति :** कृषिमंत्री बादल ने बताया कि बैठक में अधिकारियों ने यह जानकारी दी कि इससे पहले वर्ष 2013-14, 2018-19 और 2022-23 में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हुई है। इस तरह यह देखने को मिलता है कि हर तीसरे-चौथे वर्ष में राज्य के विभिन्न हिस्सों में सुखाड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है, मौसम चक्र के प्रभाव से परेशानी हो रही है, इस तरह की स्थिति से निपटने पर आज की बैठक में गंभीर चर्चा हुई।

### सीएम आज करेंगे ....

डाटा बेस तैयार कर अंतरराष्ट्रीय मानक के साथ संसाधन उपलब्ध कराना, देशज एवं पारंपरिक खेलों को प्रोत्साहन देना, खेल पर्यटन को बढ़ावा देना एवं दिव्यांग खिलाड़ियों को भी समान अवसर प्रदान करना।

**खेल नीति से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण बिंदु :** खिलाड़ियों में प्रतिभा अभिवृद्धि के लिए पंचायत, प्रखंड, जिला और राज्य स्तर पर कार्य करने की योजना, खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने की योजना, खिलाड़ियों हेतु इन्श्योरेन्स की सुविधा, पूर्व खिलाड़ियों को पेंशन योजना का लाभ, राज्य के हर ब्लॉक में उच्च कोटी के खेल मैदानों का विकास, योजनाबद्ध तरीके से राज्य के खिलाड़ियों के लिए डे-बोर्डिंग, क्रीडा किसलय केंद्र, आवासीय खेल विकास केंद्र, एकलव्य खेल अकादमी का विकास करना, राज्य के सभी खिलाड़ियों के लिए देश का पहला खेल डिजिटल डेटाबेस तैयार करना, खेल विश्वविद्यालय की स्थापना करना, खिलाड़ियों को नौकरी और शिक्षण संस्थान में आरक्षण, झारखंड के खिलाड़ियों को राज्य स्तर की द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी में सीधी भर्ती, खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों हेतु सम्मान राशि, ग्रामीण खेल केंद्र, खेल अकादमी, खेल विश्वविद्यालय, खेल विज्ञान, खेल प्रतिभा खोज, खेल संरचना विकास, प्रशिक्षक विकास, फिजिकल फिटनेस प्रोग्राम, खेल ब्रांडिंग एवं पारदर्शिता के संबंध में भी खेल नीति 2022 में प्रावधान किया गया है।

**इन्हें भी मिलेगा सम्मान :** सर्वश्रेष्ठ पीएचई, पीटी शिक्षक एवं जमीनी स्तर के कोच के लिए पुरस्कार, पीटी शिक्षक एवं जमीनी स्तर के प्रशिक्षकों के लिए राज्य प्रतिभा पूल बनाना, खेल गतिविधियों और कम्युनिकेशन कौशल के संबंधित पीपीपी और प्रायोजकों को आकर्षित करना, फुटबॉल, हॉकी, आदि के लिए झारखण्ड प्रीमियर लीग का आयोजन, ग्रामीण स्तरीय खेल, पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देना, डोपिंग मुक्त खेल की दुनिया को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड में नेशनल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट कोड ऑफ इंडिया की तरह की कानूनों को लागू करना। खेल विभाग उन संगठनों को भागीदार बनाने का कार्य करेगा जो झारखंड में स्कूली बच्चों के स्पोर्ट्स डेवलपमेंट हेतु इच्छुक हैं। फुटबॉल, तीरंदाजी और एथलेटिक्स में रोड मैप के लिए विशेष पहल एवं राज्य में खेल वातावरण को बढ़ावा देने हेतु स्टेट स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फंड का निर्माण होगा।

### हिन्दू पक्ष करेगा ज्ञानवापी....

पूजन का मामला राखी सिंह और अन्य चार महिलाओं द्वारा वाराणसी के अदालत में दायर किया गया था। इसके विरुद्ध मुस्लिम पक्ष के अंजुमन इंतजाम या कमेटी के वकील सुप्रीम कोर्ट तक गए थे। तत्कालीन सिविल जज सीनियर डिविजन रवि कुमार दिवाकर ने कोर्ट कमिश्नर नियुक्त कर ज्ञानवापी का सर्वे कराने का आदेश दिया था। कमीशन की कार्यवाही के खिलाफ अंजुमन इंतेजामिया कमेटी ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी ,और मामले की पोषणीयता पर सवाल उठाए थे। 16 मई 2022 को सर्वे की कार्यवाही के बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर 23 मई 2022 से इस मामले में जिला कोर्ट में सुनवाई चल रही है। जून के आखिरी हफ्ते से लगातार इस मामले पर हिंदू पक्ष और मुस्लिम पक्ष के वकीलों द्वारा दलीलें पेश की जा रही थी। सोमवार को अदालत ने हिंदू पक्ष के हक में फैसला सुनाया।

**हिन्दू पक्ष की दलील:** जिला जज की अदालत में चार महिला वादियों की ओर से सर्वोच्च न्यायालय के वकील हरिशंकर जैन और विष्णु जैन पक्ष रखा। इसमें उन्होंने 26 फरवरी 1944 के गजट को फर्जी करार दिया और दलील दी थी कि यह धौरहरा बिंदु माधव मंदिर के लिए था। बादशाह आलमगीर ने हिंदू मंदिर तोड़कर मस्जिद बनाई।

वादिनी राखी सिंह के अधिवक्ता मानबहादुर सिंह की दलील थी कि मंदिर के स्ट्रक्चर पर मस्जिद का ढांचा खड़ा कर दिया गया। यह विशेष उपासना स्थल एक्ट से बाधित नहीं है। औरंगजेब आतताई था और मंदिर तोड़कर मस्जिद बनवाया, लेकिन मस्जिद के पीछे मंदिर का दीवार छोड़ दी। वक्फ मामले में दीन मोहम्मद के केस का भी हवाला दिया गया है।

### दिशोम गुरु के....

जबकि फरवरी 2022 के अंत तक शिकायत की कोई प्रति याचिकाकर्ता को प्रदान नहीं की गई।

**सीबीआई की रिपोर्ट में आरोप से संबंधित कोई साक्ष्य नहीं मिला :** जेएमएम केंद्रीय समिति के सदस्य सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि लोकपाल को सीबीआई द्वारा दी गयी अपनी तीन अलग-अलग जांच रिपोर्ट में याचिकाकर्ता निशिकांत दूबे द्वारा आरोप से सम्बंधित कोई साक्ष्य नहीं पाया गया। जस्टिस वर्मा ने इस मामले में लोकपाल और याचिकाकर्ता भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को भी नोटिस भेजा है।

**निशिकांत व बीजेपी की ओछी मानसिकता :** निशिकांत दूबे ने कहा कि यह बात सर्वविदित है कि भाजपा संवैधानिक संस्थाओं का गलत उपयोग कर रही है। और निशिकांत और भाजपा की ओछी मानसिकता और हरकतों से सभी वाकिफ हैं। एक आदिवासी मुख्यमंत्री द्वारा जनता की सेवा करना इन्हें कतई रास नहीं आ रहा है इसलिए सामंतवादी और मनुवादी सोच वाले इन भाजपा नेताओं द्वारा येन-केन-प्रकारेन कई प्रकार के हथकंडों को अपनाया जा रहा है। जिसमें वह हर बार विफल भी हो रहे हैं।

**मनुवादी व सामंतवादियों के खिलाफ संघर्षरत :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन की सम्पत्ति देश के करोड़ों मूलवासी-आदीवासी, दलित-शोषित लोगों की विश्वास एवं श्रद्धा है। इतने अकूत सम्पत्ति से समृद्ध प्रतीक पुरूष गुरुजी हर वख्त मनुवादी एवं सामंतवादियों के खिलाफ संघर्षरत रहे हैं एवं उनकी पहचान को बनाए रखे हैं। भाजपा और उनके सांसद यह कान खोल कर सुन लें कि झारखण्ड मुक्ति मोर्चा संकट के समय और भी मजबूत होती है और पार्टी के ऊपर प्रहार करने की मंशा वाले लोग नेस्तानाबुत हो जाते हैं।

**निशिकांत और भाजपा के तमाम षड्यंत्र को पड़ रही कानून की गहरी चोट :** सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि खुद को सर्वस्व समझना अंततः उसके पतन का सबब बन जाता है। ऐसा ही भाजपा के साथ हो रहा है। झारखंड में 2 साल से सत्ता सुख से दूर रहने का विरह भाजपा और सांसद निशिकांत, दोनों से झेला नहीं जा रहा है। कभी सरकार गिराने की साजिश, कभी विधायकों को खरीदने के प्रयास, कभी संवैधानिक संस्थाओं की मदद से झामुमो अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, सरकार के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ सुनियोजित षड्यंत्र, हर एक क्षेत्र में सांसद निशिकांत और भाजपा की तमाम कोशिशें चारों खाने चित्त हो रही है। एक ऐसे ही मामले में फिर से निशिकांत और भाजपा को मुंह की खानी पड़ी है।

### पालाजारी और रांची में मिले....

के कारण दूध पीने वाले बाछा/ बाछियों में यह बीमारी फैल जाती है। गर्भवती गाय, भैंस यदि इस रोग से संक्रमित हो गए हैं, तो जन्म लेने वाले उनके बच्चों में भी यह बीमारी जन्म से आ जाती है। संक्रमित सांढ़, भैंसा से गर्भधारण कराने पर अथवा संक्रमित सीमेन द्वारा एआई कराने पर भी यह रोग फैलता है। पशुओं के संक्रमित होने पर उनके आंख एवं नाक से स्राव शुरू होता है। तेज बुखार, दुग्ध उत्पादन में गिरावट तथा संक्रमित पशुओं के त्वचा पर गांठदार घाव उभर जाते हैं। लगभग पूरे शरीर की त्वचा पर 10 से 50 मिलीमीटर तक के गोलाकार गांठ उभर जाते हैं, जो कुछ समय पश्चात सूखा घाव में परिवर्तित हो जाता है। कभी-कभी संक्रमित पशुओं में निमोनिया का लक्षण भी पाया जाता है। मादा पशुओं में थनैला हो जाना आम बात है। इस बीमारी से मृत्यु दर लगभग 10% तक है।

### शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती....

शिष्य हैं। जानकारी के मुताबिक, स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद का मूलनाम उमाशंकर है। प्रतापगढ़ में प्राथमिक शिक्षा के बाद वे गुजरात चले गए थे। धर्मसम्राट स्वामी करपात्री जी महाराज के शिष्य पूज्य ब्रह्मचारी श्री रामचैतन्य जी के सान्निध्य और प्रेरणा से संस्कृत शिक्षा आरंभ हुई। स्वामी करपात्री जी के अस्वस्थ होने पर वह ब्रह्मचारी रामचैतन्य के साथ काशी चले आए। वहां स्वामी करपात्री जी के ब्रह्मलीन होने तक उन्हीं की सेवा में रहे। वहीं पर इन्हें पुरी पीठाधीश्वर स्वामी निरंजन-देवतीर्थ और ज्योतिष्पीठाधीश्वर स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती का दर्शन एवं सान्निध्य मिला।

**2003 में बने दंडी संन्यासी :** उन्हीं की प्रेरणा से नव्य व्याकरण विषय से काशी के संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में आचार्य पर्यंत अध्ययन किया। इस दौरान छात्र राजनीति में भी सक्रिय रहे। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्रसंघ के महामंत्री पद पर चुने गए। 15 अप्रैल, 2003 को उमाशंकर को दंड संन्यास की दीक्षा देकर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती नाम दे दिया गया। केदारघाट स्थित श्रीविद्यामठ की पूरी कमान संभालते हैं।

**प्रतिकार यात्रा और मंदिर बचाओ आंदोलन का किया नेतृत्व :** स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने 2015 में संतों पर लाठी चार्ज के विरोध में अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली थी। इसके पूर्व गंगा सेवा अभियान यात्रा काशी से निकाली। उन्होंने काशी में मंदिर बचाओ आंदोलन निकालकर देश भर के सनातन हिंदुओं को जागृत किया था। ज्ञानवापी में आदि विश्वेश्वर की पूजा के लिए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने अन्न जल त्याग कर धरना भी दिया था।

### रांची में स्विमिंग ....

स्टेडियम परिसर में बने रेसिडेंशियल कांप्लेक्स के चौथे माले पर गए और वहां से छलांग लगा दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास में मौजूद लोग मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में स्थानीय लोग उन्हें नजदीक के एक अस्पताल ले गए, जहां उन्हें भर्ती किया गया है। इस घटना में उनके शरीर के पीछे की हड्डी टूट गयी। छाती व शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें लगी है। चिकित्सकों के अनुसार कोच की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**प्रेमिका ने मोबाइल नंबर कर दिया था ब्लाक :** पुलिस के अनुसार बादल का किसी युवती के साथ प्रेम प्रसंग था। किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। युवती ने बादल के मोबाइल का नंबर को ब्लॉक कर दिया था। जिस कारण वह काफी परेशान था।

**अप्रैल से काम कर रहे थे बादल :** जयकुमार सिन्हा ने बताया कि बादल कुमार अप्रैल 2022 से स्वीमिंग पुल में बतौर कोच काम कर रहे थे। इस एवज में उन्हें वेतन भी जेएससीए की ओर से दिया जाता था। उनके इलाज का खर्च भी जेएससीए वहन कर रही है।

### 1932 की खतियान ....

**बाबूलाल मरांडी की डोमिसाइल नीति पर खूब हुआ था हंगामा :** सल 2002 में तत्कालीन भाजपा मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने जब राज्य की स्थानीयता को लेकर डोमिसाइल नीति लायी थी तो इसके पक्ष और विपक्ष में खूब प्रदर्शन हुए। कई जगहों पर झड़प हुई. कई लोगों की मौत भी हुई। बाद में झारखंड हाई कोर्ट ने इसे अमान्य घोषित करते हुए रद्द कर दिया।

**डोमिसाइल आंदोलन में 6 की हुई थी मौत :** 24 जुलाई 2002 को डोमिसाइल की बात को लेकर हुए संघर्ष में रांची में 6 लोग मारे गये थे। डोमिसाइल समर्थक और विरोधियों के बीच हुए संघर्ष की घटना के बाद शहर में कई दिनों तक तनाव रहा था। बाद में बाबूलाल मरांडी को सीएम पद से इस्तीफा तक देना पड़ा था।

**अर्जुन मुंडा ने नीति तय करने के लिए समिति बनायी :** इसके बाद अर्जुन मुंडा मुख्यमंत्री बने स्थानीय नीति तय करने के लिए बनाई गयी तीन सदस्यीय कमेटी ने एक रिपोर्ट पेश की। लेकिन इस बार आगे कुछ नहीं हो सका। वर्ष 2005 से लेकर 2014 तक बीजेपी के अलावा, जेएमएम-कांग्रेस-आरजेडी की भी सरकार रही, लेकिन स्थानीय नीति पर कोई फैसला नहीं हो पाया।

**रघुवर दास ने 1985 को कट ऑफ डेट मान नीति बनायी :** साल 2014 जब रघुवर दास के नेतृत्व में बीजेपी गठबंधन की सरकार बनी, तो रघुवर सरकार ने 2018 में राज्य की स्थानीयता कि नीति घोषित कर दी। जिसमें 1985 के समय से राज्य में रहने वाले सभी लोगों को स्थानीय माना गया। इस कट ऑफ डेट का जेएमएम समेत अन्य दलों ने विरोध किया। वहीं 2019 में सत्ता में आने पर सीएम हेमंत सोरेन ने इसमें बदलाव की घोषणा कर डाली।

**स्थानीय नीति से भाषा विवाद को भी मिला बल :** 1932 के खतियान और स्थानीय नीति की मांग से राज्य में भाषा विवाद भी उत्पन्न हो गया। प्रशासनिक सुधार और राजभाषा विभाग की ओर से 24 दिसंबर 2001 को भाषा को लेकर एक लिस्ट जारी की गई। झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से मैट्रिक और इंटर स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए जनजातीय के साथ ही क्षेत्रीय भाषाओं को भी जगह दी गई। क्षेत्रीय भाषा की सूची में बोकारो-धनबाद समेत अन्य जिलों में भोजपुरी और मगही को भी शामिल किया गया।लेकिन इस घोषणा के दूसरे ही दिन से कई आदिवासी संगठनों ने यह दावा किया कि इन दोनों जिलों में भोजपुरी-मगही बोलने वाले लोगों की संख्या काफी कम है, इसलिए क्षेत्रीय भाषा की सूची से इन्हें हटाया जाए। इसी तरह से रांची समेत राज्य के विभिन्न जिलों में भी भाषा विवाद भी उत्पन्न हो गया। जिसके बाद कार्मिक विभाग को इस सूची में संशोधन को लेकर फिर से आदेश जारी करना पड़ा। तब जाकर मामला शांत हुआ।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More "

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का इलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का इलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा इलाज



**CHAMBER**

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## न्यूज गैलरी

### यूक्रेन में ब्लैक आउट, जेलेंस्की ने कहा-रूस जिम्मेदार



**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा है कि यूक्रेन में ब्लैक आउट के लिए रूस जिम्मेदार है। रूस का इरादा जवाबी हमले का बदला लेने के लिए बिजली कटौती कर लोगों को रोशनी और गर्मी से वंचित करना है। जेलेंस्की ने रूस पर सोशल मीडिया पर अपनी पोस्ट में नागरिक बुनियादी ढांचे को लक्षित करके आतंकवादी कृत्य को अंजाम देने का आरोप लगाया। जेलेंस्की का कहना है कि ब्लैक आउट से खार्किव सहित पूर्वी क्षेत्रों में करीब 90 लाख लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। खार्किव के मेयर इहोर तेरखोव ने कहा कि नागरिक बुनियादी ढांचे पर रूसी सेना के हमले से शहर में बिजली और पानी की आपूर्ति ठप हो गई है। पड़ोसी सूमी क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि अकेले एक जिले में 130 से अधिक बस्तियां बिजली के बिना हैं।

### एस जयशंकर की सऊदी अरब यात्रा संपन्न



**रियाद (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर की सऊदी अरब की पहली सरकारी यात्रा सोमवार को संपन्न हो गयी। डॉ. जयशंकर ने रविवार शाम जेद्दा में सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से मुलाकात की। उन्होंने प्रिंस सलमान को आगामी 23 सितंबर को सऊदी अरब के राष्ट्रीय दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर बधाईपत्र सौंपा और उन्हें यथाशीघ्र भारत आने का निमंत्रण दिया। इससे पहले डॉ. जयशंकर ने रियाद में सऊदी अरब के विदेश मंत्री फैसल बिन फरहान अल सऊद से मुलाकात की तथा दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की और क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

### बंगलादेश विश्व शांति को कायम रखेगा : शेख हसीना



**ढ़ाका (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री शेख हसीना ने सोमवार को कहा है कि बंगलादेश विश्व शांति को कायम रखने में हमेशा मदद करेगा। श्रीमती हसीना ने कहा कि यह हमारी संवैधानिक जिम्मेदारी है कि बंगलादेश हमेशा विश्व शांति को बनाए रखने में सहायक होगा। उन्होंने कहा कि हमारी सेना संयुक्त राष्ट्र के तहत वैश्विक शांति अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। हमारा उद्देश्य इसे कायम रखना है।

ग्रेटर नोएडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डेयरी सम्मेलन का उद्घाटन, बोले पीएम मोदी

# 'मोनोकल्चर' खेती की समस्याओं का समाधान नहीं, इसमें विविधता जरूरी है

**गौतमबुद्धनगर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री ने विश्व समुदाय से खेती की वैज्ञानिक एवं पारंपरिक विधियां अपनाकर कृषि क्षेत्र को विविधतापूर्ण तरीके से आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा है कि एक ही तरह की पद्धति पर आधारित 'मोनोकल्चर' खेती की समस्याओं का समाधान नहीं है। मोदी ने सोमवार को उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर के ग्रेटर नोएडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डेयरी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि खेती की समस्याओं के लिये 'मोनोकल्चर' ही एकमात्र समाधान नहीं है, बल्कि इसमें विविधता बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह बात पशुपालन पर भी लागू होती है। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केन्द्रीय मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला और अंतरराष्ट्रीय डेयरी संघ के प्रतिनिधि तथा विभिन्न देशों से आये विशेषज्ञ भी मौजूद थे। चार दिन तक चलने वाले इस सम्मेलन का भारत में 48 साल बाद आयोजन हो रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने 50 देशों से आये प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा, 'खेती में मोनोकल्चर ही समाधान नहीं है, बल्कि विविधता बहुत आवश्यकता है। ये पशुपालन पर भी लागू होता है। इसलिए आज भारत में देसी नस्लों और हाइब्रिड नस्लों, दोनों पर ध्यान दिया जा रहा है। इस दौरान उन्होंने भारत में विषमतम जलवायु परिस्थितियों में सहजता से पालने योग्य दुधारु पशुओं की देसी नस्लों का जिक्र करते हुए गुजरात के कच्छ इलाके की बन्नी भैंस की खूबियों का उल्लेख किया।



उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर डेयरी सेक्टर, न सिर्फ विश्व अर्थतंत्र को मजबूती देता है, बल्कि करोड़ों परिवारों की आजीविका को भी बल देता है। मोदी ने कहा कि भारत के डेयरी क्षेत्र की पहचान अत्यधिक दुग्ध उत्पादन (मास प्रोडक्शन) करने से ज्यादा, बहुतायत में लोगों द्वारा दुग्ध उत्पादन करने (प्रोडक्शन बाइ मासिस) वाले देश की है। इसीलिये भारत का डेयरी क्षेत्र सहकारी मॉडल पर आधारित है, जिसकी मिसाल दुनिया में कहीं और नहीं मिलती है। इस कारण बिचौलियों के अभाव में भारत के दुग्ध उत्पादकों को अधिकतम लाभ मिल पाता है।

मोदी ने भारत के पशुपालन क्षेत्र में नारी शक्ति के अग्रणी योगदान को विश्व फलक पर ले जाने की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा, भारत के डेयरी सेक्टर में 70 प्रतिशत नारी शक्ति का प्रतिनिधित्व है।

### डेयरी किसानों के जीवन में बदलाव लाने में जुटी है यूपी सरकार : योगी

**योगी** आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य में डेयरी किसानों की सहूलियतों में इजाफा कर इनके जीवन में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिये उनकी सरकार सतत प्रयास कर रही है। योगी ने सोमवार को यहां ग्रेटर नोएडा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय डेयरी सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में अगले साल जनवरी में 'ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट' का आयोजन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में डेयरी सेक्टर से जुड़े उद्योगों को खास तौर से बढ़ावा देने पर जोर दिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि डेयरी क्षेत्र से जुड़े किसानों एवं पशुपालकों के जीवन में परिवर्तन लाने और उन्हें रोजगार सृजन के साथ निवेश की संभावनाओं से जोड़ने पर काम किया जा रहा है।

## मूसेवाला हत्याकांड मामले में एनआईए का कई ठिकानों पर छापा



**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या से जुड़े संदिग्ध आतंकी गिरोहों की तलाश के सिलसिले में सोमवार को दिल्ली समेत पांच राज्यों में विभिन्न स्थानों पर छापे मारे। एनआईए सूत्रों के मुताबिक दिल्ली में झरोदाकलां एवं अलीपुर तथा अन्य इलाकों में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई, काला जठेड़ी, टिल्लू ताजपुरिया और नीरज बवानिया के ठिकानों पर छापे मारे गये। यह कार्रवाई हरियाणा, पंजाब, राजस्थान सहित अन्य राज्यों में भी जारी है। हाल ही में मूसेवाला मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने लॉरेंस बिश्नोई-गोल्डी बरार (कनाडा स्थित गैंगस्टर) गिरोह के तीन शार्पशूटरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह भी पता चला है कि ये तीनों आरोपी कुलदीप उर्फ कशिश और प्रियवर्त उर्फ फौजी के सीधे संपर्क में रहने के लिए कुछ ऐप का इस्तेमाल कर रहे थे। जांच के दौरान, यह पता चला कि वे गोल्डी बरार के नियमित संपर्क में भी थे, जिन्होंने कथित तौर पर 29 मई की हत्या के लिए रसद सहायता, ठिकाने और हथियार प्रदान किए थे।

## सरकार देश में मजबूत लॉजिस्टिक तंत्र बनाने के लिए प्रतिबद्ध : राजनाथ सिंह

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा क्षेत्र में लॉजिस्टिक की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा है कि सरकार सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए देश में आत्मनिर्भर तथा मजबूत लॉजिस्टिक प्रणाली बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। श्री सिंह ने सोमवार को यहां सेना द्वारा आयोजित पहले लॉजिस्टिक सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के साथ साथ मजबूत लॉजिस्टिक तंत्र देश की अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण जरूरत है। उन्होंने कहा कि रोजमर्रा की जिंदगी में ही लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रंखला प्रबंधन की भूमिका को किसी भी तरीके से नजरंदाज नहीं किया जा सकता। रक्षा मंत्री ने कहा , ह्व भारत दुनिया की पाँचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और 50 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भविष्य में चाहे रणक्षेत्र हो अथवा सिविल सेक्टर, लॉजिस्टिक तंत्र का महत्व बढने वाला ही है। उन्होंने कहा, किसी देश की अर्थव्यवस्था को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए एक मजबूत, सुरक्षित और त्वरित लॉजिस्टिक आपूर्ति प्रणाली महत्त्वपूर्ण आवश्यकता होती है। डिफेन्स सेक्टर में भी लॉजिस्टिक की भूमिका अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। पिछले तीन वर्षों में रक्षा मंत्रालय में जो नीतिगत परिवर्तन हुए हैं, उसमें तीनों सेनाओं के बीच एकीकरण एक प्रमुख आयाम है।



## सीएए को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अब 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर 31 अक्टूबर को सुनवाई करेगा। सुनवाई की सुविधा के लिए सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि 200 से अधिक याचिकाओं में लिखी बातों का वर्गीकरण हो। चीफ जस्टिस यूयू ललित और जस्टिस एस रविंद्र भट्ट की बेंच ने कहा कि सॉलिसीटर जनरल का दफ्तर चार हफ्ते में ऐसा करके सभी मुद्दों पर जवाब दे। इसके बाद दो हफ्ते में मुख्य मामलों की सूची बने। कोर्ट ने कहा कि असम के मामले अलग से सुने जाएंगे।

## अमेरिकी निवेशकों से भारतीय सड़क निर्माण क्षेत्र में गडकरी ने निवेश करने का किया आह्वान

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अमेरिका के निवेशकों से भारत में सड़कों और राजमार्ग परियोजनाओं में निवेश करने का आह्वान करते हुए कहा है कि इस क्षेत्र में किया गया उनका निवेश सोने की खान साबित होगा। श्री गडकरी ने सोमवार को यहां वर्चुअल माध्यम से इंडो-अमेरिकन चैंबर ऑफ कॉमर्स के 19वें भारत-अमेरिका आर्थिक शिखर सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत और अमेरिका दुनिया के दो प्रमुख लोकतंत्र है और दोनों के बीच मजबूत संबंध हैं और परस्पर विकास में योगदान करने के लिए दोनों के पास बहुत कुछ है। दोनों देशों के बीच सामाजिक, आर्थिक और सामरिक मोर्चे पर परस्पर विश्वास, सम्मान और सहयोग का भाव रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार के सम्मेलन का विषय- अगले 25 वर्षों के लिए नया एजेंडा है जो इस अवधि में दोनों देशों के बीच के संबंधों को मजबूत करने का रोडमैप तैयार करेगा। भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में सड़क अवसंरचना की भूमिका को अहम बताते हुए उन्होंने कहा कि हमारे यहां 70 फीसदी माल और लगभग 90 प्रतिशत यात्री यातायात के लिए सड़क नेटवर्क का इस्तेमाल करते हैं। साल 2014 तक हमारे पास लगभग 91,000 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क था जो वर्तमान में बढ़कर 1.47 लाख किलोमीटर हो गया है और 2025 तक राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क दो लाख किलो मीटर तक बढ़ जाएगा।



## चार्ल्स तृतीय का संसद में पहला भाषण, मां को किया याद

**लंदन (एजेंसी)।** ब्रिटिश सम्राट बनने के बाद चार्ल्स तृतीय ने पहली बार संसद को संबोधित किया। उन्होंने इतिहास के महत्व को रेखांकित करने के साथ अपनी दिवंगत मां को भी याद किया। ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के बाद उनके पुत्र चार्ल्स तृतीय को ब्रिटेन का नया सम्राट बनाया गया है। सोमवार को उन्होंने ब्रिटेन के सम्राट के रूप में पहली बार संसद को संबोधित किया। उनके संबोधन के दौरान नौ सौ ब्रिटिश सांसद मौजूद थे। अपने पहले संबोधन में उन्होंने इतिहास के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि संसद हमारे लोकतंत्र का जीवंत तंत्र है। अपनी मां का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वे अपनी 'प्रिय दिवंगत मां' के बताए रास्ते पर चलेंगे, जिन्होंने दुनिया के सामने निःस्वार्थ सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया है। सम्राट चार्ल्स तृतीय ने कहा कि पूरी जिंदगी महारानी और उनकी प्यारी मां, उनके तथा उनके पूरे परिवार के लिए प्रेरणास्रोत और मिसाल रहीं। वे उनके प्यार, लगाव, मार्गदर्शन, समझ और मिसाल बनने के लिए दिल से कर्जदार हैं, जैसा कि कोई भी परिवार अपनी मां के लिए होता है। उन्होंने मां की तरह ही आजीवन सेवा का वादा कर संकल्प लिया कि जीवनभर निष्ठा, सम्मान और प्यार के साथ देश सेवा की कोशिश करेंगे। संसद में संबोधन के बाद 73 वर्षीय सम्राट चार्ल्स तृतीय एडिनबर्ग पहुंचकर दिवंगत रानी के ताबूत के पीछे एक शाही जुलूस का नेतृत्व करेंगे। ताबूत 24 घंटे के लिए गिरजाघर में रखा जाएगा ताकि जनता उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सके।








अयोध्या राममंदिर ट्रस्ट का बड़ा फैसला

# परिसर में बनाये जायेंगे 10 और मंदिर... 2024 मकर संक्राति पर विराजमान होंगे रामलला

**अयोध्या (एजेंसी)।** अयोध्या राममंदिर ट्रस्ट ने परिसर में 10 और मंदिर बनाने का फैसला किया है। मंदिर के बजट में भी 1800 करोड़ का इजाफा किया गया है। वहीं बतयाा गया है कि साल 2024 में 14 जनवरी को मकर संक्राति मौके पर रामलला अपने गर्भगृह में प्रवेश करेंगे। मंदिर निर्माण के लिए गठित संस्था श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने यह जानकारी दी। बता दें कि उच्चतम न्यायालय के आदेश पर राम मंदिर निर्माण के लिए गठित किए गए ट्रस्ट ने यहां चली लंबी बैठक के बाद ट्रस्ट के नियम और कायदों को अनुमोदन दिया ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि फैजाबाद सर्किट हाउस में आयोजित इस बैठक में ट्रस्ट के सदस्यों ने सर्वसम्मति से यह फैसला किया कि राम जन्मभूमि परिसर में हिंदू धर्म से जुड़ी महान विभूतियों और साधु-संतों की प्रतिमाओं को भी स्थान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञों द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर लगाए गए ट्रस्ट के अनुमान के मुताबिक राम मंदिर निर्माण पर 1800 करोड़ रुपए खर्च होंगे। राय ने बताया कि लंबे अरसे तक सोच विचार और राम मंदिर निर्माण से जुड़े सभी लोगों के तमाम सुझावों पर आज की बैठक में ट्रस्ट से जुड़े नियम कायदों और बाइलॉज को अंतिम रूप दिया गया उन्होंने बताया कि इस बैठक में ट्रस्ट के 15 में से 14 सदस्यों ने हिस्सा लिया जिनमें निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र, ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास, कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरी, उडुपी पीठाधीश्वर विश्व तीर्थ प्रसन्नाचार्य प्रमुख रूप से शामिल थे।

